वर्ष 69 ▸ अंक 131 ▸ पृष्ठ 12
भोपाल, रविवार 08 फरवरी, 2026
फाल्गुन कृष्ण पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
महानगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### नासा को मिला प्लैटिनम सोने से भरा उल्कापिंड!



*अंतरिक्ष एजेंसी नासा को सौरमंडल में एक बेहद खास और रहस्यमय उल्कापिंड मिला है, जिसका नाम 16 सायकी है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह उल्कापिंड सोना, प्लैटिनम, निकल और लोहे जैसे बहुमूल्य धातुओं से भरपूर हो सकता है। इसे लेकर यह दावा भी सामने आया है कि अगर इसके संसाधनों को धरती पर लाया जा सके, तो सैद्धांतिक रूप से दुनिया का हर इंसान अरबपति बन सकता है। 16 सायकी का व्यास करीब 278 किलोमीटर और लंबाई लगभग 231 किलोमीटर है। देखने में इसका आकार आलू जैसा बताया जाता है। यह उल्कापिंड मंगल और बृहस्पति ग्रह के बीच सूर्य की परिक्रमा करता है। इस उल्कापिंड की खोज 1852 में इटली के खगोलशास्त्री एनिबाले डी गैस्पारिस ने की थी। लंबे समय तक इसे एक सामान्य पत्थरनुमा एस्टेरॉयड माना जाता रहा।*

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकार वार्ता में की आईटीए की घोषणा, आज से अमेरिकी टैरिफ 18%

# भारत अमेरिका में अंतरिम व्यापार समझौता, कृषि-डेयरी क्षेत्र संरक्षित

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** भारत और अमेरिका के बीच एक अहम अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) की रूपरेखा पर सहमति बन गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि इस ढांचे के तहत भारतीय निर्यातकों को 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) की अमेरिकी अर्थव्यवस्था तक बेहतर पहुंच मिलेगी। अंतरिम व्यवस्था के तहत भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ शनिवार से लागू हो गया है। हालांकि, समझौता अंतिम रूप लेने के बाद अमेरिका कई उत्पादों पर यह शुल्क पूरी तरह हटाने पर सहमत हो गया है। इसके अलावा, पहले लगाए गए 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को भी अमेरिका ने वापस ले लिया है।

इस समझौते से खास तौर पर एमएसएमई, किसान और मछुआरों को बड़ा लाभ होने की उम्मीद है। इसे भविष्य में होने वाले भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में एक अहम पड़ाव माना जा रहा है। इस पहल की नींव फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच शुरू हुई व्यापार वार्ताओं से पड़ी थी। यह अंतरिम समझौता एक ब्रिज डील की तरह काम करेगा, जिससे दोनों देशों को तुरंत कुछ व्यापारिक लाभ मिल सकें, जबकि व्यापक और कानूनी रूप से बाध्यकारी पूर्ण व्यापार समझौते पर बातचीत जारी रहेगी। प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते में वस्तुओं के साथ-साथ सेवाएं, सप्लाई चेन और डिजिटल ट्रेड जैसे क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा।

पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में शून्य (जीरो) ड्यूटी पर निर्यात होंगे, जबकि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। इससे किसानों और मछुआरों को बड़ा लाभ होगा। गोयल ने स्पष्ट किया कि समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है।

पीयूष गोयल ने बताया कि दोनों देश ऐसे नियम तय करेंगे ताकि समझौते का लाभ मुख्य रूप से भारत और अमेरिका को ही मिले। साथ ही नॉन-टैरिफ बैरियर्स (जो शुल्क नहीं होते, पर व्यापार में अड़चन बनते हैं) हटाने पर खास फोकस होगा। इस अंतरिम समझौते के बाद जेनेरिक दवाएं, रत्न-हीरे, विमान पार्ट्स जैसे चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफ लगेगा। साथ ही एमएसएमई, किसान, मछुआरे, महिलाएं और युवा उद्यमियों के अलावा टेक्सटाइल, चमड़ा-फुटवियर, प्लास्टिक-रबर, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी संबंधी निर्यात को लाभ मिलने की उम्मीद है। विमान पार्ट्स पर सेक्शन 232 छूट और ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ-रेट कोटा लगने की भी बात कही गई है।




- **जीएम फूड पर रोक:** भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं।
- **जीरो टैरिफ निर्यात:** मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम, कुछ फल-सब्जियां और चुनिंदा बेकरी उत्पाद पर जीरो ड्यूटी।
- **2030 का लक्ष्य:** यह द्विपक्षीय समझौता 2030 तक भारत-अमेरिका व्यापार को 50 हजार करोड़ डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखता है।

**मेडिकल डिवाइसेज:** कीमत तय करने, रजिस्ट्रेशन में देरी जैसी पुरानी दिक्कतें दूर होंगी, जिससे भारतीय अस्पतालों व मरीजों को बेहतर और सस्ती तकनीक मिल सकेगी।

**आईसीटी उत्पाद:** आयात लाइसेंस प्रक्रिया को सरल और तेज किया जाएगा, ताकि अमेरिकी आईटी/टेक उत्पादों की बाजार पहुंच आसान हो और भारत में भी उपकरण सस्ते मिलें।

**5 साल में अमेरिका से 500 अरब की खरीद:** भारत ने अगले 5 सालों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य के उत्पाद खरीदने की घोषणा की है, इनमें एनर्जी प्रोडक्ट्स, विमान और विमान के पार्ट्स, कीमती धातुएं, टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स और कोकिंग कोल शामिल हैं।

**सप्लाई चेन होगी मजबूत:** फ्रेमवर्क जल्द लागू होगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। आगे चलकर मार्केट एक्सेस बढ़ाने, सप्लाई चेन मजबूत करने और ट्रेड बैरियर घटाने जैसे प्रावधान शामिल होंगे।

**टैरिफ समायोजन की गुंजाइश:** दोनों देश चुनिंदा क्षेत्रों में नियमों पर चर्चा करेंगे ताकि अनुपालन आसान हो। यदि भविष्य में कोई देश टैरिफ बदलेगा, तो दूसरा देश भी अपने वादों में संशोधन कर सकता है।

**कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क घटाया:** पीयूष गोयल कहा है कि कृषि और डेयरी सेक्टर पूरी तरह संरक्षित हैं। हालांकि, कुछ गैर-संवेदनशील अमेरिकी कृषि/खाद्य उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने या खत्म करने पर सहमति दी है। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स (डीडीजीएस), पशु-चारे के लिए रेड सोरघम, ड्राई फ्रूट्स, ताजे व प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन ऑयल, वाइन और स्पिरिट्स शामिल हैं।

### रूस से तेल खरीद पर निगरानी करेगा अमेरिका

समझौते में अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि यदि भारत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस से तेल का आयात करता है, तो अमेरिका उस पर कड़ी नजर रखेगा और आवश्यक होने पर अतिरिक्त कार्रवाई कर सकता है। कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि वाणिज्य, विदेश और वित्त विभाग के सचिव, किसी अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ समन्वय में यह निगरानी करेंगे कि क्या भारत रूसी तेल का आयात फिर से शुरू करता है। यदि वाणिज्य मंत्री यह निष्कर्ष निकालते हैं कि भारत ने रूसी तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात दोबारा शुरू किया है, तो परामर्श के बाद यह तय किया जाएगा कि भारत के संबंध में अतिरिक्त कदम उठाने की जरूरत है या नहीं। आदेश में यह भी कहा गया है कि संभावित कदमों में भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ को फिर से लागू करने का विकल्प शामिल हो सकता है।



भारत ने अमेरिका के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौता किया और दुग्ध किसानों के हितों की रक्षा की!

# रीवा में ऑडी की टक्कर से पिता-बेटे व भांजी की मौत


शिवम छोटा बेटा | भागवत पिता | शीतला भांजी

**जागरण, रीवा।** रीवा-मनगवां हाईवे पर रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के कोष्टा गांव के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार पिता, बेटे और भांजी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ऑडी रीवा से मनगवां की ओर जा रही थी। बाइक सवारों ने सड़क क्रॉस करने की कोशिश में मोड़ लिया, इस बीच पीछे से आ रही ऑडी ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार हवा में कई फीट ऊपर उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में जान गंवाने वालों में भागवत और उनका छोटा बेटा शिवम और भागवत की भांजी शीतल विश्वकर्मा (निवासी रतहरा रीवा) शामिल हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं। दुर्घटना के बाद पुलिस ने ऑडी कार जब्त कर ली है, जबकि हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने बाद में यातायात को सुचारू रूप से बहाल कराया।

### बेटे की शादी का कार्ड चढ़ाने निकले थे भागवत

मृतक भागवत के बड़े बेटे शुभम विश्वकर्मा की शादी आगामी 25 फरवरी को तय थी। भागवत अपने परिवार के सदस्यों के साथ बेटे की शादी का पहला निमंत्रण पत्र (कार्ड) भगवान को चढ़ाने के लिए चिरौला मंदिर जा रहे थे। हादसे के बाद जिस घर में शहनाइयां बजने वाली थीं, वहां अब मातम का सन्नाटा है। हादसे की सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान और समान थाना पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

**टीकमगढ़:** अवैध खनन का मामला

### माइनिंग टीम पर हमला इंस्पेक्टर का सिर फोड़ा



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची खनिज विभाग की टीम पर लोगों ने हमला कर दिया गया। इस दौरान एक इंस्पेक्टर के सिर पर गंभीर चोट आई है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसके बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। खनिज विभाग की टीम अवैध मुरम का खनन रोकने मौके पर पहुंची थी। खनिज अधिकारी विपुल रावत के मुताबिक, मिनौरा गांव के पास भेड़ फार्म की पहाड़ी पर अवैध खनन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर खनिज विभाग की टीम वहां पहुंची। टीम देखते ही खनन में लगे लोग ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे। अफरा-तफरी में एक मजदूर गिर पड़ा, उसके सिर में चोट आई। खनिज विभाग की टीम जब्त किया ट्रैक्टर लेकर लौट रही थी, तभी बाइक और स्कूटर से चार लोग मौके पर पहुंचे। इन्होंने ट्रैक्टर के सामने अपने वाहन खड़े कर दिए। देखते ही देखते मामला हाथापाई तक पहुंच गया। हमलावरों के हाथों में लोहे की रॉड और लट्ठ बताए जा रहे हैं। मारपीट के दौरान खनिज निरीक्षक कुलदीप जैन के सिर में गंभीर चोट आई। झड़प में एक मजदूर भी घायल हुआ है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### टी-20 वर्ल्ड कप में आज

**अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड**
समय : सुबह 11.00 बजे से

**इंग्लैंड बनाम नेपाल**
समयः दोपहर 3.00 बजे से

**आयरलैंड बनाम श्रीलंका**
समयः शाम 7.00 बजे से

प्रसारणः जियो हॉट स्टार और स्टार स्पोर्ट्स

राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन में बोले सीएम

# दलहन आत्मनिर्भरता मिशन में केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा प्रदेश



**प्रदेश में स्थापित होंगी 55 दाल मिलें**

इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना देश का लक्ष्य है। मिशन के तहत दलहन क्लस्टर बनेंगे, प्रगतिशील किसानों को 10 हजार रुपये/हेक्टेयर प्रोत्साहन मिलेगा और दाल मिल लगाने पर 25 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। देशभर में 1000 दाल मिलें स्थापित होंगी, जिनमें 55 मध्यप्रदेश में होंगी।

**भोपाल/सीहोर, जेएनएन।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन को सफल बनाने के लिए मध्यप्रदेश केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि दालें प्रोटीन का सबसे बड़ा स्रोत हैं, इसलिए उत्पादकता और पोषण बढ़ाने की दिशा में आगे आएं। सीहोर जिले के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श एवं रणनीति सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रदेश की उपजाऊ धरती, समृद्ध जल संसाधन और अनुकूल जलवायु हमारी ताकत हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा दाल उत्पादक और उपभोक्ता देश है तथा दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश पहले स्थान पर है। इसलिए मिशन का सबसे अधिक लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा। उन्होंने सिंचाई विस्तार और जल संरक्षण पर जोर देते हुए बताया कि सरकार आने के बाद प्रदेश में 44 लाख हेक्टेयर सिंचाई रकबा बढ़ा है। केन-बेतवा राष्ट्रीय लिंक और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं से सिंचाई का दायरा और बढ़ेगा। लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में प्रदेश का सिंचाई रकबा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि भावांतर भुगतान योजना से सोयाबीन किसानों को 1500 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खातों में पहुंच चुकी है।

**टिशू कल्चर प्रयोगशाला का लोकार्पण**

इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय शुष्क क्षेत्र कृषि अनुसंधान केंद्र, सीहोर के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन, प्रशिक्षण केंद्र और अत्याधुनिक प्लांट टिशू कल्चर प्रयोगशाला का लोकार्पण भी हुआ। साथ ही राष्ट्रीय दलहन मिशन पोर्टल का शुभारंभ और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बुलेटिन व इकार्डा की पुस्तिका का विमोचन किया गया।

**इंडीड रिपोर्ट** प्रोफेशनल युवा विदेश में जाकर बसने से कर रहे हैं परहेज

# 61% भारतीय चाहते हैं ग्लोबल रिमोट जॉब्स

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय प्रोफेशनल्स के करियर विकल्पों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। ग्लोबल जॉब मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इंडीड की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के 61 फीसदी प्रोफेशनल्स अब विदेश जाकर बसने के बजाय ग्लोबल रिमोट भूमिकाओं को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि यह बदलाव मुख्य रूप से वीजा नियमों के सख्त होने, बढ़ती जटिलताओं और अंतरराष्ट्रीय मोबिलिटी से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण आया है। अध्ययन में शामिल 49 फीसदी प्रतिभागियों ने कहा कि यदि उनका पसंदीदा वीजा मार्ग उपलब्ध नहीं होता, तो वे भारत से ही काम जारी रखना पसंद करेंगे।

इससे स्पष्ट है कि करियर की वैश्विक आकांक्षाएं बनी हुई हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के तरीके बदल रहे हैं। हालांकि, यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय करियर से विमुखता का संकेत नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, 44 फीसदी उत्तरदाताओं ने माना कि वे अब भी अंतरराष्ट्रीय करियर को महत्व देते हैं।

### 552 नियोक्ता रहे अध्ययन में शामिल

**1,019** कर्मचारियों के अनुभव पर आधारित है यह रिपोर्ट

**49** फीसदी प्रतिभागी बोले, पसंदीदा वीजा नहीं मिला, तो भारत में काम पसंद करेंगे



**44** फीसदी अब भी अंतरराष्ट्रीय करियर को महत्व देते हैं

**51** फीसदी प्रोफेशनल्स शुरुआती दौर में मानते हैं विदेश में काम को फायदेमंद

**कम आकर्षक नहीं ग्लोबल करियर**

“ग्लोबल करियर कम आकर्षक नहीं हुए हैं; वे बस कम 'लिनियर' हो गए हैं। हम 'पहले शिफ्ट करो, फिर करियर बनाओ' से 'पहले तैयारी करो, फिर शिफ्ट करो या बिल्कुल न भी करो' की ओर बढ़ते देख रहे हैं।

**- सशी कुमार**, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंडीड इंडिया

**अनिश्चितता सबसे बड़ा कारक**

रिपोर्ट का एक अहम निष्कर्ष यह भी है कि अनिश्चितता तेजी से बढ़ी है। महज 15 फीसदी प्रोफेशनल्स ने कहा कि उन्हें वीजा नियमों की स्पष्ट समझ है। यानी बहुसंख्यक प्रतिभागी इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि वे कब और कैसे विदेश जा पाएंगे। यह अनिश्चितता अर्ली और मिड-करियर टैलेंट पर सबसे ज्यादा असर डालती है, जहां समय और स्थिरता बेहद अहम होती है।



धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

# हितानंद के जाने से रुके कामों पर जामवाल की नजर

## प्रदेश कार्यालय में मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष व पदाधिकारियों की ली बैठक, योजनाओं व कार्यक्रमों पर दिया जोर

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश संगठन महामंत्री पद से हितानंद शर्मा की रवानगी के बाद से संगठन के कार्यों में लगे विराम को हटाने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मैदान में आ गए हैं। भोपाल पहुंचकर जामवाल और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल दिनभर बैठकों में व्यस्त रहे। जामवाल निचले स्तर तक संदेश देने की कोशिश में जुटे रहे कि संगठन मंत्री के न रहने से कोई भी काम रुकना नहीं चाहिए। हितानंद के जाने के बाद संगठन के जो कार्य और अभियान रुक गए हैं, उन्हें पूरी गति से शुरू किया जाए। रुके हुए महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा कर दोनों नेताओं ने संभाल स्तर तक पार्टी के अभियानों और नए कार्यक्रमों की जानकारी दी। दोनों नेताओं ने मार्च में जिला और मंडल स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए।

प्रदेश भाजपा के प्रभारी संगठन महामंत्री के तौर पर पहली बार भोपाल आए जामवाल प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल के साथी प्रदेश कार्यालय पहुंचे। दोनों नेताओं ने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही सभी मोर्चा पदाधिकारियों के अलावा संभागीय प्रभारियों की अलग-अलग बैठक ली। उन्होंने सबसे पहले प्रदेश पदाधिकारियों और मोर्चा प्रदेशाध्यक्षों की बैठक लेकर संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक रुके हुए संगठनात्मक कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इनके साथ ही क्षेत्रीय संगठन महामंत्री और बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने संभागीय प्रभारियों की बैठक लेकर पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए

### जामवाल पहुंचे बीजेपी दफ्तर, प्रदेश अध्यक्ष के साथ मीटिंग, मार्च में जिला और मंडल स्तर पर होंगे प्रशिक्षण, योजनाओं के प्रचार प्रसार पर फोकस होगा



सभी को सक्रिय किया। दोनों नेताओं ने मुख्य रूप से अगले माह होने वाले प्रशिक्षणों पर जोर दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला और मंडल स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। संभागीय व मोर्चा पदाधिकारियों से भी जामवाल व खंडेलवाल ने संगठनात्मक कार्यक्रमों में तेजी लाने को कहा। संभागीय प्रभारियों के बाद दोनों नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 और विकसित भारत बजट की प्रदेश टोली की बैठक भी ली। इन योजानाओं व कार्यों पर रहा जोर सभी बैठकों में दोनों नेताओं ने रुके हुए संगठनात्मक कार्यों जैसे जिला कार्यकारिणी, मोर्चों की कार्यकारिणी, मंडल अध्यक्षों की घोषणा व मंडलों की कार्यकारिणी जल्द से जल्द घोषित करना प्रमुख रहे। वहीं पार्टी के प्रशिक्षण कार्यक्रमों, केंद्रीय बजट की खूबियां और वीबी जी रामजी योजना का गांवो तक प्रचार-प्रसार करने पर संगठन का जोर रहा। इनके अलावा विभिन्न अभियानों की गति बढ़ाने और सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

### सक्रियता से दें कांग्रेस के दुष्प्रचार का जवाब

बैठक में केंद्रीय बजट को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने कहाकि बजट को लेकर कांग्रेस प्रदेश भर में नकारात्मक बातें फैली रही है। हमारी सरकार द्वारा बजट के माध्यम से हर वर्ग के विकास का रोडमैप तैयार किया है, जो देश को नई दिशा देगा। निचले स्तर तक बजट के फायदे और खूबियों का अध्ययन कर कांग्रेस के दुष्प्रचार का सक्रियता के साथ जवाब दें। इसके लिए विकसित भारत बजट के नाम से प्रदेश टोली भी बनाई गई है।

### बैठकों के बाद जिला प्रभारियों की घोषणा

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल द्वारा ली गई बैठकों के तत्काल बाद ही रुके हुए कार्यों को गति भी मिल गई। इसकी शुरूआत जिला प्रभारियों की सूची से की गई है। यह सूची संगठन महामंत्री की गैरमौजूदगी के कारण रुकी हुई थी। शनिवार शाम इसे जारी कर समस्त 62 संगठनात्मक जिलों के प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। भोपाल नगर का प्रभारी जसवंत सिंह हाड़ा व ग्रामीण की कमान सागर के नरयावली विधायक प्रदीप लारिया को सौंपी गई है। इनके अलावा इंदौर नगर राजेश सोलंकी व ग्रामीण शैलेंद्र डागा, उज्जैन नगर बजरंग पुरोहित व ग्रामीण बबीता परमार, देवास में धनंजय शर्मा, रतलाम विवेक जोशी, सीहोर विकास वीरानी, राजगढ़ ध्रुवनारायण सिंह, विदिशा सीताराम यादव, बैतूल सुदर्शन गुप्ता, हरदा डॉ. प्रभुराम चौधरी, नर्मदापुरम अलकेश आर्य, नरसिंहपुर शरद जैन, जबलपुर नगर आलोक संजर व ग्रामीण मनीषा सिंह, छतरपुर नीरज मनोरिया, दमोह अर्चना सिंह, टीकमगढ़ पुष्पेंद्रनाथ पाठक, सागर लोकेंद्र पाराशर, शिवपुरी नंदकिशोर नापित, गुना राजेंद्र राजपूत, अशोकनगर शैलेंद्र जैन, खंडवा अंबाराम कराड़ा, आगर जयदीप पटेल, मंदसौर दिलीप सकलेचा एवं नीमच का प्रभारी पूर्व सांसद सुभाष पटेल को बनाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### आरकेएमपी-दानापुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा होली पर्व के दौरान अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति के मध्य 02-02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी एवं 2 मार्च को रानी कमलापति स्टेशन से दोपहर 2:25 बजे प्रस्थान कर, 3:25 बजे नर्मदापुरम, 3:55 बजे इटारसी, शाम 5:10 बजे पिपरिया से प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 8:45 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01668 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल ट्रेन 28 फरवरी एवं 3 मार्च को दानापुर स्टेशन से 11:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सुबह 8:55 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी।

### बंधक श्रम उन्मूलन दिवस पर कार्यशाला आज

**भोपाल।** श्रम विभाग रविवार को बंधक श्रम उन्मूलन दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेन्शन सेंटर में कार्यशाला का आयोजन केरगा। सुबह 10 बजे इस वर्कशॉप का उद्घाटन श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल करेंगे। कार्यशाला में राच्य स्तरीय एक्शन प्लान का विमोचन भी होगा। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बंधक श्रम कराने वालों के खिलाफ श्रम विभाग विशेष अभियान भी शुरू करेगा। गौरतलब है कि विभाग ने बाल एवं बंधक श्रम को रोकने और जागरुकता लाने एक विशेष वेदा पहल की शुरुआत की है।

### मेरठ शूटिंग चैंपियनशिप में पुष्पेंद्र ने जीता गोल्ड

**भोपाल।** मेरठ में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी शूटिंग चैंपियनशिप में आरजीपीवी के छात्र और ग्वालियर के अंतरराष्ट्रीय शूटर मास्टर पुष्पेंद्र सिंह भदौरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 600 में से 583 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में देशभर की विश्वविद्यालयों से स्टेट क्वालीफाई शूटरों के साथ इंटरनेशनल और ओलंपियन स्तर के निशानेबाजों ने हिस्सा लिया। ऐसे उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा में पुष्पेंद्र का स्वर्ण पदक जीतना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय बना।

### विक्रमोत्सव 12 फरवरी से
### 25 देशों की पौराणिक फिल्मों का होगा प्रदर्शन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** उज्जैन में विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन 139 दिनों तक चलेगा। दुनिया का यह अनूठा सांस्कृतिक कुंभ 12 फरवरी से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। एसीएस शिव शेखर शुक्ला ने शनिवार को भोपाल में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि उत्सव का आरंभ 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर होगा, शिवोहम नाम के इस आयोजन में बॉलीवुड के संगीतकार प्रीतम और विशाल मिश्रा अपने कार्यक्रम पेश करेंगे। सम्राट विक्रमादित्य की न्यायप्रियता और शौर्य को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रदेश सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य अंतर्राष्ट्रीय अलंकरण की स्थापना की है। पुरस्कार राशि 1 करोड़ 1 लाख रुपए होगी। 21 लाख का राष्ट्रीय और 55 लाख के तीन राच्य स्तरीय सम्मान भी दिए जाएंगे।

**ड्रोन शो भी रहेगा आकर्षण का केंद्र :** पहली बार उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय पौराणिक फिल्म महोत्सव का भी आयोजन होगा, जिसमें रूस, फ्रांस, इटली और नीदरलैंड सहित 25 से अधिक देशों की पौराणिक फिल्में दिखाई जाएंगी। साथ ही, आसमान में ड्रोन शो के जरिए सम्राट विक्रमादित्य और महादेव की गाथाएं जीवंत की जाएंगी। इस आयोजन का दूसरा चरण 19 मार्च से जलगंगा संवर्धन अभियान के रूप में शुरू होगा, जो 30 जून को जल तत्व के संरक्षण के संदेश के साथ संपन्न होगा।

# बेईमान को मंत्री, तहसीलदार या इंजीनियर बना दो, वह अपनी आदत नहीं छोड़ताः वर्मा

## रिश्वतखोर को बताया राष्ट्रद्रोही, कई तहसीलदारों को मैंने सस्पेंड किया

**जागरण, भोपाल।** राजगढ़ में करप्शन को लेकर राजस्व मंत्री करण वर्मा ने फिर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि थोड़ा बहुत तो हर जगह चलता है, लेकिन जो रिश्वत लेता है, वह राष्ट्रद्रोही है। चाहे मैं हूं या कोई भी हो। मैं 8 चुनाव जीता हूं। जनता ने विश्वास किया। गांव का किसान हूं, लेकिन रिश्वत लेने का मन नहीं करता है। राजगढ़ में मीडिया से चर्चा में मंत्री वर्मा ने कहा कि बेईमान व्यक्ति किसी भी पद पर हो, उसकी प्रवृत्ति नहीं बदलती। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बेईमान आदमी को चाहे मंत्री, तहसीलदार, इंजीनियर बना दो या मजदूरी करने को कह दो, वह अपनी आदत नहीं छोड़ता। मजदूर जब जर्दा खाता है तो 5 बार थूकता है। वर्मा ने कहा कि कई तहसीलदार हैं, जिन्हें मैंने सस्पेंड किया है। आपके यहां (राजगढ़) आया तो सस्पेंड किया। आष्टा में गया और सीमांकन पर सस्पेंड किया है। सिवनी गया, वहां भी सस्पेंड किया है।

### तो लाड़ली बहनों के नाम काट दिए जाएंगे



इसके पहले 5 फरवरी को मंत्री करण सिंह वर्मा का एक वीडियो सामने आया था। मंत्री सीहोर जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे थे। मंच से वे कह रहे थे कि ग्राम धामंदा में 894 लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की राशि दी जा रही है। इसके बावजूद सरकारी कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति बेहद कम रहती है। वे सीईओ से बात करते हुए कहते हैं कि एक दिन सभी लाड़ली बहनों को बुलाएंगे। अगर उस दिन भी वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हुईं, तो उनकी रिपोर्ट भिजवाकर योजना से नाम कटवाने की कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर पहले बोले देते हैं ठीक कर देंगे

वर्मा ने कहा कि कलेक्टर पहले बोल देते हैं कि साहब, थोड़ा बहुत गलती हो तो ठीक कर देंगे। मैं कहता हूं कि मुझे देखो, मैं भी काम कर रहा हूं। आप भी काम कर रहे हैं। ईमानदारी से राष्ट्रभक्ति से काम करें। उन्होंने कहा कि हम इंदौर जाते हैं, सर्किट हाउस में चाय आती है, नाश्ता आता है, लेकिन मेरे यहां सब बंद है। अपने खाने के लिए सब बांध के लाया हूं। टिफिन में रोटी बांधकर लाया हूं। जरूरत होगी तो मांग लूंगा। सरपंच के यहां मांग लूंगा।

### कांग्रेस ने वर्मा का फूंका पुतला



कांग्रेस ने मंत्री करण सिंह का फूंका पुतला, विगत दिनों प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम में महिलाओ की उपस्थिति न होने पर उनका लाड़ली बहना योजना का लाभ बंद करने वाले बयान को लेकर राजनीति जारी है। हालांकि मंत्रीकरण सिंह वर्मा ने इस पर माफी मांग ली है लेकिन कांग्रेस अब भी इस बयान को लेकर सड़कों पर है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सामने पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंत्री करण सिंह वर्मा का पुतला फूंका। इस दौरान कांगेसियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार पर महिला विरोधी होने के आरोप भी लगाए।

# कर्नल सोफिया पर विवादित बयान मंत्री शाह ने चौथी बार मांगी माफी

## सुनवाई से दो दिन पहले वीडियो जारी कर बोले - आवेश और उत्साह में निकले शब्द



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया पर विवादित टिप्पणी करने वाले जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने चौथी बार माफी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट में 9 फरवरी को होने वाली सुनवाई से ठीक दो दिन पहले उन्होंने फिर से एक वीडियो जारी किया है। शाह ने इस वीडियो में कहा कि आवेश और देशभक्ति के उत्साह में उनके मुँह से ये शब्द निकले थे और उनकी मंशा किसी का भी अपमान करने की नहीं थी। गौर करने वाली बात यह है कि पिछली तीन माफ़ियों के बाद विजय शाह ने चौथी बार फिर क्षमा याचना की है। गौरतलब है कि सरकार को ठीक दो दिन बाद कोर्ट में जवाब देना है कि मंत्री पर केस चलाने (अभियोजन) की मंजूरी दी जाए या नहीं। बता दें कि पिछले साल 11 मई को महू के एक कार्यक्रम में मंत्री विजय शाह ने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए कर्नल सोफिया और पाकिस्तान को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए आतंकियों को नंगा करने और ऐसी की तैसी जैसे शब्दों का प्रयोग किया था, जिस पर न केवल सेना बल्कि समाज में भी तीखी प्रतिक्रिया हुई थी। उन्होंने इस दौरान कर्नल सोफिया को आतंकियों की बहन बोल दिया था। हालांकि, इसके बाद उन्हें अपनी गलती समझ में आ गई थी और उन्होंने सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी थी। उनके इस बयान पर एमपी हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे, जिसके बाद महू के मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद विजय शाह ने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के एक्शन के खिलाफ अपील की थी। विजय शाह ने शनिवार को जारी वीडियो में कहा है कि उन्होंने इस घटना से कठोर सबक लिया है और भविष्य में अपनी वाणी पर नियंत्रण रखेंगे। इधर, सरकार भी इस मामले में कानूनी विशेषज्ञों जैसे अटॉर्नी जनरल और विधि विशेषज्ञों से राय लेने के बाद ही अपना रुख तय करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी विजय शाह ने पिछले साल 13 मई, 14 मई और 23 मई को माफी मांगी थी।

### प्रदेश के आला अधिकारी दिल्ली में

राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से जवाब पेश करने के लिए अतिरिक्त समय मांग सकती है। जानकारी के अनुसार, गृह विभाग के एसीएस शिवशेखर शुक्ला, सचिव कृष्णावेणी देशावतु समेत कई आला अधिकारी फिलहाल दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। सरकार अदालत से यह कहकर और समय मांग सकती है कि एसआईटी की जांच जारी है और मामले के विस्तार से कानूनी परीक्षण किए जाने की जरूरत है। गौरतलब है कि इस मामले की जांच प्रमोद वर्मा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय एसआईटी कर रही है, जिसमें डी. कल्याण चक्रवर्ती और वाहिनी सिंह शामिल हैं।

# अब गांव-मोहल्लों में वोटर्स से मिलेगी कांग्रेस

## संगठन की कसावट पर प्रदेश प्रभारी का जोर, कार्यकर्ताओं को जोड़ेगा कनेक्ट सेंटर, बीएलओ की कराएगी एफआईआर

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी व हरीश चौधरी ने मोर्चा संभालते हुए संगठन की मैदानी स्तर तक जमावट और कसावट तेज कर दी है। सह प्रभारी चंदन यादव एवं प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश से पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूती देने पर मंथन किया। दिन भर चली बैठक में चौधरी ने एसआईआर में मिलीं गड़बड़ियों को लेकर हर गली-मोहल्ले और गांवों तक पहुंचने के निर्देश दिए। जिन मतदाताओं के नाम काटे गए हैं उनसे सपर्क करने के साथ ही कांग्रेस अब गड़बड़ी करने वाले बीएलओ के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराएगी। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर प्रदेश प्रभारी चौधरी ने कनेक्ट सेंटर्स के पदाधिकारियों और एसआईआर की रिपोर्ट बनाने वाले नेताओं की बैठक ली। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष पटवारी, सह प्रभारी चंदन यादव, एसआईआर के प्रभारी पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, कनेक्ट सेंटर प्रभारी राजीव सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले, प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी




धनोपिया, विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश प्रभारी चौधरी व प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों की व्यापक ढंग से समीक्षा की। कार्यकर्ताओं को निचले स्तर तक दिए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर रणनीति पर भी नेताओं ने मंथन किया। चौधरी ने कहाकि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने, पार्टी कार्यक्रमों व जिम्मेदारियों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहाकि कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए संगठनात्मक स्तर पर सतत संवाद किया जाना चाहिए। इसके लिए कनेक्ट सेंटर पर प्रभावी तरीके से कार्य किया जाए। संगठन से जुड़ी प्रत्येक जानकारी कनेक्ट सेंटर से कार्यकर्ताओं को दी जाना चाहिए। प्रदेश स्तर से लेकर पंचायत तक का कोई भी कार्यकर्ता जुड़ने से छूटना नहीं चाहिए। बैठक में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने प्रदेश भर में एसआईआर को लेकर तैयार की गई रिपोर्ट बैठक में रखी। इस पर अब छूटे और काटे गए मतदाताओं से जीवंत संपर्क करने पर जोर दिया गया। इसके लिए जिला वार जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही जिन जिलों में भारी गड़बड़ी पाई गई है, वहां के बीएलओ के खिलाफ अभियान चलाकर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### यहां भी कसावट की जरूरत

बैठक में प्रभारी ने प्रदेश भर में सक्रियता बढ़ाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहाकि प्रदेश में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, ग्राम पंचायत एवं वार्ड समितियों के गठन की रूपरेखा तय करने तथा आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना को समयबद्ध रूप से लागू करने की जरूरत है। इसे लेकर आज की बैठक में प्रारंभिक चर्चा की गई। जल्द ही इस संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने भी संगठनात्मक गतिविधियों को निचले स्तर तक त्वरित गति से चलाने एवं संगठन के विस्तार पर जोर दिया।

**दिक्कत** — कई रेल प्रोजेक्ट चल रहे समय से पीछे, दोहरी और तिहरीकरण प्रोजेक्ट पर खर्च होगी बड़ी राशि

# एक लाख करोड़ के रेल प्रोजेक्ट, बजट मिला 15 हजार करोड़

**नगर संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय आम बजट में रेल मंत्रालय के लिए 2 लाख 93 हजार 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस भारी भरकम राशि में से मध्य प्रदेश के हिस्से में 15,188 करोड़ रुपए का बजट आया है। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश में वर्तमान में एक लाख 18 हजार करोड़ रुपए से अधिक के रेल प्रोजेक्ट चल रहे हैं। इन प्रोजेक्टों के लिए फिलहाल रेल मंत्रालय ने 15 हजार करोड़ रुपए का बजट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। सभी प्रोजेक्ट की लागत के मुकाबले अनुमानित बजट बहुत कम है। कम राशि का असर प्रोजेक्ट पर पड़ेगा, इससे कई प्रोजेक्ट समय से पिछड़ जाएंगे। हालांकि अभी भी कई प्रोजेक्ट हैं जो समय से पीछे चल रहे हैं। इनमें भोपाल-रामगंजमंडी रेल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा उदाहरण है।




### यहां खर्च होगी बजट की राशि

मध्य प्रदेश में कुल 1,18,379 करोड़ की विभिन्न रेल परियोजनाएं चल रही हैं तथा राज्य की 100 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण पूर्ण हो चुका है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत राज्य के 80 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से वर्ष 2025 में कुछ स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया जा चुका है। राज्य में प्रमुख परियोजनाओं में रामगंजमंडी-भोपाल, ललितपुर-सिंगरौली और इंदौर-बुदनी, इंदौर-मनमाड़ नई लाइनें, बीना-कटनी तृतीय लाइन, सतना-रीवा एवं कटनी-सिंगरौली दोहरीकरण, कटनी ग्रेड सेपरेटर तथा बीना-भोपाल-इटारसी चतुर्थ लाइन एवं गेज परिवर्तन परियोजनायें शामिल हैं।

### 4 हजार किमी से ज्यादा रूट होगा कवचप्रूफ

नए बजट में सुरक्षा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के 4,591 रूट किलोमीटर पर कवच प्रणाली लागू करने की योजना तैयार की जा चुकी है। यात्री सुविधाओं के अंतर्गत राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस एवं अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इस वर्ष भी राज्य में वंदे भारत एक्सप्रेस एवं अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों और कुछ नई ट्रेनों को भी संचालन को सुनिश्चित की जाएगी।

### एमपी से गुजरेगा फ्रेट कॉरीडोर

माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स दक्षता की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए, केन्द्रीय बजट में पश्चिम बंगाल के डंकुनी से गुजरात के सूरत तक एक नए समर्पित मालवाहक कॉरिडोर का प्रस्ताव किया गया है, जो ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगा। 2,052 किमी लंबा यह कॉरिडोर मौजूदा पश्चिमी समर्पित मालवाहक कॉरिडोर से जुड़ेगा, जिससे पश्चिमी तट के बंदरगाहों तक माल की बिना किसी रुकावट के आवाजाही हो सकेगी। यह पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर मध्य प्रदेश के क्षेत्रों में व्यापार प्रवाह को सुदृढ़ करेगा, मौजूदा रेल नेटवर्क पर दबाव कम करेगा और माल ढुलाई की दक्षता बढ़ाएगा, जिससे औद्योगिक विकास और आपूर्ति श्रृंखलाओं को काफी लाभ मिलेगा।

# एनजीटी सेंट्रल जोन बेंच की इमारत का जस्टिस श्रीवास्तव ने किया निरीक्षण

## पांचों न्यायपीठों में पहला कार्यालय भोपाल में हो रहा तैयार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोन बेंच का कार्यालय भवन का निर्माण अरेरा हिल्स स्थित ग्रीन मेडोस कालोनी के सामने किया जा रहा है। शनिवार को इस निर्माणाधीन भवन का निर्णायक निरीक्षण नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेंट्रल जोन बेंच के न्यायिक सदस्य जस्टिस एसके सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी उपस्थित थे। साथ ही रजिस्ट्रार धर्मेंद्र कुमार सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार मंजुल सिंह, सहायक रजिस्ट्रार तन्मय सिंह, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के अधिकारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। बता दें कि सेंट्रल जोन बेंच भोपाल में निर्माणाधीन कार्यालय, एनजीटी की सभी पांचों न्यायपीठों में पहला स्वयं का कार्यालय होगा। एनजीटी की प्रधान पीठ का कार्यालय उत्तरी क्षेत्र में स्थित है।



### पर्यावरण अनुकूल भवन बनाने के दिए निर्देश

जस्टिस श्रीवास्तव ने भवन का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्माण के दौरान गुणवत्ता, पर्यावरण के नियमों का पालन और पर्यावरण अनुकूल भवन बनाने की हिदायत दी। ताकि एनजीटी की प्रतिबद्धता को भवन निर्माण में दिखाया जा सके। उन्होंने निर्माणाधीन एजेंसी के अधिकारियों को सर्वोच्च मानकों को ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य को तेज गति से पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें कि भोपाल में निर्माणाधीन कार्यालयीन भवन पर्यावरण-अनुकूल मानकों को ध्यान में रखकर निर्मित किया जा रहा है।




## नगर में आज

### नाटक मध्यांतर का मंचन

- **समय**- शाम 7:00 बजे से
- **स्थान**- रंगश्री लिटिल बैले ट्रूप, श्यामला हिल्स, भोपाल
- **आयोजन**- रंगमंच प्रेमियों के लिए मध्यांतर नाटक की प्रस्तुति।

### जनजातीय नृत्य

- **समय**- दोपहर 2:00 बजे से 2:00 बजे से व्याख्यान एवं शाम 4:00 से 7:00 बजे तक (सांस्कृतिक प्रस्तुतियां)
- **स्थान**- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहलय, श्यामला हिल्स
- **आयोजन**- जनजातीय कलाओं पर केंद्रित नृत्य, गायन और वादन का विशेष कार्यक्रम।

### कला प्रदर्शनी

- **समय:** दोपहर 2:00 बजे से
- **स्थान:** भारत भवन, भोपाल
- **आयोजक:** भारत भवन
- **आयोजन:** मप्र में पहली बार चौंसठ योगिनी पर आधारित विशेष कला प्रदर्शनी।

### चित्र प्रदर्शनी

- **समय:** दोपहर 12:00 बजे से
- **स्थान:** मप्र जनजातीय संग्रहलय
- **आयोजक:** जनजातीय संग्रहलय (लिखंदरा दीर्घा)
- **आयोजन:** गोंड चित्रकार कुम्हार सिंह धुर्वे के चित्रों की प्रदर्शनी।

### 'उद्भव' का उद्घाटन

- **समय:** शाम 6:00 बजे
- **स्थान:** आलियांस फ्रांसेज दे भोपाल, बी-75 शाहपुरा
- **आयोजक:** आलियांस फ्रांसेज दे भोपाल
- **आयोजन:** उज्जैन के चित्रकार नितेश पंचाल की प्रदर्शनी का शुभारंभ। इसमें भारतीय ज्योतिष और जन्म कुंडली के प्रतीक समकालीन कला से कैनवास पर उतारे गए हैं।

# विकास के नाम पर शहर में 15 साल में काटे 6 लाख से ज्यादा हैरिटेज ट्री, घटा ग्रीन कवर

**अनदेखी: 2007 से 2022 के बीच शहर में हुई अंधाधुंध कटाई, साफ कर दिए 29 फीसदी से ज्यादा जंगल**

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में विकास के नाम पर लगातार हो रही पेड़ों की कटाई के कारण ग्रीन कवर कम होता जा रहा है। शहर के सबसे हरियाली वाले 9 स्थानों की 15 सालों की सेटेलाइट इमेज का अध्ययन किया जाए, तो पता लगता है कि ग्रीन कवर कम होते-होते 3 फीसदी तक पहुंच गया है, जबकि नीति आयोग के अनुसार 30 प्रतिशत से अधिक हरियाली वाले स्थानों को ही रहने योग्य माना जा सकता है। ऐसे में शहर के लिए यह स्थिति चिंताजनक है। शोध की अवधि के दौरान सामने आया कि इन सालों में भोपाल के तापमान में 8 डिग्री सेंटीग्रेट से ज्यादा इजाफा हुआ। बता दें कि यह शोध भोपाल के वरिष्ठ पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी पांडेय ने शिवाजी नगर स्थित जनता की लैब में किया है। शोध में टीवीआर फार्मूले का उपयोग कर भोपाल के ग्रीन कवर का अनुमान लगाया गया। इसमें 1990 में भोपाल का ग्रीन कवर 66 प्रतिशत, 2007 में 38 प्रतिशत, 2009 में 35 प्रतिशत, 2019 में 9 प्रतिशत, 2022 में 6 प्रतिशत, 2025 में 3 प्रतिशत रह गया है। जबकि इसके विपरीत पिछले 15 सालों में शहर में वनों और पेड़ों की कटाई लगभग 29 प्रतिशत रही, जो अत्यंत चिंताजनक है। बता दें कि यह शोध 5 फरवरी को नगर निगम द्वारा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन बैंच में दिए गए उस जवाब के बाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें निगम ने दावा किया था कि शहर की हरियाली और ग्रीन कवर में लगातार इजाफा हो रहा है। इस शोध को करने ज्यूडिशियल मेंबर श्यो कुमार सिंह और एक्सपर्ट मेंबर सुधीर चतुर्वेदी की बेंच ने डॉ. पांडेय को दो दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।



न्यू मार्केट तुलसी नगर क्षेत्र में वर्ष 2009 में इस तरह हरियाली थी जो 2019 में काफी कम हो गई है। सेटेलाइट इमेज

## शोध में 50 साल पुराने हैरिटेज ट्री को किया गया है शामिल

इस रिपोर्ट में मुख्य रूप से उन वृक्षों को ही अध्ययन में शामिल किया गया है, जिनकी आयु 50 साल से ज्यादा हो और जिन्हें हैरिटेज ट्री कहा जाता है। जबकि मप्र वृक्षों का परिरक्षण अधिनियम, 2001 के अनुसार वृक्ष उस पेड़ को कहा जाता है, जिसकी ऊंचाई दो मीटर और जमीन पर जिसके तने की मोटाई 30 सेंटीमीटर या अधिक हो। जबकि 50 साल के हो चुके पेड़ों की ऊंचाई और तने की मोटाई इससे कहीं अधिक होती है। ऐसे में उन पेड़ों को तो अध्ययन में शामिल ही नहीं किया गया। इस रिपोर्ट को बनानेशोध पत्रों में प्रकाशित आलेख, इंडिया स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट 2021, गूगल इमेजरी, जी सीड की 2019 और 2021 की रिपोर्ट, सांख्यिकी आकलन, जमीनी तहकीकात और पिछले 15 वर्षों में भोपाल शहर पर पड़ने वाली जनसंख्या का दबाव, तापमान, वायु प्रदूषण एवं आकस्मिक गतिविधियों का भी अध्ययन किया गया है।

### 9 क्षेत्रों में ही कट गया 225 एकड़ जंगल

शोध से मिले आंकड़ों के अनुसार अध्ययन वाले 9 क्षेत्रों में ही 225 एकड़ से ज्यादा वन क्षेत्र, पेड़ और ग्रीन कवर पूरी तरह समाप्त हो गया। ऐसे में यदि एक एकड़ में 450 वृक्ष होने का अनुमान लगाया जाए तो केवल इन क्षेत्रों में 1.5 लाख से ज्यादा पेड़ कटने का अनुमान है। सबसे ज्यादा चिंताजनक स्थिति नॉर्थ टीटी नगर स्थित स्मार्ट रोड क्षेत्र की है। आरटीआई से मिली जानकारी और गूगल इमेजरी के अनुसार नॉर्थ टीटी नगर में ही 10 हजार से ज्यादा पेड़ों को काटा गया है। इसके अलावा शोध में शामिल नॉन पाइंट सोर्स और अन्य सैकड़ों स्थानों पर भी 15 सालों में बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हुई है। यहां पर लगभग 4.5 लाख पेड़ काटे गए हैं।

### शहर के कुछ क्षेत्रों में बढ़ी है हरियाली

शहर के 13 प्रमुख क्षेत्रों में से एकांत पार्क और शाहपुरा पहाड़ी में वनों और ग्रीन कवर की स्थिति लगभग यथावत बनी हुई है। जबकि बीयू कैंपस और स्वर्ण जयंती पार्क क्षेत्र में पेड़ों और ग्रीन कवर की संख्या में 15 फीसदी की बढ़ोत्तरी देखी गई है। इसके अलावा वाल्मी में भी वन एरिया में 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है।

### 13 प्रमुख क्षेत्रों में अध्ययन

- बीआरटीएस कॉरिडोर, नर्मदापुरम रोड
- कलियासोत डैम की ओर जाने वाली सड़क
- नॉर्थ टीटी नगर स्थित स्मार्ट रोड
- रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के बाईं ओर की साइट
- रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के दाईं ओर की साईट
- न्यू मार्केट स्थित गैमन इंडिया कैंपस
- वन भवन के आसपास का क्षेत्र
- चंदनपुरा नगर वन के आसपास का क्षेत्र
- एकांत पार्क
- शाहपुरा पहाड़ी
- बी यू कॅपस
- स्वर्ण जयंती पार्क

# इंदौर-भोपाल हाइवे पर यात्री बस ने एएसआई को रौंदा

## पांच महीने बाद था रिटायरमेंट

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** इंदौर-भोपाल हाइवे पर तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार एएसआई को रौंद दिया। हादसे में उनकी मौत हो गई। घटना के वक्त वह सीहोर ड्यूटी पर जा रहे थे। पांच महीने बाद रिटायरमेंट था। घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग निकला। खजूरी सड़क थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि 61 वर्षीय शंकर सिंह ठाकुर अशोका गार्डन में रहते थे। वह पुलिस विभाग में एएसआई थे। उनकी पदस्थापना सीहोर में थी। वह सीहोर पुलिस लाइन में थे। एएसआई शुक्रवार को बाइक से ड्यूटी पर जा रहे था। दोपहर करीब एक बजे वह तूमड़ा जोड़ के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार यात्री बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में एएसआई 20 फीट दूर फिका गए। उनके पेट, पैर और सिर में चोट आई थी।

### इलाज के दौरान देर रात दो बजे मौत

गंभीर रूप से घायल एएसआई को राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद पास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान देर रात दो बजे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। इधर, घटना के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस ने बस की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एएसआई का पांच महीने बाद रिटायरमेंट था। उनके दो बच्चों में बेटा, बेटी हैं, दोनों की शादी हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि रिटायरमेंट के बाद पिता जी खुद का बिजनेस करना चाहते थे। वह शारीरिक रूप से फिट थे। अचानक हादसा हो गया।

### सड़क हादसे में सब्जी कारोबारी की मौत

इधर, रातीबड़ इलाके में सड़क हादसे में घायल 40 वर्षीय मेहरवान सिंह पिता मूलचंद्र मालवीय की शुक्रवार को मौत हो गई। आमला बड़ीझिरी निवासी मेहरवान सिंह सब्जी का कारोबार करते थे। 28 जनवरी 2025 की सुबह करीब साढ़े सात बजे वह भदभदा मंडी से सब्जी लेकर वैन से घर की ओर जा रहे थे। वह अभी आरपीएम के पास पहुंचे थे, तभी हादसा हो गया। गंभीर रूप से घायल मेहरवान सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मेहरवान सिंह को किसी ने टक्कर मारी या वह हादसे का शिकार हुए, पुलिस इसकी जांच में जुटी है।

# चमड़ा ने एचएमए कंपनी को स्लाटर हाउस 4 लाख के ठेके पर दे दिया था

**एसआईटी जांच: मथुरा लैब ने सैंपल नष्ट किए, कर्मचारियों से पूछताछ जारी**

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** जिंसी स्थित स्लाटर हाउस से निकले मांस में मिले गोमांस मामले में एसआईटी की जांच जारी है। एसआईटी स्लाटर हाउस और नगर निगम के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। मामले में और भी आरोपी बनाए जा सकते हैं।



इस बीच चौंकाने वाली बात सामने आई है। असलम कुरैशी उर्फ असलम चमड़ा ने बताया कि वह स्लाटर हाउस को ठेके पर दे चुका था। उसका हस्तक्षेप नहीं था। एचएमए कंपनी के साथ अनुबंध किया था। इसके एवज में उसे हर महीने 3-4 लाख रुपए मिलते थे। स्लाटिंग का पूरा काम कंपनी ही देखती थी। मांस को जांच वाली टीम में वेटनरी डाक्टर शामिल थे। एसआईटी, आरोपी चमड़ा के बयानों की जांच में जुटी है। वहीं एसआईटी ने मथुरा की लैब में भेजे गए सैंपल मांगे तो उन्हें बताया गया कि जांच के कुछ समय बाद उन्हें नष्ट कर दिया था। अब सैंपल ही नहीं हैं, जिसकी दोबारा या किसी अन्य लैब में जांच करवा सकें। जिससे गोमांस फिर से सिद्ध हो सके। इन दो खुलासे के बाद पुलिस की टीमें बाहर भी रवाना की गई हैं, जो अन्य कंपनियों से संपर्क कर गोमांस के खेल को समझ रही हैं।

**घाटा लगा तो पार्टनर ने हाथ खींचा:** स्लाटर हाउस विवादित रहा। 7 नवंबर 2025 को चालू हुआ। इसके पहले कोरोना काल में चमड़ा और उसके पार्टनर को घाटा लग गया। बाद में एक पार्टनर ने अपना हाथ खींचा और दो अन्य को इसमें पार्टनर बनवा दिया। पुलिस सूत्रों की माने तो स्लाटर हाउस में चमड़ा मांस का गोरखधंधा कर रहा था। स्लाटर हाउस में चारों ओर से मांस आ रहा था, जिसको देखने वाला कोई नहीं था।

**मांस पर पहले से रहती थी ओके की रिपोर्ट :** कंटेनर से जाने वाले मांस को वेरीफाइ घर में बैठकर किया जाता था। जिम्मेदार रसीदों पर पहले से ही मांस की ओके रिपोर्ट दे देते थे। यानी मांस किस जानवर का है, उसकी जांच नहीं की जाती थी। ऐसा इसलिए था कि चमड़ा हर स्तर पर पैसा बांट रहा था। सभी ने आंखें बंद कर रखी थीं। इसी का फायदा चमड़ा ने उठाया और यहां से सभी तरह के मांस की सप्लाई किए गए।

**गोमांस मिलने पर स्लाटर हाउस सील :** 17 दिसंबर 2025 की रात पुलिस मुख्यालय के सामने हिंदू संगठनों ने मांस से भरा एक ट्रक पकड़ा था। इसमें 26 टन मांस था। पुलिस ने कुछ पैकेट सैंपल के लिए जब्त किए थे, जिसे मथुरा लैब भेजा गया। रिपोर्ट में गोमांस की पुष्टि हुई। जहांगीराबाद पुलिस ने केस दर्ज कर ट्रक ड्रायवर को गिरफ्तार किया।विरोध पर नगर निगम ने आनन-फानन में स्लाटर हाउस को सील कर दिया।

# बारात में फायरिंग का फर्जी वीडियो वायरल युवक को भेजा नोटिस

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शादी समारोह में फायरिंग यानी हर्ष फायर का फर्जी वीडियो वायरल करने पर कोलार पुलिस ने अफवाह फैलाने वाले को नोटिस भेजा है। युवक पर बिना पुष्टि व जांच के दहशत फैलाने का आरोप है। पुलिस ने बयान के लिए उसे थाने तलब किया है। कोलार रोड थाना प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया गया। इस वीडियो को कोलार इलाके का बताया गया। इसमें बताया कि 6 जनवरी को यह शादी कोलार में आयोजित हुई। इसमें वरमाला के समय स्टेज से कई लोगों ने एकसाथ फायरिंग की। पुलिस ने उक्त वीडियो की जांच की। जांच में पाया कि इस तरह कोई शादी कोलार में आयोजित नहीं हुई। इस संबंध में मैरिज गार्डन वालों से भी पूछताछ की गई। उन्होंने लिखित में दिया कि उनके यहां किसी मोहित राजपूत की शादी 6 जनवरी को नहीं हुई। मैरिज गार्डन वालों ने शपथ पत्र दिया। वीडियो को वायरल पर अफवाह फैलाने वाले को पुलिस ने तलब किया है।

**युवक पर दहशत फैलाने का आरोप पुलिस ने बयान के लिए किया तलब**




**शोध** एम्स के बर्न एंड प्लास्टिक विभाग ने किया शोध, घाव की बायोलॉजीकल कंडीशन सबसे अहम

# करंट से बने घाव को ठीक करने में देर अच्छी है

**नगर संवाददाता, भोपाल।** अक्सर बीमारी या चोट के मामले में बिना देर किए इलाज शुरू करने की सलाह दी जाती है। लेकिन बिजली के करंट से जले मामलों में देर से इलाज या घाव भरने की सलाह दी जा रही है। यह सलाह एम्स भोपाल के बर्न एंड प्लास्टिक विभाग दे रहा है। दरअसल विभाग के चिकित्सकों ने एक शोध किया है, जिसमें निष्कर्ष निकला कि यदि बिजली के करंट से जले लोगों के घाव को कुछ समय बाद भरने की कोशिश की जाए तो वह जल्द भरते हैं। जबकि जिन घाव को तुरंत भरने का प्रयास किया गया उनकी स्थिति सुधरने के बजाए और बिगड़ी है। इस अध्ययन का नेतृत्व डॉ. गौरव चतुर्वेदी ने किया तथा इसमें डॉ. अभिनव सिंह, डॉ. वेद प्रकाश राव चेरुवु और डॉ. मनाल मोहम्मद खान शामिल रहे।





### डिब्राइडमेंट और ऊतक की स्थिति देखना बेहतर

इस शोध में संस्थान में उपचारित 23 मरीजों में माइक्रोसर्जिकल फ्री-फ्लैप पुनर्निर्माण तकनीक के परिणामों का मूल्यांकन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि घाव की जैविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए, पर्याप्त डिब्राइडमेंट और ऊतक की व्यवहार्यता स्पष्ट होने तक पुनर्निर्माण को विलंबित करना बेहतर परिणाम देता है। इस दृष्टिकोण से अंगों को सुरक्षित रखने की दर अधिक रही और गंभीर जटिलताओं में कमी देखी गई। टीम ने कुल मिलाकर 87 प्रतिशत फ्लैप जीवित रहने की दर दर्ज की और यह रेखांकित किया कि विद्युत जलन मामलों में कठोर समयसीमा के बजाय घाव की जैविक अवस्था के आधार पर उपचार निर्णय लेना अधिक प्रभावी है। इस अध्ययन पर टिप्पणी करते हुए बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख प्रो. मनाल मोहम्मद खान ने कहा कि उच्च वोल्टेज विद्युत जलन सबसे जटिल चोटों में से एक है जिसका हम इलाज करते हैं।

### इन 3 बिंदुओं से समझें रिसर्च को

1. **माइक्रोसर्जिकल फ्री** फ्लैप क्या है जब कोई हिस्सा बुरी तरह जल जाता है, तो वहां की त्वचा और मांस खत्म हो जाते हैं। इस तकनीक में डॉक्टर शरीर के किसी दूसरे हिस्से से स्वस्थ मांस और खून की नसें काटकर लाते हैं और उन्हें माइक्रोस्कोप की मदद से जले हुए हिस्से पर जोड़ देते हैं। यह एक तरह का एडवांस्ड पैच वर्क है।
2. **जल्दबाजी न करें** बिजली से जलने पर घाव ऊपर से तो खराब दिखता ही है, लेकिन अंदर ही अंदर मांस धीरे-धीरे मरता रहता है। शोध कहता है कि पहले घाव की अच्छी तरह सफाई करें और तब तक इंतजार करें जब तक यह साफ न हो जाए कि कौन सा हिस्सा जिंदा बचा है और कौन सा मर चुका है। जब घाव पूरी तरह तैयार हो जाए, तभी सर्जरी करें।
3. **इसका फायदा क्या हुआ** इस तरीके से कई मरीजों के हाथ या पैर कटने से बच गए। 100 में से 87 मरीजों में यह सर्जरी पूरी तरह सफल रही। सर्जरी के बाद होने वाली बड़ी दिक्कतें काफी कम हो गईं।

## संक्षिप्त खबरें

### सागर हॉस्पिटल में लड़की के पेट से निकाला 9 किलो का ट्यूमर



**भोपाल।** राजधानी भोपाल के सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (एसएमएच) में ऑनकोसर्जन डॉ. शुभम पांडे और उनकी टीम ने 17 वर्षीय लड़की के पेट तरबूज के आकार का ट्यूमर निकालकर जान बचा ली है। हॉस्पिटल में 17 वर्षीय लड़की कम भूख लगना, निचले पेट में दर्द और पेट फूलने की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंची थी। जांच में पता चला कि उसके पेट में तरबूज के आकार का विशाल ट्यूमर है। यह ट्यूमर उसके पेट व अन्य महत्वपूर्ण अंगों जैसे आंतों और मूत्राशय पर दबाव डाल रहा था जिससे लड़की को परेशानी हो रही थी। मरीज अन्य कई अस्पतालों में दिखा चुका थी परन्तु ट्यूमर के प्रमुख रक्त वाहिकाओं और यूरेटर से गहन रूप से जुड़े होने से कोई भी अस्पताल सर्जरी नहीं कर रहा था। सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (एसएमएच) के ऑन्कोसर्जन डॉ. शुभम पांडे व उनकी टीम ने परिजनों एवं मरीज को काउंसिल कर इस चुनौतीपूर्ण केस को स्वीकार कर उन्नत तकनीक और समर्पित टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक सर्जरी कर दी। मरीज अब स्वस्थ है और सामान्य जीवन जी रही है और उसे हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर घर भेजा दिया गया है। चिकित्सा जगत में डॉ. शुभम पांडे के प्रयास और समर्पण भाव से यह योगदान उल्लेखनीय है।

### थिंक गैस ने जागरूकता अभियान का किया राजधानी में शुभारंभ

**भोपाल।** थिंक गैस ने पेट्रोलियम और नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) के सहयोग से भोपाल में नेशनल पीएनजी ड्राइव 2.0 जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। विधायक रामेश्वर शर्मा, मेंबर (कमर्शियल) अंजनी कुमार तिवारी, मेंबर (कमर्शियल), मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अभिलेश गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इसका उद्देश्य उन अधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों में, जहाँ कोर पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से मौजूद है, पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) को तेजी से अपनाने को बढ़ावा देना है।



नेशनल पीएनजी ड्राइव 2.0 के तहत, थिंक गैस का लक्ष्य 1 जनवरी से 31 मार्च के बीच भोपाल में 3,000 से अधिक घरेलू पीएनजी कनेक्शन जोड़ने का है, जिससे शहर में स्वच्छ और सुरक्षित कुकिंग फ्यूल तक पहुँच को और मजबूत किया जा सके। अभियान की शुरुआत के मौके पर, अंजनी कुमार तिवारी, मेंबर (कमर्शियल), पीएनजीआरबी ने सलैया स्थित आकृति ग्रीन्स सोसाइटी में एक घरेलू पीएनजी कनेक्शन को औपचारिक रूप से चालू किया।

### वर्चस्व की लड़ाई को लेकर बीई के छात्र पर जानलेवा हमला किया

**जागरण,भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। सुमित बैरागी बाबा नगर में शिव मंदिर के पास रहता है। वह बीई फर्स्ट ईयर का छात्र है। उसके खिलाफ पहले से ही मामले दर्ज है। सुमित का मोहल्ले के रहने वाले वांटेड बदमाश सचिन महाले से कई सालों से वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। शुक्रवार रात 8 बजे एक शादी समारोह में दोनों का आमना सामना हुआ। जहां मोबाइल की टॉर्च की रोशनी जलाने की बात को लेकर उनका विवाद हो गया। सचिन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज कर सुमित पर छुरी से हमला कर दिया। इस दौरान पीडि़त के हाथ अड़ाने पर उसके दाहिने हाथ,गले और कमर में गंभीर चोटे आई। लहूलुहान हालत में आरोपी सुमित को छोड़कर मौके से फरार हो गए। बाद में पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी सुमित मालवीय,सचिन महाले समेत नाबालिग भूरा को गिरफ्तार कर लिया है।

### निशातपुरा में तीन बदमाशों ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला

**जागरण,भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने युवक पर चाकू से जानलेवा कर लिया। आरोपियों ने युवती से बातचीत करने पर युवक पर हमला किया। पुलिस के अनुसार 20 वर्षीय अरबाज उर्फ अली अमन कॉलोनी में रहता है। वह निजी काम करता है। आठ महीने पहले युवती जैनब से उसकी सगाई हुई थी। 4 महीने बाद युवती ने किसी अन्य युवक सोहेल से सगाई कर ली। जिसका पता चलने पर अरबाज ने युवती पर शादी करने का दबाव बनाते हुए उससे बातचीत करने की कोशिश की थी। शुक्रवार शाम को अरबाज एहसान नगर स्थित पादरी ग्राउंड में बैठा था। इस दौरान युवती के मुंह बोले भाई अमन उर्फ सोयब, तासी, मुस्कान उर्फ अरबाज बाइक से वहां पहुंचे। जहां उन्होंने युवती से बातचीत करने पर बहसबाजी के बाद मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान तीनों ने मिलकर अरबाज पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटें आई। बाद में पीड़ित थाने पहुंचकर तीनों आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### भारतीय ज्ञान परंपरा पर पांच दिवसीय कार्यशाला संपन्न




**जागरण, भोपाल।** बरकतउल्ला विवि में प्रो. सुरेश कुमार जैन, कुलगुरु के नेतृत्व में पर्यावरण एवं सरोवर विज्ञान विभाग तथा शासकीय एमएलबी कॉलेज, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में पीएम-उषा योजना के अंतर्गत पर्यावरण विज्ञान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के अनुप्रयोग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस) की भूमिका विषय पर पांच दिवसीय संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्रिस्प एवं गीक्स ऑफ गुरुकुल नॉलेज पार्टनर के रूप में सहभागी रहे। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक एआई तकनीकों से परिचित कराना तथा भारतीय परम्परागत पर्यावरणीय ज्ञान के साथ उनका समन्वय स्थापित करना था। कार्यक्रम में कुल 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 18 व्याख्यान एवं व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए।

# दुकानदारों ने कहा- मुआवजा तो मिला पर रोजगार छिना, जगह की मांग नहीं हुई पूरी

## आनंद नगर इलाके में जंबूरी मैदान की ओर की 208 दुकानें हुई जमींदोज

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** आशाराम तिराहे से रायसेन के मोरीकोडी तक सिक्स लेन सड़क के निर्माण की जद में आई 208 दुकानों के दुकानदार शनिवार को दिन भर अपनी टूटी हुई दुकानों से ईंटे जुटाते हुए दिखे। इस दौरान आनंद नगर चौकी और नगर निगम वार्ड कार्यालय की शिफ्टिंग की तैयारी करते हुए कर्मचारी दिखे। जहां पुलिसकर्मी चौकी के पीछे खड़े पुराने वाहनों को हटाते हुए दिखे, वहीं नगर निगमकर्मी वार्ड कार्यालय से सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सामान को हटाते हुए दिखे। जबकि पार्षद कार्यालय का ताला न खुलने के कारण इसे हटाने की कार्रवाई नहीं हो सकी। निर्माण की जद में आ रहे सुलभ शौचालय और तीनों मंदिरों को हटाने में अगले दो से तीन दिन लग जाएंगे। लेकिन इस सब के बीच अपनी दुकानों को खो चुके कई दुकानदार रोजी रोटी की तलाश में भटकते हुए नजर आए। उन्होंने बताया कि हम लोग लगातार अधिकारियों से उचित जगह पर रोजगार के लिए जगह देने की मांग कर रहे हैं, लेकिन हमारी मांग अब तक नहीं सुनी गई है। जैसे तैसे चाय और नाश्ते की होटल चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे, लेकिन दुकानें हट जाने से अब परिवार को पालने की चुनौती खड़ी हो गई है। वहीं सरकार से जो मुआवजा मिला है।



### किसी का फूलों का काम, तो किसी की चाय की दुकान गई

दुकानदारों ने बताया कि यहां पर सभी दुकानदार ऐसे हैं, जिनकी रोजाना की आय 800 से 1000 रुपए के बीच है। किसी का फूल माला का कारोबार है, तो किसी की नाश्ते या चाय की दुकान। कुछ दुकानदार गैस व प्रेशर कुकर सुधारने का काम भी करते थे, लेकिन अचानक दुकानें हट जाने से इनके पास रोजगार के लिए जगह नहीं है। मुख्य्र मार्ग पर होने के कारण कारोबार ठीक ठाक हो जाता था, लेकिन दुकान हट जाने से काम करने में परेशानी आएगी। इसलिए मुआवजे के साथ दुकान के लिए जगह दिए जाना भी जरूरी है।

### दुकानें हटते ही मुआवजे के लिए उमड़े लोग

दुकानें हटते ही कुछ अन्य लोग भी मुआवजे की उम्मीद में खड़े हुए दिखे, जिसे देखकर स्थानीय दुकानदार नाराज हुए। दुकानदारों का कहना था कि एक तो हमारा रोजगार प्रभावित हुआ है। इसके अलावा अन्य लोग मुआवजे की लालच में हमारा नाम खराब कर रहे हैं, जिससे हमें परेशानी हो रही है।



हम लोग हमेशा से स्थानीय विधायक को सपोर्ट करते आए हैं, लेकिन हमारी दुकानें हटने के बाद वे एक बार भी नहीं आईं। इससे हमे परेशानी हुई है। अब हम प्रशासन से मांग करते हैं कि हमें रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराए।

● **पवन मीणा,** दुकानदार

हमें जो मुआवजा दिया गया है, वो काफी नहीं है। हमें रोजगार के लिए जगह की जरूरत है। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों और शासन को हमारी मदद करना चाहिए।

● **जितेंद्र साहू,** दुकानदार

### रिजवान लाला को ले गई इंदौर वन विभाग की टीम

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गौतम नगर इलाके में अपने बेटे की मौत के मामले में लापरवाही बरतने पर गिरफ्तार रिजवान खान उर्फ लाला को कोर्ट से जमानत मिल गई। इससे पहले वह बाहर निकल पाता, इंदौर वन विभाग की टीम उसे प्रोटक्शन वारंट पर अपने साथ ले गई। जहां उसे छह दिन की रिमांड पर लिया है। रिजवान दो साल से वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के मामले में फरार था। इस संबंध में महू में केस दर्ज है। सूत्रों की मानें तो रिमांड के दौरान आरोपी रिजवान लाला अंतरराज्यीय शिकार गिरोह के संबंध में अहम जानकारी दे सकता है। भोपाल, इंदौर व आसपास के इलाकों में हुए जंगली जानवरों के शिकार के संबंध में भी कई राज खुल सकते हैं। उसका नाम एक बड़े शिकारी के साथ जोड़ा गया है, जो पूर्व में गिरफ्तार हो चुका है। रिजवान उसे मांस सप्लाई करता था। 12 वर्षीय इब्राहिम खान पिता रिजवान लाला करीब बख्श कालोनी गौतम नगर में रहता था। वह तीसरी का छात्र था। 31 जनवरी 2025 को इब्राहिम की गोली लगने से मौत हो गई थी। गोली घर में रखी अवैध पिस्टल से चली थी। यह पिस्टल मृतक के फूफा वाहिद नूर की बताई गई है। मामले में वह फरार चल रहा है। पुलिस ने मर्ग जांच में पिता रिजवान लाला को दोषी पाया। लापरवाही से लोडेड पिस्टल बच्चे की मिली और उसने खेल-खेल में खुद की कनपटी पर गोली मार ली थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

**वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत महू में दर्ज है प्रकरण, दो साल से था फरार**

**क्या था महू के किशनगंज थाने का मामला:** इंदौर देहात में आने वाले महू के किशनगंज थाना क्षेत्र में दिसंबर 2024 में 3 शिकारियों को गिरफ्तार किया था। इनकी कार से काले हिरण का मांस बरामद हुआ था। नवंबर, 2025 में टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने चौथे आरोपी सबाह को भी मुंबई से गिरफ्तार किया है। सबाह ने रिमांड के दौरान खुलासे किए थे। उसने बताया था कि वह भोपाल के रिजवान लाला और आमिर मम्मा से शिकार का माल लेता था। इसके बाद बाय रोड शिकार का माल मुंबई तक ले जाता था।

### गोपेश्वर भोलेनाथ संग राधा-कृष्ण की लीला



**भोपाल।** राजधानी के 11 नं अरेरा कॉलोनी साईं बाबा नगर में चल रही शिव महापुराण कथा में आचार्य शशांक शेखर महाराज ने गोपेश्वर भोलेनाथ की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा के दौरान भगवान शिव और श्री कृष्ण की लीलाओं की महिमा सुनकर श्रद्धालु आनंदित हो उठे। इसके साथ ही आचार्य शशांक ने काशी नगरी के महत्व, काल भैरव की महिमा सहित विभिन्न शिव भक्तों की भक्ति की पराकाष्ठा का वर्णन किया। वहीं महाशिवरात्रि पर्व को लेकर आज से पारंपरिक बन्ना-बन्नी। गायन एवं हल्दी पिसाई का कार्यक्रम भी विधिवत रूप से शुरु किया जाएगा।जिसे लेकर भक्तों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# हथाईखेड़ा में भूमाफिया ने बेच डाली करोड़ों की सरकारी जमीन

## एसडीएम कोर्ट ने नामांतरण रद्द करने का दिया आदेश, अब होगी कार्रवाई

**नगर संवाददाता, भोपाल।** भेल से लगे हथाईखेड़ा में करोड़ों रुपए की चार हेक्टेयर सरकारी जमीन बेचने का मामला सामने आया है। कुछ भूमाफियाओं ने राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से इस जमीन को बेच डाला। मामला तब प्रकाश में आया जब एक अपीलकर्ता ने इसे अनुविभागीय न्यायालय टीटी नगर में दाखिल किया। एसडीएम कोर्ट ने पूरी सुनवाई के बाद इस जमीन का नामांतरण रद्द करने का फैसला दिया है। किस तरह से माफिया करोड़ों की सरकारी जमीन को बेच रहे हैं। गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के हथाईखेड़ा में 4 हेक्टेयर सरकारी जमीन कुछ निजी लोगों को बेच दी गई है। ग्राम हथाईखेड़ा के खसरा नंबर 75, 65 और 66 का है। वर्ष 1961 में नहर निर्माण के लिये इस भूमि को अधिग्रहित किया गया था। इस जमीन पर नहर और सड़क तो बन गई लेकिन राजस्व विभाग के नक्शे और रिकार्ड में इसे सरकारी भूमि में दर्ज ही नहीं किया गया। इसका फायदा उठाते हुये मूल भूस्वामियों और उनके वारिसों ने सरकारी कब्जे वाली जमीन को कई निजी लोगों को बेच दिया। टीटी नगर वृत के अनुविभागीय अधिकारी ने खसरा नंबर 75/1/1/1 रकबा 0.223 हेक्टर पर 10 से अधिक लोगों के नाम किये गये नामांतरण को शून्य कर दिया है। आदेश में न्यायालय ने साफ किया है कि राजस्व विभाग ने इस शासकीय भूमि का संरक्षण नहीं किया है इससे संबंधित लोगों को धोखाधड़ी का मौका मिला है।

### बटान के केस से खुला मामला

मामले का खुलासा तब हुआ जब याचिकाकर्ता सुनील कुमार ने उक्त खसरों के बटान को रद्द करने केस दायर किया। जैसे जैसे सुनवाई आगे बढ़ी सरकारी जमीन के बंदरबाट की परतें खुलती गईं। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी टीटी नगर वृत में राहुल गुप्ता कार्यपालनयंत्री जल संसाधन विभाग कार्यपालनयंत्री लोक निर्माण संभाग 2 तहसीलदार गोविंदपुरा वृत, रईसा बेगम, रिजवान, मो.फरहान, मो.मनान के खिलाफ अपील दायर की थी। जिसमें न्यायालय ने आदेश पारित करते हुये स्थल पर शासकीय भूमि तथा अपीलार्थी की भूमि का सामांकन कर सिंचाई विभाग की भूमि पर सिंचाई विभाग से स्थाई सीमा चिन्ह स्थापित करने को कहा है। साथ ही न्यायालय ने सरकारी जमीन पर 10 से अधिक लोगों के नाम के नामांतरण निरस्त कर दिये हैं।

### कोल्ड ड्रिंक में नशे की दवा मिलाकर दुष्कर्म

**जागरण,भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र में कोल्ड ड्रिंक में नशे की दवा मिलाकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को उसकी कंपनी में काम करने वाले दोस्त ने अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय युवती तलैया स्थित दुर्गा चौक में रहती है। वह एक निजी कंपनी में वर्क फॉर्म होम काम करती है। 6 महीने पहले उसकी पहचान तमिलनाडु के रहने वाले युवक सुरेश जैन से हुई। काम के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। जो जल्द ही प्रेम-प्रसंग में बदल गई। 17 सितंबर 2025 को युवक, युवती से मिलने भोपाल आया। वह युवती को पंचवटी कॉलोनी स्थित निर्मल रेजीडेंसी में गया। जहां उसने कोल्ड्र ड्रिंक में नशे की दवा मिलाकर युवती से शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वह उसे ब्लैकमेल कर जान से मारने की धमकी देने लगा। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़िता ने शनिवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# आटो फिर बदनाम, चार बदमाशों ने सवारी से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटी

## आटो में दो पहले से थे सवार, दो कब्रिस्तान के पास मिले, फुटेज खंगाल रही पुलिस

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में एक युवक के साथ देर रात मारपीट कर लूट हो गई। आटो चालक और उसमें एक सवार एक युवक ने दो दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। सवारी करोंद जाने के लिए बैठी थी। कब्रिस्तान के पास आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने नकदी 55 सौ रुपए और मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने इस मामले में झपटमारी दर्ज की है। जबकि मारपीट कर मशरुका लूटा गया है।

पुलिस के मुताबिक, 33 वर्षीय जितेंद्र कुमार शाक्य पिता बसंत कुमार शांति होम्स करोंद में रहता है। वह निजी काम करता है। शुक्रवार रात को जितेंद्र कहीं बाहर जा रहा था लेकिन उसकी ट्रेन छूट गई। देर रात करीब डेढ़ बजे उसने अल्पना तिराहे से आटो पकड़ी। आटो में चालक के अलावा एक और युवक बैठा था। वह भारत टाकीज होते हुए करोंद जा रहे थे। तभी रास्ते में कब्रिस्तान के पास बड़ाबाग में चालक ने आटो रोक दी। उनके दो साथी और अचानक आ गए। चारों ने मिलकर जितेंद्र के साथ मारपीट की। इसके बाद उसकी जेब से नकदी 55 रुपए और मोबाइल लूट लिया। जितेंद्र ने विरोध किया तो उन्होंने धमकी दी। आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### पत्नी पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** कोलार रोड पुलिस ने हत्या की कोशिश के मामले पांच महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद इरशाद (45) भानपुर ब्रिज के पास रहता है। 1 सितंबर 2025 को उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी बेटी फिजा खान पर उसके तथाकथित पति सोनू सेन ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी वीर सिंह तोमर ने पुलिस को बताया कि वह कजलीखेड़ा मार्केट जा रहा था, तभी सड़क किनारे किसी महिला की चीख सुनाई दी। युवक भागता हुआ नजर आया और एक युवती खून से लथपथ हालत में पड़ी थी।

### मरीजों को ठगने वाला खुद को बताता था हमीदिया का डॉक्टर

**नगर संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के नाम पर मरीजों के साथ ठगी करने वाला आरोपी खुद को डॉक्टर बताकर जालसाजी करता था। यह खुलासा आरोपी से पूछताछ के बाद कोहेफिजा पुलिस ने किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी जितेंद्र खाकरे खुद को अस्पताल का डॉक्टर बताकर मरीजों और उनके परिजनों को जाल में फंसाता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी इलाज से जुड़ी बारीक जानकारियां जुटाकर परिजनों से संपर्क करता और भरोसा जीतने के बाद उनसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवा लेता था। पूछताछ में एक गंभीर मामला भी सामने आया है, जिसमें दिल की बीमारी से पीडि़त बच्चे के परिजनों को आरोपी ने निशाना बनाया। बच्चे को हमीदिया में भर्ती कराया गया था। आरोपी ने खुद को डॉक्टर बताकर जल्द जांच और बेहतर इलाज का दावा किया और इसके बदले 10 हजार रुपए मांगे। परिजनों से 8 हजार रुपए लेने के बाद भी बच्चे की मौत हो गई। इसके बावजूद आरोपी ने दोबारा पैसे की मांग की। पुलिस ने आरोपी को 5 फरवरी को इंदौर से गिरफ्तार कर 6 फरवरी को कोहेफिजा थाने लाया था। अब तक की जांच में सामने आया है कि वह 45 दिनों में करीब 10 मरीजों को ठग चुका है।

**पूछताछ के बाद कोहेफिजा पुलिस ने किया खुलासा**

**कार्रवाई** — सड़क पर दूध वाहन को रोककर भी नमूने इकट्ठा किए, मिलावट मिली तो कार्रवाई

# गांवों में पहुंचा खाद्य अमला, डेयरी से लिए दूध के नमूने

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** देश भर में दूध और दूध के उत्पादों में हो रही मिलावट को देखते हुए केंद्र सरकार के निर्देश पर भोपाल शहर में दूध और दूध के उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शनिवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मुगालिया छाप स्थित ग्राम पंचायत पुरा छिंदवाड़ा स्थित धनगर दूध डेयरी का औचक निरीक्षण करते हुए दूध की जांच की। अचानक खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले को देख डेयरी संचालक घबरा गया।

इस दौरान अमले को उसने बताया कि डेयरी में भैंस का दूध बेचने के लिए बाहर भेजा जाता है। इस पर अमले द्वारा सैंपलिंग कर दूध के नमूने लिए गए। इस दौरान अमले ने दूध वाहन एमपी 04 जेडएल 8565 को रोककर दूध के नमूने लिए। वाहन चालक ने अमले को बताया कि गाड़ी में गाय का दूध है। इस पर अमले ने गाय के दूध के नमूने भी जांच के लिए इकट्ठा किए। इसके अलावा श्री कान्हा डेयरी से मिक्स दूध के नमूने लिए गए, जिन्हें जांच के लिए ईदगाह हिल्स स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला की लैब में भेजा गया है।

इन तीनों नमूनों में स्टार्च, आयोडीन टेस्ट, फैट और मॉइस्चर कटेंट की जांच की जाएगी। इसके अलावा दूध की माइक्रोबियल जांच भी की जाना है, ताकि दूध की शुद्धता की जांच की जा सके।





### कॉलेज मेस से इकट्ठा किए नमूने

इसके अलावा पिछले दिनों मेस के भोजन में इल्लियां निकलने की शिकायत मिलने के बाद खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अमले ने कोलार स्थित श्री राम कृष्ण मेडिकल कॉलेज मेस से दाल-चावल के नमूने इकट्ठा कर जांच के लिए भेजे हैं। वहीं रोहित नगर स्थित चाय-लीला से आईस टी, शाही पिण्ड से पनीर एवं मिक्स वेज, शिखा होटल एंड रेस्टोरेंट से पनीर, मावा बाटी, पनीर की ग्रेवी, तुअर दाल, मसाले, चावल, बूंदी के नमूने संग्रहित कर जांच के लिए राच्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इस दौरान अमले ने मेस प्रबंधक को नोटिस भी जारी किए हैं।

### शिविर लगाकर खोजे जाएंगे पाइल्स मरीज, होंगे आपरेशन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और खान-पान में अनियमितता के कारण आमजन में एनो-रेक्टल (गुदा रोग) बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। फास्ट फूड का अधिक सेवन, फाइबर की कमी और बिगड़ते लाइफस्टाइल की वजह से पाइल्स (बवासीर), फिशर और फिस्टुला (भगंदर) जैसी समस्याएं अब सामान्य होती जा रही हैं। इन बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने और मरीजों को उचित उपचार प्रदान करने के उद्देश्य से, पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान, भोपाल द्वारा जनहित में जारी एक विशेष चिकित्सा अभियान चलाया जा रहा है। संस्थान के अनुभवी एनो-रेक्टल सर्जन्स डॉ. एचपी शर्मा, डॉ. नेहा मिश्रा, डॉ. मुकेश पाठक, डॉ. राम सिन्हा, डॉ. आदित्य नेमा और पीजी स्कॉलर्स की टीम द्वारा आगामी दिनों में सीहोर और नर्मदापुरम जिलों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सीहोर में रविवार नौ फरवरी और नर्मदापुरम में 16 फरवरी को शिविर लगेगा। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर जांच और सही आयुर्वेदिक पद्धति (जैसे क्षार-सूत्र चिकित्सा) से इन रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। संस्थान ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुंचकर विशेषज्ञों से परामर्श लें और इस सुविधा का लाभ उठाएं।

**पंडित खुशीलाल आयुर्वेद अस्पताल लगाएगा फ्री कैंप**

### आलियांस फ्रांसेज द भोपाल में नितेश पांचाल की 'उद्भव' प्रदर्शनी का आयोजन

# अमूर्त आकृतियों में दिखाई जन्मकुंडली में ब्रह्मांडीय चक्र और ग्रहों की गति





**जागरण, भोपाल।** आलियांस फ्रांसेज द भोपाल द्वारा भारतीय चित्रकार नितेश पंचाल की एकल कला प्रदर्शनी 'उद्भव' का सफल आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार की शाम को हुआ, जिसमें शहर के कला प्रेमियों, कलाकारों और बुद्धिजीवियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। उज्जैन में जन्मे और वर्तमान में भोपाल में रह रहे नितेश पांचाल की यह प्रदर्शनी पौराणिक कथाओं, ज्योतिष और आध्यात्मिक विश्वासों से प्रेरित रही। उनकी कलाकृतियों में ब्रह्मांडीय चक्र, ग्रहों की गति और मानवीय चेतना का अनूठा समावेश देखने को मिला।


नितेश पांचाल

इस प्रदर्शनी में जन्म कुंडली को सीधे प्रस्तुत करने के बजाय रंगों और अमूर्त आकृतियों के माध्यम से दर्शाया गया। विभिन्न ग्रहों को प्रतीकात्मक रंगों में उकेरा गया है। हरे रंग से बुध, लाल रंग से मंगल और अलग-अलग ग्रहों को उनका प्रतिनिधित्व करने वाले रंगों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। ये आकृतियां प्रकृति में सीधे दिखाई नहीं देतीं, बल्कि कलाकार की कल्पना से जन्मी हैं।

नितेश की कृतियों में जल के भीतर की दुनिया की झलक भी दिखाई दी। पानी के अंदर मौजूद जीवंतता, लहराते हुए रूप और समुद्री वनस्पतियों से प्रेरित आकृतियां उनकी पेंटिंग्स को विशेष आकर्षण प्रदान करती हैं। टेंटेकल्स जैसी संरचनाएं और गतिशील रंग संयोजन दर्शकों को लंबे समय तक चित्रों से जोड़कर रखते हैं।

#### चित्रों में ग्रह कर रहे संवाद

कई चित्रों में ग्रहों को एक-दूसरे के साथ संवाद करते और सूर्य के साथ संतुलन बनाते हुए दर्शाया गया है, जिससे ब्रह्मांडीय ऊर्जा का अनुभव होता है। कलाकार का मानना है कि उनकी पेंटिंग्स को शब्दों में समझने के बजाय महसूस करना अधिक जरूरी है। दर्शक अपने अनुभव के अनुसार इनके अर्थ खोज सकते हैं। नितेश का कहना है कि उनकी पेंटिंग्स किसी विशेष कलाकार से प्रभावित नहीं हैं, बल्कि उनके स्वयं के अनुभवों और विचारों का परिणाम हैं। 'उद्भव' श्रृंखला विशेष रूप से जन्म कुंडली और ग्रहों की अवधारणा पर आधारित है।

## मानव विज्ञान एवं संग्रहालय विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का दूसरा दिन संपन्न

**जागरण, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला मानव विज्ञान एवं संग्रहालय के दूसरे दिन शैक्षणिक व्याख्यानों, मुक्ताकाश प्रदर्शनी भ्रमण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीजीडीएम छात्रा काजल हांसदा ने किया, जबकि पीजीडीएम छात्रा काव्या ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता प्रो. सुनील उमराव, विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने म्यूजियोलॉजी में संप्रेषणीय परिवर्तनः संग्रहालय की मौन भाषा का विश्लेषण विषय पर व्याख्यान देते हुए संग्रहालयों को संवाद, अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक संप्रेषण का प्रभावी माध्यम बताया। संग्रहालय निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने एंथ्रोपोलॉजी एंड म्यूजियम्स विषय पर विचार रखते हुए संग्रहालयों की शैक्षणिक, सामाजिक एवं सामुदायिक भूमिका को रेखांकित किया। व्यावहारिक सत्रों के अंतर्गत प्रतिभागियों ने जलवायु अनुकूलन एवं आवास विषय पर मरुस्थलीय, तटीय, जनजातीय एवं हिमालयी ग्राम प्रदर्शनी का अवलोकन किया।


गौरी-शंकर विवाह महोत्सव में होगा असली जोड़े का विवाह

# चैतन्य जोड़ा बनेगा शिव-पार्वती, लगेगी हल्दी-मेहंदी, होगा वैदिक विवाह

**जागरण, भोपाल।** 11 नंबर स्टॉप स्थित शिव दरबार मंदिर परिसर में 13 से 15 फरवरी तक भव्य शिव-पार्वती विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। पिछले कई वर्षो से किया जा रहा यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि नए भोपाल की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है, जहां भक्ति, परंपरा और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजन की खास बात यह है कि यहां मंच पर कोई नेता नहीं, बल्कि वीआईपी स्वयं भोलेनाथ होंगे। महोत्सव के अंतर्गत शिव-पार्वती विवाह हर रस्म को पारंपरिक वैदिक रीति रिवाज में संपन्न किया जाएगा। महोत्सव इसलिए भी खास है क्योंकि यहां प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि वास्तविक जोड़े का विवाह शिव-पार्वती के स्वरूप में संपन्न कराया जाता रहा है। इसी परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष इटारसी के एक जोड़े का चयन शिव पार्वती के स्वरूप में विवाह कराने के लिए किया गया है।

#### भव्य है विवाह आमंत्रण का कार्ड



शिव-पार्वती विवाह के आमंत्रण का जो कार्ड छपवाया गया है, वह बेहद खास है। शिव पार्वती विवाह की मधुबनी पेंटिंग से सजे एक गिफ्ट पैक में रख कर दिया जा रहे कार्ड का साइज एक रजिस्टर के बराबर है। तीन अलग अलग मोटे बोर्ड पर मोहक तस्वीरों के साथ वैवाहिक कार्यक्रम प्रकाशित किए गए हैं।






#### ऐसे होंगे कार्यक्रम

- 13 फरवरी को बाबा भोलेनाथ और माता पार्वती को हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई जाएगी।
- 14 फरवरी को जबलपुर से आए अघोरी कलाकारों का तांडव नृत्य और भजनों की विशेष संध्या आयोजित की जाएगी, जो श्रद्धालुओं को शिवलोक का अनुभव कराएगी।
- 15 फरवरी को बाबा की भव्य बारात 10 नंबर स्टॉप से प्रारंभ होकर वंदे मातरम चौराहा होते हुए 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर चौराहे पर पहुंचेगी।

#### पंद्रह दिन पहले से हो रही तैयारियां

आगामी 15 फरवरी को शिवरात्रि उत्सव के दिन होने वाले इस अद्भुत विवाह की तैयारियां 26 जनवरी से ही शुरु हो गई है। विवाह का निमंत्रण पीले अक्षत के साथ शहर के गणमान्य लोगों के यहां भेजा जा रहा है। हल्दी पिसाई के साथ मंदिर परिसर में बन्ना-बन्नी के गीत गूंजने लगे हैं। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता वाला यह आयोजन सामाजिक समरसता और आस्था का अनुपम उदाहरण बनेगा।

#### अनोखी होगी बारात

इस अनोखे विवाह समारोह में बारात की छटा भी अनूठी होगी। जिसमें नागपुर की ढोल पार्टी, उज्जैन की भस्म रमैया टीम और जबलपुर से आए अघोरी कलाकार तांडव नृत्य करते हुए साथ में चलेंगे।

### संडे प्लानर

**लेट्स वॉच**



मूवी
थिएटर्स वध 2
भाभी जी घर पर हैं - फन ऑन द रन
किस किस को प्यार करूं (जियो हॉटस्टार)

**मंच एण्ड फन**



कुल्हड़ पिज्जा
99 रुपये
एमबीए कुल्हड़ पिज्जा
पिपलानी

**वर्कशॉप**




टोट बैग मेकिंग वर्कशॉप
चैलीला चूनाभट्टी
दोपहर 1 से 3 बजे

**रिलेक्सिंग डे**



बाग कुक्षी महोत्सव
गौहर महल
सुबह 10 से रात 10 बजे तक

## संविधान का पालन करना शपथ लेने वालों की जिम्मेदारी : अश्विनी उपाध्याय

**जागरण, भोपाल।** मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के वार्षिक आयोजन 'शरद एवं बसंत व्याख्यानमाला' के अंतर्गत शनिवार को हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने कहा कि भारत की कोई भी समस्या लाइलाज नहीं है, आवश्यकता केवल सख्त और प्रभावी कानूनों की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान का पालन कराना आम नागरिक की नहीं, बल्कि उन लोगों की जिम्मेदारी है जिन्होंने संविधान की शपथ ली है। 'भारतीय संविधान और लोककल्याणकारी राज्य व्यवस्था' विषय पर व्याख्यान देते हुए उन्होंने भूमि कब्जे को गंभीर अपराध घोषित किए जाने और प्रदूषण, नशा, फर्जी एफआईआर व झूठी गवाही जैसे मामलों में कठोर कानून बनाने की आवश्यकता उन्होंने रेखांकित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठान के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा ने की। विशेष अतिथि करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर पं. सुदेश शांडिल्य रहे। स्वागत वक्तव्य समिति के मंत्री संचालक डॉ. विकास दवे ने दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में साहित्य, पौराणिक, नाटक एवं आलोचना सहित विभिन्न क्षेत्रों की आठ विभूतियों को सम्मानित किया गया। इनमें पद्मश्री हृदय नारायण दीक्षित, सूर्यबाला, इंजि. आशा शर्मा, वंदना सोनी, डॉ. उषा देव, डॉ. शोभा सिंह, सुजीत कुमार पृषेठ एवं प्रीति झा तिवारी शामिल रहीं। सभी को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान निधि प्रदान की गई।

## 'खास' के लिए गुनगुनाए प्यार भरे नगमे...



किटी पार्टी

**जागरण, भोपाल।** फाल्गुनी मास, खुशनुमा मौसम, वेलेंटाइन वीक पर आयोजित अरेरा किटी पार्टी, प्यार भरे रिश्ते और उनकी अहमियत पर केंद्रित रही। रिश्ता माता- पिता, पति- पत्नी, भाई- बहन, कोई भी हो..प्यार, अपनत्व, विश्वास से उन्हें सहेजें। रिश्तों की ये पूंजी ही, हमारे जीवन को सुंदर, आनंदमय और रचनात्मक बनाती है।

अरेरा किटी की इस थीम पार्टी को मोना बिल्लोरे, सुषमा बिल्लोरे, अल्पना शर्मा, आरती उपाध्याय ने होस्ट किया। सभी सदस्यों ने अपने जीवन के खास व्यक्तियों को समर्पित कर, अपनी सुमधुर आवाज में प्यार भरे मस्ताने गीत गाये। रोचक घटनाएं, जच्बात साझा किए। हर दिल जो प्यार करेगा.., हर खुशी हो वहां.., इक प्यार का नगमा है.., किसी की मुस्कुराहटों पर... जैसे प्यार भरे गीतों से किटी की शाम को सुरमयी बना दिया। किटी के यादगार पल सभी के लिए यादगार तोहफा बन गए। साथ ही सभी ने मज़ेदार गेम्स, फूड का आनंद लिया। उल्लेखनीय है कि नार्मदीय ब्राह्मण समाज की महिलाओं की ये किटी 2005 से सतत जारी है।



### मूवी रिव्यू
### वध 2

**कास्ट** संजय मिश्रा, नीना गुप्ता, कुमुद मिश्रा, शिल्पा शुक्ला, अक्षय डोगरा, अमित के सिंह
**डायरेक्टर** जसपाल सिंह संधू
**श्रेणी** हिंदी, ड्रामा, थ्रिलर, क्राइम
**क्रिटिक रेटिंग** 3.5/5
**अवधि-** 2 घंटा 11 मि.
**कहां देखें-** थियटर्स

# मोहब्बत और बदले की अनोखी कहानी



कहा जाता है कि परफैक्ट क्राइम जैसी कोई चीज नहीं होती। अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कोई न कोई सुराग तो छोड़ ही जाता है। लेकिन क्या हो जब अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद खुद-ब-खुद सुराग थाली में परोस कर दे दे। अब सवाल ये है कि वो ऐसा क्यों करेगा? इसी रहस्य की परतों को खोलती है 'वध 2' की कहानी, जो आज से तकरीबन 4 साल पहले आई 'वध' का सीक्वल है। अब निर्देशक जसपाल सिंह संधू की यह सीक्वल फिल्म पार्ट-1 से एक पायदान ऊंचा चढ़कर प्यार-मोहब्बत, अपराध और बदले की एक ऐसी कहानी बनकर सामने आती है, जो न्याय और अन्याय के तराजू पर दर्शकों बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करती है।

#### कहानी

कहानी के केंद्र में हैं ईमानदार पुलिसवाला शंभू नाथ मिश्रा (संजय मिश्रा) और उनकी पत्नी मंजू (नीना गुप्ता), जो दो हत्याओं के आरोप में पिछले 28 साल से जेल की सजा काट रही है। हालात ऐसे हैं कि शंभूनाथ को जेल से सब्जियां चुराकर बेचनी पड़ती हैं, ताकि वह अपना कर्ज चुका सके। जेल में नए अफसर प्रकाश सिंह (कुमुद मिश्रा) का तबादला होता है, जो जाति को लेकर कट्टर सोच रखता है। जब वह देखता है कि इलाके के विधायक का भाई केशव (अक्षय डोगरा) जेल में खुलेआम गुंडागर्दी कर रहा है। केशव न सिर्फ जेल की वॉर्डन रजनी (शिल्पा शुक्ला) को प्रताड़ित करता है, बल्कि नई कैदी नैना (योगिता बिहानी) पर भी बुरी नजर डालता है। एक रात केशव रहस्यमयी तरीके से जेल से गायब हो जाता है। इस सनसनीखेज मामले की जांच की जिम्मेदारी ईमानदार और खुद्दार पुलिस अधिकारी अतीत सिंह (अमित के सिंह) को सौंपी जाती है।

#### मूवी रिव्यू

पहले भाग की जोड़ी पहले ही अपना एक मजबूत फैन बेस बना चुकी है। निर्देशक जसपाल सिंह संधू वध 2 में नई कहानी और नए किरदारों के साथ आगे बढ़ते हैं। दो बुजुर्गों की यह प्रेम कहानी एक सधी हुई स्लो बर्न है, जो पहले ही भाग में अपने किरदारों, माहौल और मंडराते अपराध की आशंका से दर्शक को बेचैन कर देती है। फिल्म नैतिक पतन, कमजोर कानून व्यवस्था, जातिवाद और इंसानी रिश्तों की जटिलताओं को एक धारदार पैकेज में पेश करती है। इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि दर्शक भी परत-दर-परत अपराध की गहराई में उतरता चला जाता है। सेकंड हाफ खास तौर पर मजबूत है, जहां एक के बाद एक टर्न और ट्विस्ट कहानी को नई दिशा देते हैं। फिल्म की कास्टिंग बेहद सटीक है। हर किरदार अपनी वजहों से लगभग ग्रे शेड में दिखता है। निर्देशक एक प्लेटॉनिक लव स्टोरी को प्रभावशाली थ्रिलर क्राइम ड्रामा में बदलने में पूरी तरह सफल रहते हैं और साबित करते हैं कि दमदार कहानी और सक्षम कलाकार बड़े सितारों के बिना भी असर छोड़ सकते हैं। कलाकारों का अभिनय फिल्म की जान है। संजय मिश्रा और नीना गुप्ता जैसे मंझे हुए कलाकार अपनी सधी हुई परफॉर्मेंस से पूरी फिल्म को अपने कंधों पर लेकर चलते हैं। कुमुद मिश्रा अपने रोल में खूब जमे हैं। शिल्पा शुक्ला ने छोटी-सी भूमिका को यादगार बनाया है। बाहुबली गुंडे के रोल को अक्षय डोगरा ने खौफनाक बनाया है। ईमानदार पुलिस वाले अतीत सिंह को अमित के. सिंह ने खूबी से अंजाम दिया है। नैना के किरदार में योगिता बिहानी भी जमी हैं।

#### क्यों देखें

एक अच्छी क्राइम-थ्रिलर की चाह रखते हैं, तो संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की दमदार अदाकारी के लिए यह फिल्म देखी जा सकती है।

### एमसीयू परिसर में पहला बर्ड वॉक

# वर्डीटर, कपासी चील देख चहके विद्यार्थी



**जागरण, भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का पहला बर्ड वॉक (पक्षी दर्शन) कार्यक्रम अटावी बर्ड फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। नेचुरलिस्ट और पक्षियों के जानकार अंकित मालवीय ने इसका संचालन किया। इसका आयोजन विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता के विस्तार के मद्देनजर किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जनसंचार विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. लाल बहादुर ओझा ने किया। विश्वविद्यालय परिसर के इस पहले पक्षी दर्शन कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। दादा माखनलाल चतुर्वेदी प्रतिमा के सामने से शुरू हुई यह वॉक संदीपनी ध्यान केन्द्र, पावर हाउस, गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार, ब्वायज हॉस्टल और रहवासी इलाके से होते हुए प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्थानीय व प्रवासी पक्षियों की प्रजातियों के अवलोकन किये। इनमें मुख्यतः कपासी चील, रेड वेंटेड बुलबुल, बार्न आउल, ग्रीनिस वार्बलर, फैन टेल, वर्डीटर फ्लाइकैचर, व्हाइट थ्रोट, ब्लैक ड्रोंगो, ब्राह्मणी मैना, गौरैया, मैग्पाई रॉबिन, पाइड रॉक चैट, इंडियन रॉबिन, लाफिंग डव, महोक, हरा पतरिंगा, कैटल इगरेट, सिल्वर बिल, व्हाइट आई, रेड ब्रेस्टेट फ्लाई कैचर, ट्री पिपीट., पैराकीट, सनबर्ड, जंगल बैबलर, ग्रे फ्रैंकोलीन (तीतर) जैसे दर्जनों पक्षियों की पहचान की गयी। पक्षी दर्शन के दौरान अंकित ने पक्षियों के भोजन, बसाहट, व्यवहार, प्रजनन, प्रवासन एवं उनकी चुनौतियों आदि पर विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। मालूम हो कि एमसीयू का नया परिसर बिशनखेड़ी के पास है। भोपाल का यह इलाका प्रचूर जैव विविधता के लिये जाना जाता है। विशेषकर स्थानीय व प्रवासी पक्षियों की दर्जनों प्रजातियों के दर्शन यहाँ किये जा सकते हैं। अटावी बर्ड फाउंडेशन पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के साथ शिक्षण कार्यक्रमों चलानेवाली अलाभकारी संस्था है। यह शिक्षण संस्थाओं के साथ मिलकर पक्षियों के प्रति जागरुकता कार्यक्रम भी आयोजित करती है।

## 12वां कुक्षी एवं बाग ब्लॉक महोत्सव इस बार 60 कारीगरों ने खुद लगाई एग्जीबिशन

**भोपाल।** बाग प्रिंट के शौकीन लोगों के लिए इस बार गौहर महल में एक खास मेला शुरू हुआ है। इसकी खासियत यह है कि यहां बाग प्रिंट से तैयार सूट, ड्रेस मटेरियल, चादरें और टेबल कवर्स काफी रिज़नेबल प्राइस में अवेलेबल हैं। इस बार बाग प्रिंट की यह एग्जीबिशन किसी संस्था की बजाय खुद बाग और कुक्षी में रहकर छपाई को परंपरा को आगे बढ़ा रहे बाग प्रिंट के 60 कलाकारों ने मिलकर लगाई है। दस दिनों की यह प्रदर्शनी 15 फरवरी तक गौहर महल में जारी रहेगी। बाग से आए निजामुद्दीन खत्री मेले में कुछ नए फेब्रिक्स पर ब्लॉक प्रिंटिंग करके पहुंचे। निजामुद्दीन बताते हैं वे मोडल सिल्क पर बाग प्रिंट के सूट्स लेकर आए हैं, जिसमें गोल्डन जरी का इस्तेमाल किया गया है। इस वजह से सिंपल दिखने वाले बाग प्रिंट सूट अब फेस्टिवल कलेक्शन का हिस्सा बन गए हैं। इसके अलावा बाग में पहली बार अजरख प्रिंट और मिट्टी डाबू प्रिंट भी लेकर आए हैं। 5 महीने में तैयार हुई 300 ब्लॉक वाली चादर कुक्षी और बाग ब्लॉक प्रिंट महोत्सव में निजामुद्दीन खत्री के स्टाल पर उपलब्ध है। कारीगर जुबैर खत्री ने बताया कि बाग प्रिंट महोत्सव में इस बार 60 उस्ताद कारीगरों ने भाग लिया है जिनके हाथो से बने प्राकृतिक रंगों से सजे रंग बिरंगे बाग एवं ब्लॉक प्रिंट वस्त्रो एवं तरह तरह के जैसे बाग कॉटन सूट, बाग क्रेप सूट, बाग रियान सूट, आदि उपलब्ध रहेंगे।



## पुस्तक 'झूठ की पतंग' का विमोचन




**जागरण, भोपाल।** विश्व संवाद केंद्र, द्वारा आयोजित नर्मदा साहित्य मंथन , भारत उदय का तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन पुस्तकों के विमोचन की श्रृंखला में डॉ. ओम प्रकाश शुक्ल की पुस्तक 'झूठ की पतंग' का विमोचन सत्र के वक्ता एवं केंद्रीय महामंत्री विश्व हिंदू परिषद के रामलखन लाल बागड़ा ने किया। इस मौके पर निदेशक साहित्य अकादमी, डॉ.विकास दवे और सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. शोभा जैन भी उपस्थित रहीं।

## पर्ल म्यूजिकल नाइट का यादगार आयोजन

**जागरण, भोपाल।** संगीत, संवेदना और समावेशिता से सजी एक भावपूर्ण संगीतमय संध्या का आयोजन लायंस क्लब भोपाल पर्ल द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से एवं एम्पल ड्रीम्स एजुकेशन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में रविन्द्र भवन में किया गया। पर्ल म्यूजिकल नाइट विद स्पेशल टैलेंट्स शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम ने विशेष प्रतिभाओं की अद्भुत गायन क्षमता को मंच देकर एक प्रेरणादायक संदेश दिया।

किसी के बारे में सब कुछ जान लेना, उसे फिर से अजनबी बना देता है।
- निर्मल वर्मा





# लहंगा डिप्लोमेसी में घिरे भारत-पाकिस्तान

> मरियम शरीफ़ को अपने बेटे की शादी में इंडियन डिज़ाइनर के कपड़े पहनने और दुल्हन की बराबरी से सजने के लिए पाकिस्तानियों की बुराई का सामना करना पड़ा। पहले भी कई बार कपड़े पॉलिटिकल स्टेटमेंट बने हैं। तो क्यों न 'लहंगा डिप्लोमेसी' के जरिए आपसी मतभेदों को दूर करने के रास्ते खोजे जाएं?

● शोभा डे ●

कभी-कभी, हम सच को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं क्योंकि हम किसी खास मौके पर किसी चर्चित महिला की कपड़ों की पर्सनल पसंद के बारे में बहुत ज़्यादा सोचते और एनालाइज करते हैं। मरियम शरीफ़ को अपने बेटे की शादी में इंडियन डिज़ाइनर सब्यसाची मुखर्जी के कपड़े पहनने और दुल्हन की बराबरी से सजने के लिए पाकिस्तानियों की बुराई का सामना करना पड़ा।

मरियम शरीफ ने भारत-पाकिस्तान के बीच 'लहंगा डिप्लोमेसी' शुरू करने की ओर पहला कदम उठाया है। लगभग हर देश में हाई-प्रोफ़ाइल महिलाओं की फ़ैशन चॉइस पर बहुत बारीकी से नज़र रखी जाती है। इसी तरह, विक्टोरिया बेकहम के अपने बेटे की शादी में डांस करने की भी बुराई हुई। पहले भी कई बार कपड़े पॉलिटिकल स्टेटमेंट बने हैं। तो क्यों न 'लहंगा डिप्लोमेसी' के जरिए आपसी मतभेदों को दूर करने के रास्ते खोजे जाएं?

यूरोपियन यूनियन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन की राजेश प्रताप की डिज़ाइन की हुई बनारस की ब्रोकेड बंदगला ट्यूनिक से लेकर पाकिस्तानी बेगम मरियम शरीफ़ की फ़ैशन डिप्लोमेसी (या उसकी कमी) तक, हाई-प्रोफ़ाइल विदेशी महिलाओं के कपड़ों पर पैनी नज़र रखने वाली कॉउचर पुलिस बारीकी से नज़र रख रही है।

पाकिस्तान के पंजाब की चीफ़ मिनिस्टर मरियम शरीफ़, जो पूर्व प्राइम मिनिस्टर नवाज़ शरीफ़ की बेटी हैं, ने अपने प्यारे बेटे जुनैद सफ़दर की दूसरी शादी में अपने हैरान करने वाले अलग लुक से न सिर्फ़ लोगों को हैरान किया बल्कि उत्सुकता और गुस्सा भी पैदा किया। लाहौर की दूसरी बोटॉक्स बेगमें इस सवाल में उलझी थीं कि क्या दूल्हे की 52 साल की माँ का 'हेड ट्रांसप्लांट' हुआ है। बहस को और गरम करने के लिए, नई दुल्हन शांज़ेह अली रोहेल की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं। वह कुछ और पाकिस्तानी क्यों नहीं पहन सकती थीं? तरुण तहिलियानी साड़ी क्यों? हमारे कारीगर कहीं बेहतर हैं। बॉर्डर पार के आरोप कॉट्योर-टेररिज्म के इर्द-गिर्द घूम रहे थे—निश्चित रूप से यह हमले का सबसे कम नुकसान न पहुंचाने वाला तरीका है। राजनीतिक जानकारों ने अजीब बातों की ओर इशारा किया- मरियम अपनी नई-नई बनी बहू से ज़्यादा जवान और सुंदर लग रही थीं। उन्होंने सब्यसाची मुखर्जी का क्रिएशन चुना था। इस बीच, देसी लहंगों के ऑर्डर नई ऊंचाई पर पहुंच रहे थे, क्योंकि पाकिस्तानी डिज़ाइनर गुस्से में कह रहे थे, हमारे टैलेंटेड कॉउचरियर्स का कितना अपमान है, हमारी कढ़ाई, हमारे कट्स की कोई चर्चा नहीं हो रही।

### एक 'तार्किक' सुझाव

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इंडिया और पाकिस्तान द्वारा शांति बनाने के लिए बताई गई डिटेल्स को इंटरनेशनल अड़चन की तोड़-मरोड़कर पेश करने पर हुई हालिया परेशानी के स्थान पर लहंगा डिप्लोमेसी का एक और दौर शुरू कर सकते हैं। सब्यसाची और तरुण तहिलियानी को पाकिस्तान में एक खास डिप्लोमैटिक असाइनमेंट पर भेजने के बारे में क्या ख्याल है? वे आसानी से वो कर सकते थे जो मिलिट्री तलवार लहराने के बोरिंग राउंड नहीं कर सकते थे। सब्या, अपने लहंगे पैक करना शुरू करो! तरुण, बेगमों को तैयार करो।

### मर्दाना बंदगला

रिपब्लिक डे परेड में क्वीन सुप्रीम थीं, बहुत खूबसूरत उर्सुला वॉन डेर लेयेन, जो ज़बरदस्त देसी लुक में दिखीं। उनके गहरे लाल और सुनहरे रंग के बंदगला ट्यूनिक को लेकर लोगों की राय अलग अलग थी, कुछ लोगों को यह अच्छी नहीं लगी और थोड़ी ज़्यादा मर्दाना लगी। इससे पहले, उन्होंने एक्स पर फ़ॉलोअर्स से फ़ैशन टिप्स मांगे थे- क्या उन्हें इंडिया की रिपब्लिक डे परेड में साड़ी पहननी चाहिए, और अगर हाँ, तो किस तरह की? खुशी है कि उनके शुभचिंतकों ने उन्हें मना कर दिया। इंडिया का रिपब्लिक डे मेट गाला नहीं है, डार्लिंग। हम परेड में 'कॉस्ट्यूम' नहीं पहनते।

### हमारी मेगा सेलिब्रिटी

फ़ैशन एक बहुत ही गहरा और दिलचस्प विषय है। फ़ैशन पॉलिटिक्स है। हम क्या पहनते हैं, कैसे पहनते हैं, क्यों पहनते हैं और कहाँ पहनते हैं। कई बार यह पर्सनल चॉइस के नाम पर बहुत ज़्यादा पॉलिटिकल हो जाता है। नेपाल के 46 साल के न्यूयॉर्क में रहने वाले फैशन डिजाइनर प्रबल गुरुंग ने हाल ही में खत्म हुए कोलकाता लिटरेरी मीट में अपनी यादों की किताब 'वॉक लाइक अ गर्ल' लॉन्च की। उनका सेशन मेरे सेशन के बाद ऐतिहासिक अलीपुर जेल में हुआ, गुरुंग ने 19 साल तक एक टॉप डिज़ाइनर और हाउस ऑफ़ स्ले के को-फ़ाउंडर के तौर पर मिशेल ओबामा, कमला हैरिस और ओपरा विनफ़े के अलावा हमारी दीपिका पादुकोण और दिलजीत दोसांझ जैसे इंटरनेशनल आइकॉन के कपड़े डिजाइन किए हैं। अमेरिकन प्रेस उन्हें 'नेपाली इमिग्रेंट' कहना पसंद करता है। प्रबल गुरुंग ने पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ को मेट गाला 2025 में शार्प कट 'महाराजा ऑफ पटियाला' स्टाइल आउटफिट पहनाया जिसने ज़्यादातर लोगों का ध्यान खींचा। इंडिया में, हम खुशी-खुशी गुरुंग को अपना मानते हैं। क्यों नहीं? हमारे लिए, वह कोई 'नेपाली इमिग्रेंट' नहीं हैं, वह हमारे टैलेंटेड, सफल पड़ोसी हैं और हमें उन पर गर्व है। यहां पॉजिटिव पॉलिटिक्स काम कर रही है। **.....कुछ तो सीख लो, पाकिस्तानी डिज़ाइनर। हम भी तुमसे प्यार करते हैं और तुम्हारी तारीफ़ करते हैं। इतना जलो मत...।**

# जीनत के इंकार के बाद रेखा को मिला था धर्मात्मा का रोल

> जब फिरोज खान ने जीनत अमान को धर्मात्मा में काम करने का ऑफ़र दिया गया तो उन्होंने ये कहकर मना कर दिया कि धर्मात्मा की हीरोइन तो हेमा मालिनी है। मैं कोई सपोर्टिंग किरदार नहीं निभाऊंगी। फिरोज खान को जीनत का इन्कार करना बहुत बुरा लगा था।

1975 में रिलीज हुई बॉलीवुड की क्लासिक हिट फिल्म 'धर्मात्मा' हॉलीवुड की कल्ट फिल्म 'गॉड फादर' से प्रेरित थी। बतौर प्रोड्यूसर डायरेक्टर फिरोज खान की यह फिल्म बॉलीवुड की पहली फिल्म थी जिसकी शूटिंग अफगानिस्तान में हुई थी। फिल्म धर्मात्मा की मूल कहानी मारियो पूजो के उपन्यास गॉडफादर पर इसी नाम से बनी फ्रांसिस फोर्ड कोपोला पर आधारित थी। इस फिल्म से जुड़े कई किस्से काफी मशहूर हैं।



बताते हैं, जब फिरोज खान ने जीनत अमान को धर्मात्मा में काम करने का ऑफ़र दिया गया तो उन्होंने ये कहकर मना कर दिया कि धर्मात्मा की हीरोइन तो हेमा मालिनी है। मैं कोई सपोर्टिंग किरदार नहीं निभाऊंगी। फिरोज खान को जीनत का इन्कार करना बहुत बुरा लगा था। कहा जाता है कि फिरोज खान ने एक दिन शराब के नशे में जीनत अमान को फोन किया और उन्हें बहुत भला-बुरा कहा था। वो रोल बाद में रेखा ने निभाया। हालांकि रेखा जी को भी बाद में ये बात बुरी लगी थी कि हेमा मालिनी के रोल को ज़्यादा महत्व दिया गया है। बात जब धर्मात्मा के किरदार की आई तो फिरोज खान ने सबसे पहले वो रोल शम्मी कपूर को ऑफ़र किया था और इस चक्कर में शम्मी कपूर से उनकी लड़ाई भी हो गई थी। दरअसल, एक पार्टी में शम्मी कपूर और फिरोज खान मिले थे। उस वक्त तक शम्मी कपूर का पेट बहुत बाहर आ चुका था। फिरोज खान ने शम्मी कपूर से कहा कि अब तो तुम मेरे बाप का रोल निभाने के लिए एकदम फिट हो।

फिरोज खान ने तंज कसते हुए ये बात शम्मी कपूर से कही थी। इसलिए शम्मी कपूर को गुस्सा आ गया और वो फिरोज खान से उलझ गए। फिरोज खान और शम्मी कपूर में हाथापाई होने वाली थी। मगर उसी पार्टी में मौजूद रणधीर कपूर और संजय खान ने इन दोनों को अलग किया। हालांकि बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई थी। दोनों ने आपस में माफ़ी मांगी थी। वैसे, एक दफ़ा पहले भी एक्ट्रेस मोहन को लेकर भिड़ चुके थे।

आखिरकार प्रेमनाथ जी को धर्मात्मा के किरदार के लिए साइन किया गया। हालांकि जब फिरोज खान ने प्रेमनाथ की बेईमान देखी तो वो टेंशन में आ गए। इसलिए शूटिंग शुरू होने से पहले प्रेमनाथ जी से फिरोज खान ने कहा कि आप धर्मात्मा में बेईमान जैसी बेवजह चिल्लाने वाली एक्टिंग नहीं कीजिएगा। आपको वैसे ही एक्टिंग करनी होगी जैसा मैं कहूंगा। उसी दौर में मुंबई में रतन खत्री नाम के एक मटका किंग हुआ करते थे।

एक दिन फिरोज खान रतन खत्री से मिलने पहुंच गए। फिरोज खान ने रतन खत्री के हाव-भाव और उनके बात करने के ढंग को बड़ी गौर से ऑब्जर्व किया। बाद में फिरोज खान ने प्रेमनाथ जी से वैसे ही अभिनय कराया भी। और प्रेमनाथ जी ने इतना शानदार अभिनय किया कि धर्मात्मा फिल्म के लिए उनका अभिनय बहुत अहम साबित हुआ। प्रेमनाथ जी के करियर की भी टॉप फिल्मों में एक बन गई धर्मात्मा।



# युद्धों के दौर में संयुक्त राष्ट्र की जरूरत है दुनिया को

> यह उन हजारों संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की भी कहानी है, जो आज दुनिया के सबसे खतरनाक इलाकों में काम कर रहे हैं। यह कहानी उन आम लोगों की है, जो संघर्ष व युद्ध में अकल्पनीय दुख सहते हैं।

● एनालेना बेयरबॉक ●

भूख, गरीबी व असमानता छाई है। यूक्रेन व सूडान युद्धरत और गाजा खंडहर है। अफगानिस्तान में स्त्रियों की दुर्दशा है, पर कुछ लोग कहते हैं कि यूएन की जरूरत नहीं। हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र के 80 साल पूरे हुए हैं। यह मौका सोचने का है कि यह संगठन और इसका असली मतलब क्या है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की कहानी उन दूरदर्शी लोगों की कहानी है, जो 1945 में सैन फ्रांसिस्को में इकट्ठा हुए थे और जिन्होंने युद्ध से तबाह दुनिया को शांति की राह पर ले जाने का सपना देखा था। यह उन हजारों संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों की भी कहानी है, जो आज दुनिया के सबसे खतरनाक इलाकों में काम कर रहे हैं। यह कहानी उन आम लोगों की है, जो संघर्ष व युद्ध में अकल्पनीय दुख सहते हैं।

ऐसे ही लोगों से मेरी मुलाकात एक संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी शिविर में हुई थी। ये शरणार्थी अपनी जान बचाने के लिए रेगिस्तान पार करके भागे थे। उनके पास शरीर पर कपड़ों के अलावा कुछ भी नहीं था। थे तो बस शरीर पर हिंसा के जख्म। एक मां ने मुझे बताया कि उसने कई बार मौत की दुआ की, ताकि उसे अपनी बेटी का बार-बार शोषण होते हुए न देखना पड़े। फिर भी उसे भरोसा है कि उसकी बेटी को शिविर में मनोवैज्ञानिक मदद मिलेगी और वह फिर से स्कूल जा पाएगी।

ये वही लोग हैं, जिनके लिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की आम बहस की शुरुआत में मैंने सभी से संस्था की असली उद्देश्यों पर खरा उतरने का आह्वान किया। दरअसल, यह उस हिम्मत और मजबूत इरादे की कहानी है, जो 1945 में सैन फ्रांसिस्को में इकट्ठा हुए दुनिया के नेताओं ने दिखाया था। उस वक्त कई लोग उन्हें नासमझ कह रहे थे, फिर भी उन्हें भरोसा था कि विश्व युद्धों की तबाही के बाद भी एक बेहतर व शांत भविष्य बनाया जा सकता है। यूक्रेन और सूडान में युद्ध हो रहे हैं। गाजा अब भी खंडहर बना हुआ है। तालिबान अफगानिस्तान की महिलाओं व लड़कियों को मानवाधिकारों से वंचित कर रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। असमानता, अत्यधिक गरीबी और भूख है। यह सब तब हो रहा है, जब संयुक्त राष्ट्र राजनीतिक और आर्थिक रूप से दबाव में है। बेशक इसे गहरे संरचनात्मक सुधारों की जरूरत है, पर जरा सोचिए कि अगर यह न होता, तो क्या होता! संयुक्त राष्ट्र ऐसे मुद्दों पर देशों को एकसाथ लाता है, जहां कोई भी देश अकेले कुछ नहीं कर सकता। उदाहरण के लिए, परमाणु हथियारों के अप्रसार संधि के बिना, हर देश एटमी शक्ति बनने के लिए आजाद होता।

कोविड महामारी का सामना भी दुनिया अकेले नहीं कर पाई। विकसित शहर भी खुद को जंगल की आग और बाढ़ से नहीं बचा सकते। ऐसे में, इस वैश्वीकृत, डिजिटलीकृत दुनिया में, हमारे पास दो ही रास्ते हैं-हम मिलकर काम करें, या फिर अलग होकर दुख सहें। इसलिए, इसी सोच के साथ मैंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के इस सत्र की थीम रखी 'बेटर टूगेदर = 80 इयर्स एंड मोर फॉर पीस, डेवलपमेंट एंड ह्यूमन राइट्स।'

क्या आने वाले 80 वर्षों तक शांति, विकास और मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने का संयुक्त राष्ट्र का मिशन आसान होगा? बिल्कुल नहीं। यह आसान कामों के लिए बनाया ही नहीं गया था। इसे इसलिए बनाया गया था कि यह सबसे मुश्किल समस्याओं का समाधान कर सके। संयुक्त राष्ट्र को और मजबूत, ज्यादा तेज, कम खर्चीला और भविष्य के लिए तैयार किया जाए। लेकिन सबसे बढ़कर, इसके लिए हर किसी को वैसी ही प्रतिबद्धता दिखानी होगी, जैसी 80 साल पहले सैन फ्रांसिस्को में संयुक्त राष्ट्र की नींव रखने वालों ने दिखाई थी, और जो आज यूक्रेन के किशोरों, सूडान की माताओं और भुला दी गई आपदाओं में फंसे लाखों लोग हर दिन दिखा रहे हैं।

# आराम पर फैसला लेने का समय

● अनुराधा गोयल ●

> पुरानी समझ और मॉडर्न साइंस बताते हैं कि आराम करने से सेहत ठीक होती है और नई जान आती है, फिर भी मॉडर्न जिंदगी में यह बहुत कम होता है और इसे कम्युनिटी प्रैक्टिस के तौर पर अपनाना चाहिए।

मैं उत्तराखंड से तब लौटी जब चार धाम यात्रा का सीजन खत्म हो रहा था। वहां का माहौल एक ऐसे घर जैसा था जिसने अभी-अभी एक बड़ी शादी के बाद अपने मेहमानों को अलविदा कहा हो और अब कुछ आराम का इंतजार कर रहा हो। कुछ लोग सर्दियों के लिए कम ऊंचाई वाली जगहों पर जा रहे थे, दूसरे घर लौट रहे थे— लेकिन हर कोई आराम करने के मूड में था। अखबारों में उत्तराखंड में सर्दियों की यात्राओं का विज्ञापन आ रहा था। इसका मतलब लोगों और राज्य के लिए ज़्यादा रेवेन्यू और रोज़ी-रोटी का ज़रिया होगा, लेकिन मुझे हैरानी हुई कि क्या वे थके हुए लोग सच में ऐसा चाहते थे। हाँ, उनमें से कई लोग इस नए मौके को आसानी से ले लेंगे। लेकिन पीक टूरिस्ट रश को संभालने में लंबे, कमरतोड़ महीनों के बाद उनके आराम का क्या?

इसने मुझे हमारी सोच से आराम के गायब होते कॉन्सेप्ट के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया और इसके लिए मेरी पीढ़ी को जिम्मेदारी लेनी होगी। दशकों पहले, युवा प्रोफेशनल्स के तौर पर, हम चौबीसों घंटे काम करके अपने बॉस और कस्टमर्स दोनों को बिगाड़ देते थे। उनमें से कुछ आज भी लंबे समय तक काम करने की वकालत करते हैं। बचपन में, हम सभी की रविवार को छुट्टी होती थी और जब हफ़्ते में पाँच दिन का कल्चर आया, तो इससे उन सभी को खुशी मिली जो हफ़्ते भर की मेहनत से परेशान थे। लेकिन जब तक मैं वर्कफ़ोर्स में आई, काम के घंटे चुपचाप पर्सनल टाइम में घुसने लगे।

टेलीविज़न और रेडियो स्टेशन भी आधी रात को ब्रेक लेते थे और आज के हमेशा ऑन रहने वाले कंटेंट जैसा कुछ नहीं था। इसने हम सभी को, स्क्रीन के सामने वाले और पीछे वाले, डिज़ाइन के हिसाब से आराम करने पर मजबूर कर दिया। ज़रा सोचिए—आराम कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे आप अकेले कर सकें; यह एक कम्युनिटी एक्टिविटी की तरह है।



अगर हेयर कट करने वाले मंगलवार को छुट्टी लेते थे, तो यह पक्का होता था कि उनमें से हर कोई उस दिन आराम करेगा और किसी की वजह से कोई बिजनेस लॉस नहीं होगा। कस्टमर यह समझते हैं कि एक तय दिन होता है जब आप हेयरकट के लिए नहीं जा सकते । एक कम्युनिटी के तौर पर आराम करने से यह पक्का होता है कि आपके काम से जुड़ा हर कोई उस दिन आराम कर सकता है।

**24×7 कल्चर का हमला**

हमारे आराम के समय पर आखिरी हमला 24×7 काम-और-खेलने के कल्चर से हुआ। हमने जो नाइटलाइफ़ अपनाई है, वह बहुत सारी नेचुरल रिदम को बिगाड़ती है। पारंपरिक ज्ञान ने हमेशा हमें बताया है, आराम भी उतना ही जरूरी है जितना कि एक्शन। हमें अपने दिमाग को रिलैक्स करने और तरोताज़ा करने के लिए भी आराम करने की ज़रूरत है। हम सभी को आराम करने के लिए, हम सभी को कुछ टाइम विंडो पर सहमत होना होगा।

क्या अब समय आ गया है कि हम आराम को डिज़ाइन करके शामिल करें? कुछ चीज़ों को छोड़ना होगा, एक है 24×7 काम करने का कल्चर। क्या बिज़नेस और पब्लिक सर्विस के लिए आराम के दिन लागू कर सकते हैं? क्या डिवाइस को हर दिन कुछ तय घंटों सुला सकते है? क्या देर रात खाने की डिलीवरी रोकी जा सकती है? तो हम अपनी जिंदगी और इकोसिस्टम के लिए खुद से ऐसा कर सकते हैं।

आयुर्वेद पर एक पुरानी किताब, अष्टांग हृदयम, हमें बताती है कि अच्छी नींद, अच्छे खाने और संयमित व्यवहार के साथ, अच्छी क्वालिटी की जिंदगी पक्का करने के तीन ज़रूरी हिस्सों में से एक है। तो, आराम को हमारा एक सामूहिक संकल्प बनाइए।

# इंडो-आर्यन प्रवासियों के साथ आया ब्राह्मण युग

● देवदत्त पटनायक ●

ब्राह्मण यह मानने से इनकार करते हैं कि ब्राह्मणवादी विचार बाहर से भारत में आए। वे इंडो-आर्यन प्रवासियों के साथ आए, जिनके शुरुआती घर काले सागर के उत्तर में, आज के यूक्रेन और दक्षिणी रूस के आसपास के स्टेपी क्षेत्रों में थे। ये प्रवासी घोड़े के साथ आए। फिर भी ब्राह्मण इस बात पर ज़ोर देते हैं कि हड़प्पा सभ्यता सहित सब कुछ भारतीय, आर्यन और ब्राह्मणवादी था। दक्षिण भारत का पुरातत्व दिखाता है कि गंगा के मैदानों में बड़े पत्थर के शहर बनने से बहुत पहले शहरी संस्कृतियाँ फल-फूल रही थीं। यह सबूत सभ्यता की श्रेष्ठता के ब्राह्मणों के दावों को गलत साबित करता है।



> 1500 ईसा पूर्व से पहले भारत में कोई ब्राह्मण नहीं थे... 100 ईसा पूर्व से पहले दक्षिण भारत में कोई ब्राह्मण नहीं थे। हड़प्पा शहरों में कोई ब्राह्मण नहीं थे। भीमबेटका गुफाओं में कोई ब्राह्मण नहीं थे। कीलाडी शहरों में कोई ब्राह्मण नहीं थे।

**तर्क धार्मिक है, तार्किक नहीं :** इस्लाम की तरह, ब्राह्मणवाद भी इस बात पर ज़ोर देता है कि नियम भगवान से आते हैं, जबकि असल में नियम इंसानों द्वारा बनाए जाते हैं और आज्ञाकारिता सुनिश्चित करने के लिए भगवान को श्रेय दिया जाता है। ब्राह्मण और मुसलमान दोनों श्रेष्ठता का दावा करते हैं। अंतर तरीके में है। मुसलमान दूसरे धर्मों को सीधे तौर पर खारिज करते हैं। ब्राह्मण बहिष्कार द्वारा, एक ही समाज के लोगों को रैंक देकर पदानुक्रम स्थापित करते हैं। जिसे अब हम हिंदू धर्म कहते हैं, वह स्थानीय मान्यताओं का मिश्रण है। ब्राह्मणवाद ने ग्रंथों के माध्यम से इन परंपराओं को नया रूप दिया और नियंत्रित किया। ब्राह्मणों का धर्मशास्त्र लोगों को भोजन, व्यवसाय, पवित्रता और अपवित्रता के आधार पर विभाजित करता है।

यह सिखाता है कि कुछ शरीर जन्म से ही गंदे होते हैं- सफाईकर्मी, कसाई, मासिक धर्म वाली महिला। ब्राह्मणवादी प्रभुत्व से पहले, कठोर वर्ण सीमाओं, मंदिर प्रवेश प्रतिबंधों, या वंशानुगत अपवित्रता का कोई सबूत नहीं है। ये नियंत्रण की सामाजिक तकनीकें हैं, शाश्वत सत्य नहीं। पवित्रता का जुनून हलाल-हराम ढांचे को दर्शाता है। भोजन नैतिकता बन जाता है। शरीर संदिग्ध हो जाते हैं।

# पार्किंग बनाने टीन की चादरें हटाई ठेले वालों ने कर लिया कब्जा

डक्ट पर भी ठेलों एवं दोपहिया वाहनों का कब्जा, राहगीर परेशान

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन ने पूरी तरह से लवारिस छोड़ दिया है, जहां नियम व कायदे कानून का कोई पालन नहीं करता। जिला, नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन ने भी सख्ती बरतने के बजाय आम जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया है। अगर बात की जाए भोपाल-इंदौर राजमार्ग की जहां पर यहां का कपड़े एवं बर्तनों का प्रदेश का अग्रणी कारोबार संचालित है, जहां साल में लगभग 25 हजार करोड़ का व्यापार किया जाता है, वहां व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। इस मार्ग पर 2.75 किलो मीटर सीवेज पंप हाउस से लेकर विसर्जन घाट तक पिछले सवा साल से प्रदेश का पहला सिक्स लेन एलीवेटेड फ्लाइ ओवर बन रहा है, इसके लिए सड़क के बीचों बीच टीन की चादरें लगाई गई है, इन चादरों के कारण यातायात बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है और पार्किंग की समस्या गंभीर हो गई है, जिसे देखते हुए विगत दिनों ट्रैफिक एसीपी देवेंद्र सिंह यादव एवं टीआई ट्रैफिक आरती कतीजा ने लगातार दो-तीन दिन तक यहां रहकर जहां-जहां ओवर ब्रिज के पिलरों का काम पूरा हो गया है, वहां से टीन की चादरें हटवाई हैं, ताकि कपड़े एवं बर्तनों की दुकानों पर आने वाले ग्राहक वहां अपने वाहन पार्क कर सकें। 8 साल पूर्व करोड़ों की लागत से मिसरोद से लेकर विसर्जन घाट तक बीआरटीएस कारीडोर का निर्माण किया गया था, जहां लो-फ्लोर बसें चलने लगी थी, लेकिन यह कारीडोर मौत का सौदागर बन गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कारीडोर को पूरी तरह से हटा दिया गया है, लेकिन इसके लिए जो डक्ट बनाया गया था, जिसके नीचे बिजली के केबिल एवं पानी की निकासी के लिए नाली बनी है, वहां भी अब ठेले वालों का कब्जा है। कालका चौराहे पर मार्ग के दोनो तरफ चंचल चौराहे तक डक्ट पूरी तरह से फल एवं सब्जी के ठेलों से पट गया है। आलीशान पार्किंग शापिंग कॉम्पलेक्स जाने वाले इलाहबाद बैंक मार्ग पर बिजली के ट्रांसफार्मर की आड़ में चाट पकोड़ी आइस्क्रीम आदि ठेलों का कब्जा होने के कारण यहां से वाहनों को पार्किंग कॉम्पलेक्स तक जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी के आस पास नेहरू क्लाथ मार्केट, मुखर्जी मार्केट, सरकारी सिविल अस्पताल के सामने जो दुकानों के सामने डक्ट बना है, वह राहगीरों के लिए रिजर्व है, परंतु वहां भी दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों एवं दुकान मालिकों ने दोपहिया वाहन खड़े कर दिए हैं।

**दुर्घटनाओं के हो रहे शिकार :** चूंकि मुख्य मार्ग पर पुल निर्माण के कारण टीन की चादरों के बाद सड़क आधे से भी कम रह गई है, ऐसे में अगर कोई वाल्वो व लो-फ्लोर बस निकल जाए तो उसके पीछे लंबा जाम लग रहा है, जबकि डक्ट पर दोपहिया वाहनों एवं ठेलों का कब्जा होने के कारण राहगीर मुख्य मार्ग पर किनारे-किनारे को चलने के लिए मजबूर है, ऐसे में वह गुजरने वाली वाहनों का शिकार हो रहा है।


पार्किंग की जगह पर जमे ठेले वाले।


डक्ट पर दोपहिया वाहनों का जमावड़ा।

## बार-बार लग रहा जाम

पुलिस ने खासतौर पर चंचल चैराहे, स्टेशन रोड चैराहे एवं नगर निगम काम्पलेक्स चैराहे से कुछ टीन की चदरों को दूर धकेला है, वह इसलिए ताकि वाहन आसानी से यू टर्न ले सकें, व बार बार जाम न लगे इतना ही नहीं इतनी जगह बनाई गई है कि वहां वाहन भी पार्क हो सके लेकिन रिक्त कराई गई जगह पर वाहन पार्क हों, इससे पहले ही वहां ठेले वालों ने कब्जा कर लिया है, जिसके बाद समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

## सब्जी मंडी में ठेलों को जगह

हालांकि भोपाल इंदौर राममार्ग के अलावा इलाहबाद बैंक, पंजाब नेशनल बैंक रोड, चंचल रोड, शिव मंदिर के आस पास जितने भी ठेले वर्तमान में लगे हैं उन्हें भवानी रोड पर बनी न्यू सब्जी मण्डी में बाकायदा जगह का आवंटन किया गया है, लेकिन कतिपय ठेले वालों ने उस जगह को किराए पर देकर या खुला छोड़ अपने ठेले मुख्य मार्ग व भीतरी सड़कों पर लगा लिए है, ऐसे में भीतरी मार्गो जिसमें आरा मशीन रोड, पंजाब नेशलन बैंक रोड, डा. बालानी क्लीनिक रोड, स्टेशन रोड, चंचल रोड आदि का यातायात भी बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है लेकिन पुलिस, जिाल एवं नगर निगम प्रशासन कोई कार्रवाई नही कर रहा है।

## साइबर सुरक्षा पर तीन दिनी जागरुकता सत्र आयोजित

# यह वक्त जिम्मेदार डिजीटल नागरिक बनने का है: लोकेश पाटिल



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** भोपाल टेक्नोलॉजी सेन्टर के प्रमाणित एथिकल हैकर और सुरक्षा विशेषज्ञ लोकेश पाटिल ने कहा है कि यह समय प्रत्येक नागरिक के जिम्मेदार डिजीटल बनने का है। यह बात उन्होंने शहीद हेमू कालानी एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय साइबर सुरक्षा जागरुकता सत्र के दौरान कही। सोसायटी के सचिव समाज सेवी घनश्याम बूलचंदानी की विशेष उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में लोकेश पाटिल ने विद्यार्थियों को दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई डिजिटल चुनौतियों के प्रति सचेत करते हुए एक जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड रखने, उसे समय-समय पर बदलने और उपकरणों में एंटीवायरस को नियमित अपडेट रखने पर जोर देते हुए किसी भी ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसके निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा न करने की विशेष सलाह दी, ताकि डेटा चोरी और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचा जा सके। कार्यक्रम को घनश्याम बूलचंदानी ने भी संबोधित किया।

## इनकी रही सहभागिता

टीम के सदस्य गौरव गुप्ता, कपिल मालवीय एवं विदिका तोमर की भी सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने साइबर सुरक्षा के व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग एवं फिशिंग जैसे खतरों से बचाव के अनेक उपाय बताए। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, पासवर्ड सुरक्षा और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग जैसे विषयों पर रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से जागरुकता संदेश प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में छात्रा गुंजन दलवानी ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रथम स्थान प्राप्त किया, उन्हें 10 हजार रुपए की नकद राशि, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं, कक्षा सातवीं की कनिष्का जैन द्वितीय स्थान पर रहीं, जिन्हें सम्मान स्वरूप 7,500 रुपए, मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। तृतीय स्थान पर कक्षा छठवीं की प्राची लालवानी रहीं, जिन्हें 5,000 रुपए की नकद राशि, प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए दो सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। इसमें कक्षा आठवीं की प्रियल जैन को 2500 और कक्षा छठवीं की कांची आहूजा को 2500 की नकद राशि, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को सर्टिफिकेट भी दिए गए।

## मप्र सिंधु भवन बना दुनिया का पहला सनातनी सिंधी ऐप



अब वैवाहिक रजिस्ट्रेशन होगा और भी आसान: मनवानी

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** मध्य प्रदेश सिंधु भवन ट्रस्ट के मैट्रिमोनियल ऐप एंड्राइड वर्जन के साथ-साथ पवे वर्शन एप्पल प्ले स्टोर पर भी रजिस्टर होकर प्रारंभ हो गया है। यह ऐप सनातनी सिंधी समाज का दुनिया का प्रथम ऐप है जिसमे मुख्य रूप से सनातनी सिंधी युवक और युवतियों के लिए वैवाहिक रजिस्ट्रेशन (मैट्रिमोनी रजिस्ट्रेशन) की सुविधा दी गई है, जिससे समाज के समस्त युवक और युवतीयां अपने वैवाहिक रजिस्ट्रेशन इस ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। उक्त जानकारी मप्र सिंधु भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी ने दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के जरिए उचित जीवनसाथी का चुनाव बढ़ी आसानी से किया जा सकता हैं।

## SUDOKU 141

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 5 | | | 3 | | |
| | | | | 2 | | 8 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | 4 |
| | 7 | | 1 | | | | 4 | 6 |
| 6 | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 2 | 5 | | | | 9 | | 1 | |
| 5 | 9 | | | | 8 | | | |
| | | 6 | | 4 | | | | |
| | | 1 | | | 7 | | | 2 |

## SOLUTIONS 140

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 1 | 7 |
| 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 3 | 6 | 7 | 1 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने से मन चिंतित हो सकता है।

**वृषभ :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और आय वृद्धि के योग रहेंगे। व्यवसाय-धंधा भी अच्छा चलेगा।

**मिथुन :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। काम का बोझ अधिक रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और सहकर्मियों के सहयोग से सभी कार्यों में सफलता मिलेगा। कामकाज को लेकर प्रवास पर जा सकते हैं।

**सिंह :** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधे में लाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार को लेकर व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे। मित्रों से सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी।

**तुला :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, जिससे मन व्यथित हो सकता है, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ सकता है। व्यापारियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। रुका हुआ धन वापस मिल सकता है।

**धनु :** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**मकर :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, जिससे सभी कार्य सफल होंगे। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी।

**मीन :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां सफल रहेंगी और कारोबार से संबंधित कार्यों में धन लाभ के योग बनेंगे। हालांकि, भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी।

**आज का पंचांग:** 08 फरवरी रविवार 2026। **दिशाशूल :** पश्चिम दिशा में रहेगा। **भद्रा :** मध्याह्न 03 बजकर 58 मिनट तक। विक्रम संवत 2082 शके 1947 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की सप्तमी 29 घंटे 02 मिनट तक तत्पश्चात अष्टमी, स्वाति नक्षत्र 29 घंटे 03 मिनट तक तत्पश्चात विशाखा नक्षत्र, गंड योग 24 घंटे 08 तक तत्पश्चात वृद्धि योग, तुला में चंद्रमा।

# मजाक बन गई आरटीआई एवं सीएम हेल्प लाइन, सज्जनों की कर रहे छवि खराब

पूर्व जज के माध्यम से 10 लाख का दावा लगाया

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** इन दिनों आरटीआई एवं सीएम हेल्प लाइन को कतिपय स्वार्थी लोगों ने मजाक बना दिया है, जिसमें आधे से अधिक जानकारी ब्लैकमेलर जुटा रहे हैं और ऐसा करते हुए वे किसी भी शरीफ व्यक्ति की इज्जत उछालने में भी बाज नहीं आ रहे हैं। अब ऐसी ही एक व्यक्ति को न केवल मानहानि के नोटिस का सामना करना पड़ रहा है बल्कि उस पर पूर्व जज के मार्फत 10 लाख का दावा भी ठोका गया है। आरटीआई एवं सीएम हेल्प लाइन आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण निर्णय था, जिसमें इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की गई कि इससे आम जनता की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द होगा और लापरवाह अधिकारियों पर नकेल कसेगी, साथ ही पारदिर्शता आएगी, लेकिन कुछ साल ठीक चलने के बाद आरटीआई बल्कि सीएम हेल्प लाइन का भारी दुरूपयोग होने लगा है।

**झूठी शिकायतों का अंबार:** आरटीआई एवं सीएम हेल्प लाइन झूठी शिकायतों से भरी पड़ी है, जिसके जरिए समाज के असामाजिक तत्व भोले-भाले लोगों को ब्लैकमेल करने लगे हैं, ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें लालघाटी क्षेत्र के निवासी एक आदतन शिकायतकर्ता ने इस बार एक पत्रकार को ही निशाना बनाया, लेकिन अब वह जल्द ही कानूनी शिकंजे में आने वाला है।

**न्याय संहिता के तहत कार्रवाई:** वरिष्ठ अधिवक्ता एमजेड कुरैशी द्वारा भेजे गए नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि लालघाटी क्षेत्र निवासी व्यक्ति जो लंबे समय से लोकायुक्त, जिला व नगर निगम प्रशासन को झूठी शिकायतें कर शरीफ लोगों को ब्लैकमेल कर रहा है, सीएम लाइन का उपयोग कर जानबूझकर दिलीप हिरोनी के लिए जालसाज जैसे आपराधिक शब्दावलियों का प्रयोग किया है। यह भारतीय न्याय संहिता के तहत मानहानि और मिथ्या सूचना देने के गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। नोटिस में कहा गया है कि यदि आरोपी ने तय समय सीमा में माफी नहीं मांगी और हर्जाना नहीं चुकाया, तो उसके विरुद्ध न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाएगा।

## भेजा मानहानि का नोटिस



सीएम हेल्पलाइन सुविधा में छवि धूमिल करने के मामले ने अब कानून ने तूल पकड़ लिया है। राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार एवं समाजसेवी दिलीप हिरोनी ने वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सेवानिवृत्त सत्र न्यायाधीश एमजेड कुरैशी के माध्यम से आरोपी पक्ष को आपराधिक मानहानि का नोटिस भेजा है। नोटिस में 10 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति और लिखित माफी की मांग की गई है।

**डीजीपी को सौंपा आवेदन:** इस बीच दिलीप हिरोनी ने पुलिस महानिदेशक को भी एक विस्तृत आवेदन सौंपकर इस पूरे मामले की एसआईटी से कराने की मांग की है। उन्होंने साक्ष्य पेश किए हैं कि कैसे राजधानी एवं संत हिरदाराम नगर, गांधीनगर आदि एक एक संगठित गिरोह आरटीआई और सरकारी पोर्टल्स का उपयोग कर सामाजिक संस्थाओं और प्रतिष्ठित नागरिकों को प्रताड़ित कर रहा है।

## नवविवाहिता ने लगाई फांसी

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका ने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमल कुमार जैन आत्मज श्री मोतीलाल जैन एवं विवेक कुमार जैन आत्मज श्री कमल कुमार जैन, दोनों वयस्क, दोनों निवासी मकान नंबर 02, इमली वाली गली, काजीपुरा, भोपाल द्वारा अपने स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति मकान नंबर ई, जिसके प्लाट का कुल क्षेत्रफल 676.26 वर्गफिट अर्थात् 62.25 वर्गमीटर है एवं मकान नंबर एफ, जिसके प्लाट का कुल क्षेत्रफल 688.30 वर्गफिट अर्थात् 63.97 वर्गमीटर है तथा जो मोहल्ला अट्टा सुजा खां, मस्जिद खकूर खान के पीछे, ललवानी प्रेस गली, वार्ड नंबर 20, भोपाल में स्थित है, उक्त सम्पत्ति को श्री कमल कुमार जैन आत्मज श्री मोतीलाल जैन एवं विवेक कुमार जैन आत्मज श्री कमल कुमार जैन द्वारा श्री मदन गोपाल राठी आत्मज श्री मेघराज राठी की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती चंदा देवी राठी पत्नी स्व. श्री मदन गोपाल राठी से रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र दिनांक 08.08.2013 के द्वारा उसका पूर्ण मूल्य चुकाकर क्रय किया है. जिसका पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रन्थ 1590 पर क्रमशः दस्तावेज क्रमांक 4/1484 एवं 4/1485 देकर पंजीकृत किया गया है, को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड, भोपाल के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अशासकीय विभाग, स्व. श्री मदन गोपाल राठी आत्मज श्री मेघराज राठी के अन्य किसी वारिस आदि का कोई लेना-देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ऊपरवर्णित समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड यह मानते हुए कि किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है, उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर श्री कमल कुमार जैन आत्मज श्री मोतीलाल जैन एवं विवेक कुमार जैन आत्मज श्री कमल कुमार जैन को ऋण प्रदान कर देगी तथा भविष्य में मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भवदीय राजीव चिमोटे अधिवक्ता
कार्यालय- फ्लेट नं. टी-7, प्लाट नं. 29-ए, तृतीय तल, राजा परिसर, जोन-II, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.09827232096, फोन.0755-4503607

# ग्लोबल स्कूल से नगदी और चांदी की मूति चोरी

**जागरण प्रतिनिधि औबेदुल्लागंज।** अज्ञात चोर ने नगर के गौहरगंज मार्ग स्थित ग्लोबल स्कूल में प्रिंसिपल एवं फीस काउंटर कक्ष में पीछे से खिड़की के रास्ते घुसकर चोरी को अंजाम दिया, जिसमें 30 हजार नगद और 31 हजार की चांदी की मूर्ति एवं अन्य सामग्री ले गए। इसके पूर्व विगत 1 माह में अज्ञात चोर बंसल कॉलेज, राज हाईट स्कूल, मंगलम स्कूल को भी अपना निशाना बना चुके हैं जिसमें 3 लाख की चोरी हो चुकी है। थाना प्रभारी भरत प्रताप सिंह के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात में अज्ञात चोर ग्लोबल स्कूल के पीछे से घुसकर प्राचार्य कक्ष एवं फीस काउंटर की खिड़की से अंदर घुसकर 61000 मूल्य की नगद एवं सामग्री चुरा ले गए। जानकारी लगने के तुरंत बाद सुबह टी आई भारत प्रताप टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की, साथ ही डॉग स्कॉट एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया और इसके आधार पर जांच प्रारंभ की। स्कूल प्राचार्य की रिपोर्ट पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामला को जांच में ले लिया है।



## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अक्षय मीणा की CBSE 10वीं की मार्क सीट में मेरा नाम त्रुटिवश संतोष मीणा अंकित हो गया है, मेरा सही नाम संतोष कुमार मीणा है। भविष्य में सभी शैक्षणिक एवं सरकारी अभिलेखो में मेरा नाम संतोष कुमार मीणा मान्य किया जाये।
दिनांक 07/02/2026
संतोष कुमार मीणा
पिता श्री शंकरलाल मीणा
निवासी एल आई जी 203 पुष्पा अपार्टमेन्ट भारत टाकिज के पास भोपाल

# युवा विकास में मदद करेगा बजट : खत्री

## विकसित भारत का केंद्रीय बजट पर युवा संवाद संपन्न



**जागरण, बैरसिया।** भारतीय जनता पार्टी जिला भोपाल ग्रामीण ने शनिवार को गुरुकुल कॉलेज बैरसिया में विकसित भारत के केंद्रीय बजट 2026 पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजित किया गया। युवा संबाद कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। ततपश्चात कॉलेज के डारेक्टर चौहान सिह मीणा ने अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल ओर पुष्पगुच्छ देकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यवक्ता क्षेत्रीय विधायक विष्णुखत्री ने कहा हम एक विषय को बार- बार सुनते हैं, विकसित देश। इसका अर्थ है 2047 में जब हम भारत का 100 वीं आजादी मनायेगा तब तक हमारा भारत देश विकसित देश होगा। आगे विधायक खत्री ने केंद्रीय बजट को युवा विकास में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रमोद राजपूत , जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जिला महामंत्री कुबेर सिह गुर्जर ने भी संम्बोधित करते हुए युवाओ ओर छात्र छात्राओं से बजट पर संवाद किया। संचालन लोकेंद्र सिह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्यनारायण शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिह तोमर, गुरुकुल कॉलेज के डारेक्टर चौहान सिह मीणा, मंडल अध्यक्ष राम बावू गुर्जर, संजय कुशवाह, दीपक रूद्र सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता और युवा छात्र मौजूद रहे।

## सरपंच पति कर रहा शासकीय कार्यों में हस्तक्षेप

**औबेदुल्लागंज।** ग्राम पंचायत गौहरगंज में खुलेआम महिला अधिकारों के हनन का मामला दिखाई दे रहा है। सरपंच पति द्वारा तमाम शासकीय कार्यों में खुला हस्तक्षेप किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के अधिकतर लोगों का मानना है कि हमने कभी पंचायत भवन में हमारी निर्वाचित सरपंच को नहीं देखा। बता दें कि गौहरगंज महिला सरपंच सिर्फ जरूरी फाइलों पर साइन करने तक ही सीमित हैं।

## आरजीपीवी में दो दिनी अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल कॉन्फ्रेंस संपन्न

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) भोपाल के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा हाइब्रिड मोड पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में किया गया। कॉन्फ्रेंस का विषय इमैजिनरी लॉजिकः क्रिएटिव इनोवेशन और ट्रांसलेशन ड्रग डिलीवरी के बीच की दूरी को पाटना था। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य फार्मास्यूटिकल विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान एवं जन-स्वास्थ्य के बीच प्रभावी समन्वय को सुदृढ़ करना रहा। कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा करते हुए ट्रांसलेशनल रिसर्च की भूमिका पर विशेष जोर दिया, जो प्रयोगशाला से समाज तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण मानी जाती है। कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न तकनीकी सत्र, शोध पत्र प्रस्तुतियाँ एवं परिचर्चाएं आयोजित की गईं।

## M.P. POWER GENERATING COMPANY LTD.

OFFICE OF THE Addl. C.E. (P&W), SHREE SINGAJI THERMAL POWER PROJECT
Dongalia Distt. Khandwa (M.P.), E-mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com
No. 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/9581 Dated : 06.02.2026

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) (including GST) | Tender Cost & EMD in Rs. | Last Date and Time for Closing of Online Submission |
|---|---|---|---|
| Procurement of various size HT Fasteners used for Boiler & Turbine Onsite Area of 2x600MW Units at SSTPP, MPPGCL, Dongalia (T-2025_MPPGC_465770_1) | Rs. 58,33,195/- Inclusive of GST | 2000/- & 1,16,700/- | 17.02.2026 Up to 15:30 hrs. |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/124383/2026 //SAVE ELECTRICITY// SE (P&W)

## कार्यालय परिसमापक सहकारी संस्थाऐं जिला नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रमांक/परि. / 2026 /क्यू दिनांक 30.01.2026

### विशेष साधारण सभा की सूचना

संस्था के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के परिसमापन के आधीन निम्न संस्थाओं के पंजीयन निरस्त करने हेतु विशेष साधारण सभा का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के पंजीयन निरस्ती हेतु आमसभा किया जाना आवश्यक है। अतः संस्था के सभी सदस्यों को म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1962 के नियम 57 (एल) के प्रावधानों के अंतर्गत समय दोपहर 01:00 बजे नाम के सामने दिये गये स्थान परं आमसभा आहूत की गई है। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है । गणपूर्ति के लिए अधिनियम / नियम / उपविधि / अनुसार होगा।

| क. | परिसमापन समिति का नाम | पंजीयन कमांक/ दिनांक | आमसभा की दिनांक एवं समय | आमसभा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तवा विस्थापित एवं प्रभावित आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्या. सारंगपुर | 2512/27.10.1995 | 19.02.2026 समय सुबह 11.00 बजे | जिला सहकारी बैंकशाखा सोहागपुर |
| 2 | तवा विस्थापित एवं प्रभावित आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्या.पाठई | 2522/05.12.1995 | 19.02.2026 समय दोपहर 2.00 बजे | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा सोहागपुर |
| 3 | कृषक उर्जा विकास उत्पाद सहकारी समिति मर्या. भटबाडी | 3350/29.10.2016 | 20.02.2026 समय दोपहर 12.00 बजे | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा बाबई |
| 4 | तवा विस्थापित एवं प्रभावित आदिवासी मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्या. चाटुआ | 2510/27.10.1995 | 26.02.2026 समय दोपहनर 2.00 बजे | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा पुरानी इटारसी |

जी-25510/25
परिसमापक / उपअंकेक्षक
कार्या. उप आयुक्त सहकारिता नर्मदापुरम, जिला नर्मदापुरम

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार

सबरंग जीवन के
दैनिक जागरण
भोपाल, 8 फरवरी 2026





इंटरनेट पर उपलब्ध डेटिंग एप्स का इस्तेमाल ज़्यादातर लोग पार्टनर की तलाश के लिए करते हैं। लेकिन अब युवा डेटिंग एप में क्रिएटिविटी दिखा रहे हैं। अब वे इस पर सिर्फ पार्टनर ही नहीं नौकरियां भी खोज रहे हैं। टिफ़नी चाऊ ने इंटर्नशिप ढूंढने के लिए ऐसे ही एक डेटिंग एप का इस्तेमाल किया। कैलिफोर्निया कॉलेज ऑफ आर्ट्स की 20 साल की जूनियर ने अपनी हिंज प्रोफ़ाइल को ऐसे लोगों से कनेक्ट करने के लिए तैयार किया जो जॉब रेफरल या इंटरव्यू दे सकें, इस दौरान एक मैच उसे एक हैलोवीन पार्टी में ले गया, जहाँ उसने गर्मियों के लिए प्रोडक्ट-डिज़ाइन इंटर्नशिप पाने की उम्मीद में नेटवर्किंग की। वहाँ, उसे एक्सेंचर में हाल ही में इंटरव्यू देने वाले किसी व्यक्ति से कुछ टिप्स मिले। चाऊ ने कहा, मुझे लगता है कि डेटिंग ऐप्स बाकी सब चीज़ों की तरह एक और नेटवर्किंग प्लेटफ़ॉर्म है, जैसे इंस्टाग्राम या लिंक्ड इन।

चाऊ उन वर्कर्स में से हैं जो अपनी नौकरी की तलाश को बढ़ाने के लिए डेटिंग एप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। वे मान रहे हैं कि ऑनलाइन जॉब ढूंढना मुश्किल हो गया है क्योंकि इस समय सिस्टम में बेरोजगार वर्कर की भरमार है। एआई रिज्यूमे को छांट रहा है और कई जॉब मैचिंग प्रोग्राम पर बहुत ज़्यादा दबाव है। ऑटोमेशन ने हायरिंग से इंसानी संपर्क को खत्म कर दिया है। यही वजह है कि एप्लिकेंट किसी भी तरह से हायरिंग मैनेजर तक पर्सनली पहुंचने के लिए मजबूर हो गए हैं, चाहे कोई भी तरीका हो। ब्यूरो ऑफ़ लेबर स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, यूएस में कुल बेरोज़गारी दर 2025 तक बढ़ती रही, जो 4.6फीसद तक पहुंच गई। और जबकि नवंबर में बेरोज़गार हाई स्कूल ग्रेजुएट की संख्या लगभग 4.4फीसद पर स्थिर रही, बैचलर डिग्री वाले वर्कर की दर एक साल पहले के 2.5फीसद से बढ़कर 2.9फीसद हो गई।




# क्रिएटिव ट्रेंड- डेटिंग ऐप्स के जरिए प्रोफेशनल नेटवर्किंग

## कंपनियां ताकीद कर रही

कुछ कंपनियाँ चाहती हैं कि यूज़र्स फ़ोकस्ड रहें। बम्बल के एक स्पोक्सपर्सन ने बताया कि नौकरी के मौके ढूंढने के लिए मुख्य रूप से बम्बल डेट का इस्तेमाल करना हमारे मिशन से मेल नहीं खाता है और हमारी कम्युनिटी के लिए एक असली एक्सपीरियंस नहीं बनाता है। मैच ग्रुप के एक रिप्रेजेंटेटिव, जो डेटिंग ऐप्स, मैच, टिंडर, हिंज को ऑपरेट करता है, ने कोई कमेंट नहीं किया, लेकिन उसकी साइट्स पर दी गई गाइडलाइंस डेटिंग से भटकने से रोकती हैं। कंपनी यूज़र्स को चेतावनी देती है कि ऐप असली रिश्ता ढूंढने के मकसद के लिए है, और हिंज अपने ऐप पर कहता है कि वह सिर्फ डेटिंग के बिज़नेस में है, 'कॉमर्स' के नहीं। टिंडर का कहना है कि पार्टिसिपेंट्स को बिज़नेस वाले नहीं, बल्कि पर्सनल कनेक्शन बनाने चाहिए।

## जॉब हुक-अप के लिए ढूंढे मैच

रिज्यूमे.कॉम द्वारा लगभग 2,200 डेटिंग साइट कस्टमर पर किए गए सर्वे के अनुसार, लगभग एक तिहाई डेटिंग ऐप यूज़र ने कहा कि उन्होंने जॉब हुक-अप के लिए मैच ढूंढे थे। दो-तिहाई ने उन संभावित पैरामो को टारगेट किया जो एक पसंदीदा एम्प्लॉयर के लिए काम करते थे। तीन-चौथाई ने कहा कि उन्हें उन लोगों से मैच मिला, जो उन रोल में काम कर रहे थे, जो वे चाहते थे। यह आइडिया सिर्फ़ जेन जी डिजिटल लोगों के लिए नहीं है। रिज्यूमे.कॉम की चीफ़ करियर एडवाइज़र स्टेसी हॉलर ने कहा कि नौकरी ढूंढने वाले लगभग आधे लोगों ने 200,000 से ज़्यादा की इनकम बताई, जिससे पता चलता है कि वे ज़्यादा अनुभवी, सीनियर एम्प्लॉई हैं। उन्होंने कहा, लोग अपने नेटवर्क बढ़ाने और कनेक्शन बनाने के लिए ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि आज नौकरी पाने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप किसे जानते हैं। नेटवर्किंग ही एकमात्र तरीका है जिससे लोग आज नौकरी ढूंढने के डरावने शो से ऊपर उठ रहे हैं। ग्रिंडर के चीफ़ प्रोडक्ट ऑफ़िसर एजे बैलेंस ने कहा कि डेटिंग कंपनियों ने इस पर ध्यान दिया है, एलजीबीटीक्यू फ़ोकस्ड प्लेटफ़ॉर्म मूल रूप से कैजुअल डेटिंग के लिए डिज़ाइन किया गया था, लेकिन अब यह लगभग 15 मिलियन मंथली एवरेज यूज़र्स को अट्रैक्ट करता है जो सीरियस रिलेशनशिप, दोस्ती, ट्रैवल कम्पैनियन भी ढूंढ रहे हैं और लगभग एक चौथाई यूज़र्स नेटवर्किंग के लिए इस पर आ रहे है।

# छोटे डॉट्स बड़ा स्टाइल

मशहूर पेपी नंबर 'इट्सी बिट्सी टीनी वीनी येलो पोल्का डॉट बिकिनी' भले ही छह दशक से भी पहले आया हो, लेकिन यह चंचल, क्लासिक, पोल्का डॉट डिज़ाइन हमेशा के लिए बना रहा। हाल ही में, एक पॉपुलर सोशल मीडिया ऐप ने पोल्का डॉट्स को टॉप ट्रेंड्स में से एक बताया - और यह साफ़ है कि ये स्पॉट्स फिर से चलन में हैं। रनवे से लेकर होम डेकोर तक, आइकॉनिक पोल्का प्रिंट नई एनर्जी के साथ फिर से सामने आया है।

● इक्याथा येरासला ●



पोल्का डॉट्स में आखिर ऐसा क्या खास है कि फैशन के दीवाने लोग इसके पीछे पागल हैं? एक फैशन डिज़ाइन इंटर्न, हर्षिता ठक्कर बताती हैं, पोल्का डॉट्स दशकों से फैशन का पसंदीदा रहा है, जिसमें मर्लिन मुनरो, ऑड्रे हेपबर्न और प्रिंसेस डायना जैसी मशहूर हस्तियां इन्हें पहनती थीं।



पोल्का डॉट्स को किसी भी ड्रेस के साथ पहना जा सकता है, जिससे वे अलग-अलग मौकों के लिए सही बन जाते हैं। हाल ही में भोपाल में हुई आईएफएस मीट में एक डांस नंबर में पूरा ग्रुप रेट्रो स्टाइल पोल्का डॉट की थीम में आया।

महिलाओं के वेस्टर्न वियर ब्रांड की फाउंडर शिप्रा विनय का मानना है, पोल्का डॉट्स किसी भी आउटफिट का वाइब पूरी तरह से बदल सकते हैं।



पोल्का डॉट्स, जो असल में 1800 के दशक के बीच में महिलाओं के कपड़ों में सामने आए थे, उन कुछ प्रिंट्स में से एक है जो फैशन के मज़ेदार और फॉर्मल, दोनों पहलुओं को निभा सकते हैं। उनका स्केल और प्लेसमेंट आउटफिट के वाइब को पूरी तरह से बदल सकता है - छोटे डॉट्स हल्के और फेमिनिन लगते हैं, जबकि बड़े डॉट्स बोल्ड और कंटेंपररी लगते हैं। शिप्रा बताती हैं कि रेखा और डिंपल कपाड़िया के ज़माने में बॉलीवुड में 'पोल्कामेनिया' का क्रेज़ था। अब बॉलीवुड में पोल्का डॉट्स फिर से वापसी कर रहा है, रेड कार्पेट पर तमन्ना के आउटफिट ने साबित कर दिया है कि यह ग्लोबल टाइमलेस ट्रेंड्स में से एक है।

पोल्का डॉट्स ने ऑटम/विंटर 2025 रनवे सीज़न के दौरान भी अपनी मौजूदगी का ज़ोरदार एहसास कराया। मॉडल लावण्या एस. का कहना है, ये पुरानी यादें ताज़ा करते हैं, लेकिन हर बार जब ये वापस आते हैं, तो डिज़ाइनर इन्हें नए तरीके से दिखाते हैं। इसे साड़ी या हल्की टाई की तरह पहना जा सकता है।

**वापस आ गया वर्सटाइल पोल्का डॉट.... फिर से चर्चा में हैं पोल्का प्रिंट्स**

## ट्रेंडी हो या क्लासिक हर स्टाइल में चलता है

आप सॉलिड टॉप के नीचे पोल्का डॉट पीस, जैसे स्कार्फ़ या ब्लेज़र लाइनिंग, पहनकर और भी मज़ेदार लुक पा सकते हैं। आप ट्रेंडी लुक के लिए पोल्का डॉट्स को स्ट्राइप्स, फ्लोरल या चेक्स के साथ भी मिला सकते हैं, और एक ही पैटर्न को ज़्यादा अहमियत देते हुए। हर्षिता कहती हैं, आप क्लासिक लुक के लिए पोल्का डॉट्स को फिट-एंड-फ्लेयर ड्रेस, हाई-वेस्टेड ट्राउज़र या मिडी स्कर्ट के साथ पहन सकते हैं, और यह भी बताया कि पोल्का डॉट एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल लुक को बेहतर बनाने के लिए भी किया जा सकता है। वह आगे कहती हैं, ड्रेस या टॉप में मज़ेदार टच देने के लिए पोल्का डॉट बेल्ट का इस्तेमाल करें। शिप्रा का मानना है, गर्दन पर बंधा पोल्का डॉट स्कार्फ़ या पोल्का डॉट नेल आर्ट जैसी कोई छोटी चीज़ आपके लुक को तुरंत बेहतर बना सकती है और बातचीत का विषय बन सकती है। फ़ैशन के अलावा, पोल्का डॉट्स अब लाइफस्टाइल स्पेस में भी आ रहे हैं, जिसमें डॉटेड अपहोल्स्ट्री, सिरेमिक और वॉलपेपर वाले इंटीरियर वापस आ रहे हैं। ब्यूटी ट्रेंड्स ने भी इस लुक को अपना लिया है। फ़ैशन के हमेशा बदलते ट्रेंड में, पोल्का डॉट्स फिर से चर्चा में आ रहे हैं।

# नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेसः मेटे-मारिट

चर्चा में



क्राउन प्रिंसेस मेटे-मैरिट नॉर्वे के शाही परिवार की सदस्य और क्राउन प्रिंस हाकॉन की पत्नी हैं। 19 अगस्त 1973 को जन्मीं मेटे-मैरिट, 2001 में शादी के बाद नॉर्वे की युवराज राजकुमारी बनीं। एक आम नागरिक पृष्ठभूमि से आने और एक सिंगल मदर होने के कारण उनकी शादी का काफी विरोध हुआ था। वे वर्तमान में क्रोनिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (फेफड़ों की बीमारी) से पीड़ित हैं। उनके दो बच्चे हैं- प्रिंसेस इंग्रिड एलेक्जेंड्रा और प्रिंस स्वेरे मैग्नस। उनका एक बेटा मारियस बोर्ग होइबी भी है, जो पहले संबंध से है।

नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट आज शाही इतिहास के सबसे बड़े विवादों में से एक का केंद्र बन गई हैं। वजह उनके बेटे पर लगे 38 गंभीर आरोपों के साथ उनके खुद के संबंधों की पुख्ता दस्तावेजी पहचान है। अमेरिका के न्याय विभाग ने एपस्टीन फाइल्स के रूप में भारी संख्या में अभिलेख जारी किए, जिनमें मेटे का नाम 1000 से अधिक बार आया है। फाइल्स सामने आने के बाद उन्होंने बयान दिया, 'मेरी निर्णय-क्षमता उस दौरान कमजोर थी। मुझे इसका गहरा पछतावा है।' यह पहला मौका है जब शाही परिवार को किसी अंतरराष्ट्रीय अपराधी के रिकॉर्ड में इस हद तक जोड़ा गया।

> शाही इतिहास के सबसे बड़े विवादों में से एक का केंद्र, बचपन ड्रग्स के चंगुल में बीता, अविवाहित मां बनीं; शाही परिवार में शादी के लिए टीवी पर मांगी माफी। हाल ही में चर्चित एपस्टीन फाइल्स में मेटे-मारिट का नाम 1000 से अधिक बार आने से फिर अंतरराष्ट्रीय गलियारों में चर्चा में हैं।

मेटे-मारिट का जीवन शुरू से ही परंपरागत शाही कहानियों से अलग रहा है। 19 अगस्त 1973 को नॉर्वे के क्रिस्टियानसैंड में जन्मीं मेटे के माता-पिता का 1980 के दशक में तलाक हो गया। इसके बाद उनका किशोर जीवन अस्थिरता, गलत संगत और ड्रग्स की लत से घिरा रहा। 1997 में उन्होंने एक बेटे, मारियस बोर्ग होइबी, को जन्म दिया। अविवाहित मां के रूप में उनका सार्वजनिक जीवन नॉर्वे में बहस का विषय बन गया। विवाह से पहले वर्ष 2000 में मेटे-मारिट ने राष्ट्रीय टेलीविजन पर आकर अपने ड्रग-सर्किल वाले अतीत के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। अगस्त 2001 में उनका विवाह हुआ। 2014 में उन्होंने 'लिटरेचर ट्रेन' की शुरुआत की और मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बोलीं। 2018 में उन्होंने अपनी दुर्लभ बीमारी, क्रॉनिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस को सार्वजनिक कर एक बार फिर पारदर्शिता दिखाई।

## जेफरी एपस्टीन से जुड़ा नाम

नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट हाल ही में जारी फाइलों के बाद जांच के दायरे में आ गई हैं, जिनमें उन्हें दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़ा गया है। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए लगभग तीन मिलियन दस्तावेजों में 52 वर्षीय राजकुमारी का लगभग 1,000 बार उल्लेख किया गया है।

इन फाइलों से पता चलता है कि मेटे-मैरिट का 2011 से 2014 के बीच एपस्टीन के साथ व्यापक संपर्क था। उनके पिछले रिश्ते से एक बेटा, 29 साल के मारियस बोर्ग होइबी नॉर्वे में चार महिलाओं के साथ कथित बलात्कार का आरोप है। उनके मुकदमे और एपस्टीन फाइलों के जारी होने से नॉर्वे का शाही परिवार असहज सार्वजनिक चर्चा में आ गया है।

इन दस्तावेजों में मेटे-मैरिट और एपस्टीन के बीच हुए दर्जनों ईमेल शामिल हैं। कुछ संदेशों से दोस्ताना और कभी-कभी शरारती लहजे का पता चलता है। 2012 में, क्राउन प्रिंसेस ने एपस्टीन को 'मनमोहक' कहा और उन्हें 'प्यारा' बताया। रिकॉर्ड से यह भी पता चलता है कि उन्होंने 2013 में एपस्टीन के पाम बीच, फ्लोरिडा स्थित घर पर चार दिन बिताए थे, हालांकि बताया जाता है कि उस समय एपस्टीन वहां मौजूद नहीं थे।

सबसे विवादित ईमेलों में से एक में उनके बेटे मारियस के बारे में चर्चा शामिल है। नवंबर 2012 में, जब मारियस 15 वर्ष का था, मेटे-मैरिट ने एपस्टीन से पूछा कि क्या उनके बेटे के लिए एक ऐसा वॉलपेपर लगाना अनुचित होगा जिसमें दो नग्न महिलाएं सर्फ़बोर्ड लिए हुए हों। एपस्टीन ने जवाब दिया, उन्हें फैसला करने दो, मां को इसमें दखल नहीं देना चाहिए।

नॉर्वेजियन मीडिया ने इस ईमेल को व्यापक रूप से कवर किया, इन खुलासों के जवाब में, मेटे-मैरिट ने एक बयान जारी कर एपस्टीन के पीड़ितों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने अपनी गलती मानते हुए कहा कि वह एपस्टीन की पृष्ठभूमि की ठीक से जांच करने में विफल रहीं और यह जल्दी नहीं समझ पाईं कि वह किस तरह का व्यक्ति था।

# फोकस नरवणे की 'अप्रकाशित' किताब पर क्यों हो रहा हंगामा

> लोकसभा में कांग्रेस के सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कारवां मैगजीन में एक अप्रकाशित किताब (फॉर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी) पर छपे लेख के अंश पढ़ने की कोशिश की थी। यह किताब पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद (एमएम) नरवणे ने लिखी है।

राहुल गांधी जिस अप्रकाशित किताब के कुछ अंश पढ़ रहे थे, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह किताब जनवरी 2024 में बाजार में आने वाली थी लेकिन भारतीय सेना इस किताब की जांच कर रही है। रिपोर्ट्स में कहा गया कि प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस को कहा गया था कि जांच पूरी होने तक किताब के हिस्से या सॉफ़्ट कॉपी किसी को न दें। रक्षा मंत्रालय भी इस जांच में किसी स्तर पर शामिल बताया गया था। तब से अब तक यह जांच चल रही है।

## इंदौर से पढ़े हैं जनरल नरवणे

जनरल मनोज मुकुंद नरवणे दिसंबर 2019 से अप्रैल 2022 तक भारतीय सेना के 28वें सेना प्रमुख (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) रहे हैं। उन्होंने भारतीय सेना का उस वक्त नेतृत्व किया, जब पूरी दुनिया में कोरोना वायरस फैला हुआ था और गलवान घाटी में चीन के साथ भारत का तनाव चल रहा था। मनोज नरवणे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पुणे के ज्ञान प्रबोधिनी स्कूल से प्राप्त की। वे नेशनल डिफेंस एकेडमी खड़कवासला (पुणे) और इंडियन मिलिट्री एकेडमी के रास्ते भारतीय सेना में अफसर बने थे। युद्ध के मैदान से इतर उनकी पढ़ने-लिखने में भी खूब रुचि रही है। नरवणे ने इंदौर की देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट स्टडीज में एम।फिल। किया है। मनोज नरवणे के पिता मुकुंद नरवणे वायु सेना में अधिकारी थे। मनोज नरवणे की पत्नी शिक्षिका हैं। नरवणे दंपति की दो बेटियां हैं। जनरल नरवणे के सैन्य करियर का सबसे महत्वपूर्ण मोड़ 2020 का लद्दाख गतिरोध था।






## रणनीति में किया बदलाव

रिपोर्ट कहती है, आधिकारिक सेना के रिकॉर्ड और उनके अपने पुराने बयानों के अनुसार, जून 2020 में पेट्रोलिंग पॉइंट 14 पर तनाव चरम पर पहुंच गया था। चीनी सेना ने तय बफर जोन से अपने टेंट हटाने से मना कर दिया। जब कर्नल संतोष बाबू के नेतृत्व में भारतीय सैनिकों ने उन्हें रोकने के लिए कदम बढ़ाए तो हिंसक झड़प हो गई। जनरल नरवणे ने भारत की रणनीति में बड़ा बदलाव किया। पहले सिर्फ़ बचाव की नीति थी, लेकिन उन्होंने ऑफेंसिव डिफेंस अपनाया। रिपोर्ट में कहा गया है, नरवणे ने कैलाश रेंज पर भारतीय टैंक तैनात किए, इस कदम से चीनी सेना को पीछे हटना पड़ा। उन्होंने आधिकारिक तौर पर 16 जून 2020 को अपने करियर का सबसे दुखद दिन बताया, क्योंकि उस दिन 20 सैनिक शहीद हो गए।

## 2023 में ही बाहर आए थे किताब के हिस्से

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है, यह किताब 2020 में चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में हुए सैन्य विवाद के बारे में बताती है। इसमें गलवान घाटी की झड़प और अग्निपथ योजना का भी जिक्र है। इस किताब में 31 अगस्त 2020 की रात को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से हुई बातचीत का जिक्र है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि दिसंबर 2023 में, न्यूज एजेंसी पीटीआई ने जनरल नरवणे की किताब से कुछ हिस्से छापे थे। इसमें भी 31 अगस्त की शाम की घटना का विस्तार से जिक्र था। इस घटना के बारे में अब कारवां मैगजीन में भी एक आर्टिकल छपा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इसी आर्टिकल में छपे अंश को संसद में पढ़ना चाहते थे। बाद में कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया पर कारवां मैगजीन में छपे लेख के वो पन्ने पोस्ट कर दिए थे जिनमें 31 अगस्त की शाम का जिक्र था।

## नरवणे के नाम हैं ये उपलब्धियां

- लंदन स्पीकर ब्यूरो के अनुसार, नरवणे के समय में मेक इन इंडिया के तहत कई बड़े हथियार ख़रीदने के प्रोजेक्ट शुरू हुए, जिनकी कीमत 11,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा थी। इससे भारतीय सेना को अपने हथियार बनाने की ताकत मिली और विदेशी सामान पर निर्भरता कम हुई।
- इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) में लड़कियों को कैडेट बनने की अनुमति देने का ऐतिहासिक फैसला नरवणे के कार्यकाल में ही हुआ था। इसे सेना में लैंगिक समानता की दिशा में बड़ा कदम था।
- सेना प्रमुख बनने से पहले नरवणे कोलकाता में पूर्वी कमान के प्रमुख थे। नरवणे दिल्ली के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। जनरल नरवणे ऑपरेशन पवन के दौरान श्रीलंका में तैनात भारतीय शांति सेना के सदस्य भी थे। उन्होंने म्यांमार दूतावास में भी तीन साल तक काम किया है।
- पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे कई बार सम्मानित किए जा चुके हैं। उन्हें जम्मू-कश्मीर में बटालियन का नेतृत्व करने के लिए सेना मेडल, नागालैंड में असम राइफल्स (उत्तर) के इंस्पेक्टर जनरल के रूप में सेवा के लिए विशिष्ट सेवा मेडल, स्ट्राइक कोर का नेतृत्व करने के लिए अति विशिष्ट सेवा मेडल और आर्मी ट्रेनिंग कमांड में जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में सेवा देने के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल मिला।

## मौसम अपडेट

**प्रदेश के चार महानगरों का तापमान**




**देश के चार महानगरों का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 25.1 | 11.8 |
| मुंबई | 34.6 | 19.7 |
| चेन्नई | 35.0 | 16.0 |
| कोलकाता | 26.2 | 14.4 |

सूर्यास्त 6:11 PM
सूर्योदय 6:58 AM
चन्द्रोदय 11:19 AM
चन्द्रास्त 10:07 PM

## सिंगरौली जेल में कैदी की संदिग्ध मौत

**जागरण, सिंगरौली।** जिला जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने जेल प्रबंधन पर मारपीट और प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए है। वहीं मामले को गंभीर मानते हुए प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। दरअसल मृतक की पहचान रमाकांत पटेल निवासी बनौली गांव, खुटार चौकी क्षेत्र के रूप में हुई है, उसे 18 दिसंबर 2025 को मादक पदार्थ गांजा उगाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तब से वह विचाराधीन कैदी के रूप में बंद था। परिजनों का कहना है कि जेल प्रशासन ने पहले कभी तबीयत खराब होने की सूचना नहीं दी। अचानक फोन कर हालत बिगड़ने की जानकारी दी गई, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

## शहडोल में दो बाघों की मौत पर डिप्टी रेंजर समेत बीट गार्ड सस्पेंड

**जागरण, शहडोल।** जिले में दो बाघों की मौत के मामले में वन विभाग ने डिप्टी रेंजर समेत एक बीट गार्ड को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई खेत में लगाए गए बिजली के करंट की चपेट में आकर एक नर बाघ और एक मादा बाघिन की मौत के मामले में लापरवाही बरतने पर की है। इस मामले में करंट फैलाने वाले सात आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल यह मामला वन परिक्षेत्र जयसिंहनगर के मासीरा सर्किल अंतर्गत बीट बनचाचर, कक्ष क्रमांक-382 की राजस्व भूमि से जुड़ा है। जहां खेतों की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से लगाए गए बिजली के तारों की चपेट में आकर दोनों बाघों की मौत हो गई थी। वन विभाग की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संबंधित क्षेत्र में नियमित गश्त, निगरानी और समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते यह घटना हुई। इसी लापरवाही को आधार बनाते हुए डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड पर सस्पेंशन की गाज गिरी है। आगे भी जांच के आधार पर और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो सकती है।

# राशन दुकानों से बांटा जा रहा प्लास्टिक का चावल

## गरीबों की थाली में प्लास्टिक का जहर, कालाबाजारी के बाद मिलावट



**जागरण, गुना।** जिले में सरकारी राशन वितरण व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ताजा मामला शहर के नई सड़क स्थित संतोषी माता मंदिर वाली गली से सामने आया है, जहाँ वार्ड नंबर 15 की कंट्रोल दुकान से मिले चावलों में कथित तौर पर प्लास्टिक (फोर्टिफाइड या कृत्रिम) चावलों की मिलावट का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। यह मामला सिर्फ एक महिला की शिकायत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले में सक्रिय राशन माफियाओं के एक नए और खतरनाक खेल की ओर इशारा कर रहा है। क्षेत्र की निवासी लीलाबाई पंत ने जब इस बार कंट्रोल से मिले चावलों को घर पर पकाया, तो उन्हें कुछ अजीब महसूस हुआ। लीलाबाई ने बताया कि उनका परिवार पिछले काफी समय से इन चावलों का सेवन कर रहा था, लेकिन अक्सर सब्जी या हल्दी मिलाकर पकाने के कारण चावलों के रंग और बनावट का असली अंतर छिप जाता था। शनिवार को जब उन्होंने बिना हल्दी के सादे चावल उबाले, तो पतीले का नजारा देख वह दंग रह गईं। असली चावल के दाने तो पूरी तरह पक कर नरम हो चुके थे, लेकिन उनके बीच मौजूद कुछ दाने बिल्कुल अलग और चमकदार दिखाई दे रहे थे। जब लीलाबाई ने उन दानों को हाथ से मसलने की कोशिश की, तो वे पत्थर की तरह सख्त थे और उबलने के बाद भी नहीं टूटे। लीलाबाई का आरोप है कि ये बाजार में मिलने वाले कृत्रिम प्लास्टिक चावल हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार गरीबों को मुफ्त राशन देने का दावा तो करती है, लेकिन क्या गरीबों की जान इतनी सस्ती है कि उन्हें जहर परोसा जाए? गुना जिला लंबे समय से राशन के चावलों की कालाबाजारी के लिए प्रदेश भर में चर्चाओं में रहा है। बीते वर्षों में जिले के विभिन्न हिस्सों से ट्रकों में भरकर ले जाया जा रहा सरकारी चावल कई बार पुलिस और प्रशासन द्वारा पकड़ा गया है। राशन माफिया कंट्रोल के चावल को गरीबों तक पहुँचाने के बजाय उसे ऊंचे दामों पर मिलों और फैक्ट्रियों में खपा देते थे। हाल ही में जब शासन ने नियमों को सख्त किया और कंट्रोल की दुकानों पर वितरण के दौरान चावल की मात्रा का कड़ाई से मिलान शुरू किया, तो कालाबाजारियों ने अपना रास्ता बदल लिया है। जानकारों और स्थानीय लोगों का मानना है कि अब जब असली चावल को बाहर निकालना मुश्किल हो रहा है, तो माफिया ने चावल की कुल मात्रा को बढ़ाने के लिए उसमें सस्ता और हानिकारक कृत्रिम चावल मिलाना शुरू कर दिया है। यह एक सोची-समझी साजिश है, ताकि कागजों पर स्टॉक पूरा दिखे और असली चावल को बाजार में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जा सके।

## अतिक्रमण हटाने गई टीम पर पथराव, जान बचाकर भागे अधिकारी



**जागरण, छिंदवाड़ा।** सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने गई राजस्व और पुलिस की टीम पर हमला हो गया। ग्रामीणों ने अचानक टीम पर पथराव कर दिया। चारों ओर से बड़े-बड़े पत्थर बरसने के लिए टीम को जान बचाकर भागना पड़ा। अफरातफरी के बीच पूरी टीम बचकर पुलिस चौकी पहुंची। बाद में पुलिस ने हमला करने पर 12 लोगों पर नामजद प्रकरण दर्ज किया है। इनमें छह महिलाएं भी शामिल हैं।

राजस्व व पुलिस टीम पर यह हमला जिले के चौरई थाने के हिवरखेड़ी चौकी क्षेत्र में हुआ। यहां शासकीय भूमि पर अवैध मकान निर्माण की शिकायत मिलने पर राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ पहुंची थी। जैसे ही टीम गांव में पहुंची वहां मौजूद लोग विरोध करने लगे। इसी बीच पथराव शुरू हो गया। जान संकट में देख पूरी टीम वहां से निकल गई। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। सभी आरोपी ग्राम मानेगांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा घटनास्थल के वीडियो फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अन्य आरोपियों के नाम भी जुड़ सकते हैं।

## टाइगर ने घर आ रहे युवक को जंगल में खींचा, मौत से आक्रोश

**जागरण, पिपरिया।** नर्मदापुरम के पिपरिया इलाके में रात के समय झिरिया नाके पर उतरकर अपने गांव बारीदेवी जा रहे युवक पर टाइगर ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक की मौत हो गई है। युवक की मौत से ग्रामीणों में रोष है। युवक के परिजनों ने बताया की कमल सिंह हर शुक्रवार पचमढ़ी से काम कर अपने गांव परिजनों ने मिलने आया करता था। इस बार भी वह रात के समय झिरिया नाके पर बस से उतरा और गांव बारीदेवी जा रहा था। गांव के बाहर ही टाइगर ने उस पर हमला कर दिया। बाघ कमल को झाड़ियों में घसीट कर ले गया। यहां उसका शिकार किया। सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे तो रास्ते में खून मिलने के साथ ही किसी के घसीटने के निशान दिखे जिसके बाद झाडियों में देखा तो कमल सिंह का क्षत विक्षप्त शरीर पड़ा हुआ था। बाघ ने कमल सिंह का एक पैर व पेट सहित कनपटी का बड़ा हिस्सा खा लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। कमल सिंह का सरकारी अस्पताल में पीएम किया गया है। कमल की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने झिरिया नाके पर वन विभाग कार्यालय के सामने पिपरिया-पचमढ़ी रोड पर जाम लगा दिया। कांग्रेस मटकुली ब्लाक अध्यक्ष कमलेश ऊईके ने बताया की सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पार्क प्रबंधन ने उनके जंगलों की फेंसिंग करने की बात कई बार बोली है। पंरतु फेंसिंग नहीं होने से जंगली जानवर आबादी में आ रहे हैं। सामान्य वन मंडल का अमला भी निश्चिंत काम कर रहा है, उन्हें आदिवासियों की कोई चिंता नहीं है। ऊईके का कहना है की झिरिया नाके पर दोनो ही विभागों की चौकियां है। टाइगर लगातार इस इलाके में विचरण कर रहा था। पंरतु दोनो ही विभागों ने काई कार्यवाही नहीं करते हुए आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया है।

## जंगल में मिला महिला का सिर कुचला अर्द्धनग्न शव, दुष्कर्म की आशंका

**जागरण, नर्मदापुरम।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पिपरिया बफर क्षेत्र में महिला का शव मिला है। सिर और चेहरे को बुरी तरह कुचला गया है। हत्या के बाद सिर को कपड़े से ढंक दिया गया था। जबकि कमर से नीचे पूरा शरीर नग्न था। पुलिस ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। मामला स्टेशन रोड थाना क्षेत्र का है। करीब 30-35 वर्ष की बताई जा रही महिला का शव 2 दिन पुराना है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। फॉरेस्ट गार्ड बारेलाल कुचरे ने शव की सूचना पिपरिया स्टेशन रोड पुलिस को दी। रविवार को पिपरिया में पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पुलिस ने महिला की पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचना भेजी गई है।

## कूनो : मादा चीता आशा ने दिया पांच शावकों को जन्म

**जागरण, श्योपुर।** शनिवार को कूनो नेशनल पार्क से बड़ी खुशखबरी आई है। कूनो नेशनल पार्क में चीतों का कुनबा बढ़ गया है। मादा चीता आशा फिर मां बनी, इस बार उन्होंने पांच शावकों को जन्म दिया है। सभी शावक पूरी तरह से स्वस्थ है। यह खबर सिर्फ कूनो के लिए नहीं, बल्कि देश के प्रोजेक्ट चीता के लिए भी अहम मानी जा रही है। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा कि कूनो ने एक गौरवपूर्ण पल देखा है। आशा के शावकों के जन्म के बाद भारत में पैदा हुए शावकों की संख्या 24 हो गई है, जबकि कुल चीता आबादी 35 तक पहुंच गई है। सीएम ने इस उपलब्धि का श्रेय वन कर्मचारियों और पशु चिकित्सकों की मेहनत को दिया और कहा कि मप्र अब वन्यजीव संरक्षण के बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है। वहीं केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भी इस खबर की पुष्टि करते हुए इसे प्रोजेक्ट चीता के लिए गर्व और खुशी का क्षण बताया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शावकों का वीडियो भी साझा किया।



## सरपंच के बेटे ने गोली मारकर की खुदकुशी

**जागरण, दतिया।** महिला सरपंच के बेटे ने खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। फायरिंग की आवाज सुनते ही मां मौके पर पहुंची तो देखा बेटा खून से सना पड़ा था। बेटे को देखकर मां बेहोश हो गई। मामला दतिया जिले के इंदरगढ़ थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान सिकरी ग्राम पंचायत की सरपंच सुशीला के बेटे विशाल जाटव के रूप में हुई है। वह ग्वालियर में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था। फाइनल ईयर का स्टूडेंट था। सुसाइड की वजह अभी सामने नहीं आई है। मृतक के छोटे भाई ने बताया कि विशाल किसी तरह के तनाव की बात साझा नहीं करता था। एक दिन पहले ही ग्वालियर से सिकरी गांव आया था। वारदात के बाद परिजनों ने इंदरगढ़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया। पीएम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।


**पश्चिम मध्य रेल**
**शुद्धिपत्र संख्या-1**
**दिनांक 05.02.2026**
**निविदा संख्या JBP-ELP-OHE-T-2025-03**, दिनांक 16.01.2026 के संबंध में दिनांक 05.02.2026 को जारी शुद्धिपत्र संख्या-1 प्रकाशित किया जा चुका है। **यह ireps website पर उपलब्ध है।** निविदाकर्ता विस्तृत जानकारी के लिए ireps website में देख सकते है।
*Dy. CEE/P/JBP*
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता हैः- **क्र.सं.:1, निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्रंःजबल-एल-टी-न. 56-2025 दिनांकः 29.01.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जेबीपी डिवीजन में विद्युत अवसंरचना सुधार कार्यः (i) जेबीपी डिवीजन में हाईमास्ट का नवीनीकरण, जिसमें ट्रांसफार्मर को परिसंचरण क्षेत्र में स्थानांतरित करना और डीजी एसईटी को स्थानांतरित करना शामिल है। (ii) जेबीपी डिवीजन के स्टाफ क्वार्टर में अर्थिंग व्यवस्था का प्रावधान। (iii) जेबीपी डिवीजन की विभिन्न कॉलोनियों में प्रकाश व्यवस्था के स्तर में सुधार, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में):** ₹2,14,27,045.59, **बयाना राशि रूपयेः** ₹2,57,100.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 12 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 20.02.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 20.02.2026, **क्र.सं.:2, निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्रंःजबल-एल-टी-न.57-2025 दिनांकः 30.01.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** जबलपुर मंडल में माल गोदाम का कार्य (i) जीएआरः गदरवारा माल गोदाम का विकास और (ii) जीडब्ल्यूसीबीः गोंडावली माल गोदाम का विकास, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत रूपये में):** ₹83,27,338.99, **बयाना राशि रूपयेः** ₹1,66,600.00, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 06 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 20.02.2026, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 20.02.2026, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में):** क्र.सं.1 से 2 के लिएः 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता हैः** क्र.सं.1 से 2 के लिएः वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर। **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। (हस्ता.)
**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)**
**प.म.रे, जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## गवाही से नाराज दबंगों ने किसान का हाथ तोड़ा, पेशाब पिलाने का आरोप

**जागरण, शिवपुरी।** बैराड़ थाना क्षेत्र में एक किसान के साथ मारपीट और पेशाब पिलाने का आरोप सामने आया है। ग्राम मारौरा खालसा निवासी युवक ने दबंगों पर गवाही देने के कारण यह अमानवीय कृत्य करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का हाथ फैक्चर हो गया है। उसने शिकायत की कि बैराड़ थाने में दर्ज एफआईआर में गंभीर धाराएं नहीं जोड़ी गईं, जिसके बाद वह न्याय के लिए शनिवार को एसपी कार्यालय पहुंचा। युवक के अनुसार, उसने गांव के जनवेद धाकड़ से जुड़े एक पुराने विवाद में जनवेद के पक्ष में गवाही दी थी। इसी बात से नाराज होकर कप्तान धाकड़, बलवीर धाकड़, दामो धाकड़, छत्रसिंह धाकड़, राहुल धाकड़, अभिषेक धाकड़, रोकी धाकड़ और उत्तम धाकड़ उस पर गवाही पलटने का दबाव बना रहे थे। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में उसने पहले भी बैराड़ थाने और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायतें दी थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने घटना का विवरण देते हुए बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे वह गांव में एक कार्यक्रम में जा रहा था। कप्तान धाकड़ के घर के सामने पहुंचते ही आरोपियों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बंटी धाकड़ के साथ बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में उसका हाथ फैक्चर हो गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद कप्तान धाकड़ और उत्तम धाकड़ ने उसे पेशाब पिलाई और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का आरोप है कि एफआईआर में फैक्चर से संबंधित धाराएं, जानलेवा हमला और अमानवीय कृत्य से जुड़ी गंभीर धाराएं शामिल नहीं की गई हैं। पीड़ित का कहना है कि सभी आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, जिनके खिलाफ पूर्व में भी गंभीर मामले दर्ज हैं। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उसे, उसके परिवार व गवाहों को जान से मारने तथा गांव से बेदखल करने की धमकियां दे रहे हैं। थाना स्तर पर न्याय न मिलने से परेशान पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय शिवपुरी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, प्रकरण में गंभीर धाराएं बढ़ाने और स्वयं व परिवार की सुरक्षा की मांग की है। इस मामले में बैराड़ थाना प्रभारी सुरेश शर्मा का कहना है कि फरियादी की शिकायत पर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर ली गई है। घटना गांव में चल रही तेरहवीं के दौरान हुई थी, जहां फरियादी खाना खाने पहुंचा था। इसी दौरान उसके साथ विवाद के बाद मारपीट हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि मारपीट के समय मौके पर कई लोग मौजूद थे और घटना सबके सामने हुई है। पुलिस के अनुसार, फरियादी द्वारा लगाए गए पेशाब पिलाने के आरोप निराधार हैं, जांच में ऐसी कोई घटना सामने नहीं आई है।


**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं0 : JHS-N-W-08-26 दिनांक : 05.02.2026
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-08-26 | कार्य लागत लगभग : Rs. 27796798.73
कार्य का नाम : प्रोविजन ऑफ़ S&T वर्क इन कनेक्शन विथ रीबिल्डिंग ऑफ़ एक्सिस्टिंग ओवरएज्ड स्टील गर्डर ब्रिजस ऑफ़ क्लियर span 12.2M by PSC स्लैब ऑफ़ ब्रिजस इन BINA-DHO सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।
धरोहर राशि : Rs. 289000/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil.
निविदा खुलने की तिथि : 06.03.2026 Time 15:00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह
• निविदा दिनॉक 06.03.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 275/26 (AS)
@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना** दिनांक : 05.02.2026
वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-18-26 | कार्य लागत लगभग : Rs. 7413874.24
कार्य का नाम : प्रोविजन ऑफ़ लिमिटेड हाइट पेडेस्ट्रियन सबवेस एट वेरियस ट्रेसपासिंग लोकेशनस (16 Nos.) इन VGLJ - PRN सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीजन।
धरोहर राशि : Rs. 148300/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil
निविदा खुलने की तिथि : 06.03.2026 Time 15:00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह
• निविदा दिनांक 06.03.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 272/26 (D)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


**बिजनेस प्लस**

## टैफे के बड़े आलराउंडर की तलाश का तीसरा सीजन शुरू

**नई दिल्ली।** टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने 'मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट 2026 सबसे बड़े आलराउंडर की तलाश' के तहत अपने लोकप्रिय नवाचार मंच के तीसरे सीज़न की शुरुआत की है। दो सफल सीज़न के बाद लॉन्च किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा मैसी डायनास्टार कॉन्टेस्ट है, जिसका उद्देश्य कृषि और ग्रामीण उद्यमिता में नवाचार को बढ़ावा देना है। सीज़न 3 में किसानों, उद्यमियों, छात्रों, स्टार्टअप्स और ग्रामीण परिवर्तनकर्ताओं को मैसी फ़र्ग्यूसन के किसी भी ट्रैक्टर पर आधारित अपने इनोवेटिव आइडियाज प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागी अंग्रेज़ी या किसी भी भारतीय भाषा में वीडियो या टेक्स्ट के रूप में ऑनलाइन एंट्री दे सकते हैं।विजेता को लगभग 8.2 लाख मूल्य का मैसी फ़र्ग्यूसन 254 डायनास्मार्ट ट्रैक्टर और आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। चुने गए प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी और ग्रैंड फिनाले में विशेषज्ञ जूरी के सामने अपने आइडियाज प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा। यह प्रतियोगिता 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीय नागरिकों के लिए खुली है।



## एसबीआई सेवा द्वारा इंटर मॉड्यूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ




**भोपाल।** एसबीआई एससी/एसटी एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (सेवा) भोपाल द्वारा 7 व 8 फरवरी को श्यामा प्रसाद मुखर्जी मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो दिवसीय इंटर मॉड्यूल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मनीष मठपाल, उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल ने किया। इस अवसर पर नेहा चौघुले, अनिल श्रीवास्तव, लोकेंद्र गुर्जर, शोभित वाडेल एवं प्रवीन मेघानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मनीष मठपाल द्वारा सीएसआर के अंतर्गत 200 स्कूली बच्चों को स्कूल किट वितरित की गई। सेवा अध्यक्ष हरि सिंह दलोदिया एवं महासचिव दिनेश कुमार खसारिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा म.प्र.**
web site : www.mp.gov.in/pwdmp email :- eepwdbrirewa@mp.nic.in
Phone - 07662-256720
निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 09/ का.यं./ सेतु संभाग रीवा/2025-26 रीवा दिनांक 28.01.2026
**निविदा आमंत्रण सूचना**
मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | 1. कार्य की अनुमानित लागत 2. अमानत राशि 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. ई.एम.डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज जमा करने हेतु। 2. कार्यावधि ( वर्षाकाल रहित अथवा सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_PWDRB 479447_1 | लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा के अन्तर्गत पैकेज क्र. 4-बी में पुलों के पुनर्वास एवं विशेष सुदृढ़ीकरण का कार्य। | प्रथम | 1-22818000.00 2-228180.00 3- 15000.00 | 1- केवल आनलाइन 2-06 माह वर्षाकाल सहित। |

उपरोक्त वेबसाइट आनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 25.02.2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नही किया जावेगा ।
**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. सेतु निर्माण संभाग रीवा ( म.प्र. )**
**दूरभाष- 07662-256720**
जी-25439/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



**न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, नर्मदापुरम् म.प्र.**
क्रमांक/री.उ.पं./2026/41 नर्मदापुरम दिनांक 27/01/2026
:: सूचना-पत्र :: अंतर्गत धारा 84
( मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 84 के अन्तर्गत )
यह कि धारा 84 के अन्तर्गत निम्नांकित प्रकरणों में सुनवाई हेतु पूर्व में सूचना पत्र जारी किये गये थे किन्तु बैंक से तामीली अप्राप्त रहने से सार्वजनिक सूचना के माध्यम से निम्न प्रकरणों में सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है-

| प्रकरण क्रमांक | वादी | प्रतिवादी |
|---|---|---|
| DR/HBD/84/2022-23/0173 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | हरिशंकर |
| DR/HBD/84/2022-23/0174 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | छोटीबाई |
| DR/HBD/84/2022-23/0175 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | रामस्वरूप |
| DR/HBD/84/2022-23/0176 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | पोपसिंह |
| DR/HBD/84/2022-23/0177 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | लीलाबाई |
| DR/HBD/84/2022-23/0178 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | कोदूलाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0179 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | जीवनलाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0180 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | मिश्रीलाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0181 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | कन्हैयालाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0182 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | विजयकिशोर |
| DR/HBD/84/2022-23/0183 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | रामनिवास |
| DR/HBD/84/2022-23/0186 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | बिटेन बाई |
| DR/HBD/84/2022-23/0187 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | रमाकांत |
| DR/HBD/84/2022-23/0188 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | आशा पंकज |
| DR/HBD/84/2022-23/0190 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | विष्णु प्रसाद |
| DR/HBD/84/2022-23/0192 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | कशी प्रसाद |
| DR/HBD/84/2022-23/0193 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | रामसेवक |
| DR/HBD/84/2022-23/0198 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | यशवंत कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0201 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | गया प्रसाद |
| DR/HBD/84/2022-23/0202 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | राम स्वरूप |
| DR/HBD/84/2022-23/0203 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | श्रीराम |
| DR/HBD/84/2022-23/0204 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | शंकरलाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0205 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | पवन कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0206 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | संजय कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0215 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | नारायण सिंह |
| DR/HBD/84/2022-23/0216 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | काशीराम |
| DR/HBD/84/2022-23/0217 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | शिवकुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0218 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | कमल किशोर |
| DR/HBD/84/2022-23/0219 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | विनय कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0220 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | हीरालाल |

अतः आपको इस सूचना-पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **दिनांक 20.02.2026 को दोप. 02:00 बजे** 'न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें नर्मदापुरम' में उपस्थित होकर प्रकरण में जवाब प्रस्तुत करे। आपके नियत दिनांक व स्थान पर अनुपस्थिति में प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी ।
उप पंजीयक
जी-25438/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार सहकारी संस्थाये नर्मदापुरम म.प्र.



**न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं, नर्मदापुरम् म.प्र.**
क्रमांक/री.उ.पं./2026/43 नर्मदापुरम दिनांक 27/01/2026
:: सूचना-पत्र :: अंतर्गत धारा 84
( मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 84 के अन्तर्गत )
यह कि धारा 84 के अन्तर्गत निम्नांकित प्रकरणों में सुनवाई हेतु पूर्व में सूचना पत्र जारी किये गये थे किन्तु बैंक से तामीली अप्राप्त रहने से सार्वजनिक सूचना के माध्यम से निम्न प्रकरणों में सूचना का प्रकाशन कराया जा रहा है-

| प्रकरण क्रमांक | वादी | प्रतिवादी |
|---|---|---|
| DR/HBD/84/2022-23/0221 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | रामस्वरूप |
| DR/HBD/84/2022-23/0222 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | रामभारोश |
| DR/HBD/84/2022-23/0223 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | रामेश्वर |
| DR/HBD/84/2022-23/0224 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | कुंदन लाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0225 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | मनमोहन |
| DR/HBD/84/2022-23/0226 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | बदनसिंह |
| DR/HBD/84/2022-23/0227 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | शंकर सिंह |
| DR/HBD/84/2022-23/0228 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | मिश्रीलाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0229 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | दीपक कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0230 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | प्रभात कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0232 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जमानी | मिश्रीलाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0234 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | ओमकार सिंह |
| DR/HBD/84/2022-23/0235 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | शेरसिंह |
| DR/HBD/84/2022-23/0236 | आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिछुआ | रामदास |
| DR/HBD/84/2022-23/0237 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित नानपा | दमयंती बाई गौर |
| DR/HBD/84/2022-23/0242 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | अमरा बाई |
| DR/HBD/84/2022-23/0243 | वृहत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित धामनिया | हरिओम |
| DR/HBD/84/2022-23/0268 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित गुनोरा | वृन्दावन |
| DR/HBD/84/2022-23/0272 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित लोधड़ी | रामपाल जाट |
| DR/HBD/84/2022-23/0276 | सेवा सहकारी समिति गोचीतरोंदा | रामबिलाश |
| DR/HBD/84/2022-23/0277 | सेवा सहकारी समिति गोचीतरोंदा | महेंद्र कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0278 | सेवा सहकारी समिति गोचीतरोंदा | सुरेन्द्र कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0279 | सेवा सहकारी समिति गोचीतरोंदा | राजेन्द्र कुमार |
| DR/HBD/84/2022-23/0281 | सेवा सहकारी समिति गोचीतरोंदा | सुशीलसिंह |
| DR/HBD/84/2022-23/0283 | सेवा सहकारी समिति गोचीतरोंदा | विमला बाई |
| DR/HBD/84/2022-23/0285 | आदिम जाति सेवा समिति मर्या कालाआखर | सरिता |
| DR/HBD/84/2022-23/0287 | सेवा सहकारी समिति मर्यादित सेमरीतला | गुरुदयाल कुशवाहा |
| DR/HBD/84/2022-23/0290 | आदिम जाति सेवा समिति मर्या कालाआखर | छोटेलाल |
| DR/HBD/84/2022-23/0292 | आदिम जाति सेवा समिति मर्या कालाआखर | भगवानदास |
| DR/HBD/84/2022-23/0295 | आदिम जाति सेवा समिति मर्या कालाआखर | पतिराम |
| DR/HBD/84/2022-23/0296 | आदिम जाति सेवा समिति मर्या कालाआखर | लखनलाल |

अतः आपको इस सूचना-पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि **दिनांक 23.02.2026 को दोप. 02:00 बजे** 'न्यायालय उप पंजीयक सहकारी संस्थायें नर्मदापुरम' में उपस्थित होकर प्रकरण में जवाब प्रस्तुत करे। आपके नियत दिनांक व स्थान पर अनुपस्थिति में प्रकरण में एक तरफा कार्यवाही की जावेगी ।
उप पंजीयक
जी-25458/25 पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार सहकारी संस्थाये नर्मदापुरम म.प्र.

# वानखेड़े में चमका सूर्य, भारत का शुभारंभ

## टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप के पहले मैच में अमेरिका को 29 रन से हराया, सूर्यकुमार की नाबाद पारी, सिराज ने झटके 3 विकेट

जेएनएन, मुंबई

गत चैंपियन भारत ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की दबाव में खेली गई 84 रन की नाबाद पारी के बाद मोहम्मद सिराज (29 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में अनुशासित गेंदबाजी से शनिवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका को 29 रन से हराकर अभियान शुरू किया। भारतीय टीम अब ग्रुप-ए के अपने दूसरे मुकाबले में 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। खिताब के प्रबल दावेदार भारत के लिए सूर्यकुमार अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में दबाव भरी परिस्थिति में संभलकर खेलते हुए अंत तक डटे रहे। इससे शीर्ष और मध्यक्रम में सामूहिक बल्लेबाजी नाकामी के बावजूद भारत नौ विकेट पर 161 रन बनाने में कामयाब रहा, क्योंकि विकेटों के गिरने से एक समय ऐसा लग रहा था कि पारी बहुत जल्दी खत्म हो जाएगी। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। उसके लिए संजय कृष्णमूर्ति और शुभम रंजने ने 37-37 रन तथा मिलिंद कुमार ने 34 रन बनाए। भारत के नई गेंद के गेंदबाज अर्शदीप सिंह (18 रन देकर दो विकेट) और सिराज ने अच्छी शुरुआत की, जिससे अमेरिका की टीम 10 ओवर में तीन विकेट पर 49 रन ही बना सकी। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अस्वस्थ होने के कारण सिराज को अंतिम एकादश में शामिल किया गया, वह दोनों गेंदबाजों में सबसे ज्यादा खतरनाक थे।



प्लेयर ऑफ द मैच : सूर्यकुमार

| | |
|---|---|
| 84* | रन |
| 49 | गेंद |
| 10 | चौके |
| 04 | छक्के |



आईसीसी टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा

**17** वीं बार सूर्यकुमार ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीता, जो सर्वाधिक है। इसके साथ ही उन्होंने विराट कोहली (16) को पीछे छोड़ा दिया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत: 161/9 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| किशन का. मिलिंद बो. शाल्कविक | 20 | 16 | 1 | 2 |
| अभिषेक का. कृष्णमूर्ति बो. अली | 0 | 1 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा का. अक्षर बो. शाल्कविक | 25 | 16 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 84 | 49 | 10 | 4 |
| दुबे का. सौरभ बो. शाल्कविक | 0 | 1 | 0 | 0 |
| रिंकू का. मिलिंद बो. मोहसिन | 6 | 14 | 0 | 0 |
| हार्दिक का. साई बो. हरमीत | 5 | 6 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल का. मोहसिन बो. हरमीत | 14 | 11 | 2 | 0 |
| अर्शदीप का. मिलिंद बो. शाल्कविक | 4 | 6 | 1 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती रनआउट | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 3, **कुल**: 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन, **विकेट पतन**: 1-8, 2-45, 3-46, 4-46, 5-72, 6-77, 7-118, 8-140, 9-161, **गेंदबाजी**: नेत्रवलकर 4-0-65-0, अली खान 2-0-13-1, शाल्कविक 4-0-25-4, मोहसिन 4-0-16-1, शुभम रांजने 2-0-16-0, हरमीत4-0-26-2.

**यूएस: 132/8 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एंड्रियस का. तिलक बो. सिराज | 6 | 9 | 0 | 1 |
| साईतेजा का. वरुण बो. सिराज | 2 | 7 | 0 | 0 |
| मोनांक का. शिवम बो. अर्शदीप | 0 | 2 | 0 | 0 |
| मिलिंद स्टं. किशन बो. वरुण | 34 | 34 | 3 | 1 |
| कृष्णमूर्ति का. रिंकू बो. अक्षर | 37 | 31 | 1 | 2 |
| शुभम पगबाधा बो. सिराज | 37 | 22 | 2 | 3 |
| हरमीत का. सिराज बो. अक्षर | 0 | 1 | 0 | 0 |
| मोहसिन का. तिलक बो. अर्शदीप | 8 | 9 | 1 | 0 |
| शैडली शाल्कविक नाबाद | 2 | 5 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 6, **कुल**: 20 ओवर में 8 विकेट पर 132 रन, **विकेट पतन**: 1-8, 2-11, 3-13, 4-71, 5-98, 6-98, 7-110, 8-132, **गेंदबाजी**: अर्शदीप 4-0-18-2, सिराज 4-0-29-3, वरुण चक्रवर्ती 4-0-24-1, अक्षर पटेल 4-0-24-2, हार्दिक पंड्या 4-0-34-0.

### 77 पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में था भारत

सूर्यकुमार के अलावा मेजबान टीम के केवल तीन बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके, जिसमें तिलक वर्मा ने 25 रन और इशान किशन ने 20 रन का योगदान दिया। 13वें ओवर में भारत का स्कोर छह विकेट पर 77 रन हो गया था और टीम बुरी तरह लड़खड़ा गई थी, लेकिन सूर्यकुमार ने अकेले दम पर पारी को संभाला। दक्षिण अफ्रीका में जन्में शैडली वान शाल्कविक ने चार ओवर में 25 रन देकर चार विकेट झटके। सूर्यकुमार को छोड़कर भारत का मशहूर बल्लेबाजी लाइन-अप पूरी तरह नाकाम रहा और एक समय टीम बहुत कम स्कोर पर सिमटने की ओर बढ़ती दिख रही थी। संकेत शुरुआत में ही मिल गया था जब भारत पहली चार गेंद पर कोई रन नहीं बना सका। अमेरिकी गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का बिल्कुल भी मौका नहीं दिया। ईशान ने पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर खाता खोला, लेकिन दूसरे ओवर में अभिषेक शर्मा के पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट होने से भारत को पहला झटका लगा। दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज अभिषेक ने अली खान की गेंद पर सीधे डीप कवर पर संजय कृष्णमूर्ति को कैच थमा दिया और वानखेड़े स्टेडियम खामोश हो गया। अमेरिकी कप्तान मोनांक पटेल की बेहद सटीक तरीके से क्षेत्ररक्षकों के सजाया हुआ था।

### ओपनिंग मैच में नीदरलैंड तीन विकेट से हारा

# हारे हुए मैच को फहीम अशरफ ने पाकिस्तान की झोली में डाला



**कोलंबो, जेएनएन।** पाकिस्तान ने विश्व कप 2026 के पहले मैच में नीदरलैंड के खिलाफ तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। 148 रनों का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम ने 114 के स्कोर पर सात विकेट गंवा दिए थे, लेकिन उसके बाद फहीम अशरफ ने 11 गेंदों में 29 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम के गेंदबाजों ने पहले छह ओवरों में दो विकेट लिए, लेकिन नीदरलैंड के बल्लेबाजों ने भी अच्छी रनगति के साथ बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बना लिए थे। 15वें ओवर तक ऐसा लग रहा था कि नीदरलैंड 170 से 180 के स्कोर की तरफ बढ़ रही है। विकेट ज्यादा नहीं गिरे थे और रन रेट आठ से ऊपर बना हुआ था। लेकिन स्कॉट एडवर्ड्स (37) के आउट होते ही मैच की दिशा बदल गई। इसके बाद पांच गेंदों में तीन विकेट गिर गए। आखिरी 24 गेंदों में नीदरलैंड सिर्फ 20 रन ही जोड़ पाया और इस दौरान छह विकेट गंवाए। एडवर्ड्स के अलावा बास डलीडे ने 25 गेंदों में 30 रनों की पारी खेली। सलमान मिर्जा ने तीन विकेट झटके, जबकि अबरार अहमद, सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिए।

### तेज शुरुआत के बावजूद हार की स्थिति में थी पाक

148 रनों का पीछा पाकिस्तान ने काफी आक्रामक अंदाज में शुरू किया, लेकिन सैम अयूब (11 गेंद में 24 रन) तीसरे ओवर में नो लुक शॉट लगाने के प्रयास में आर्यन दत्त की गेंद पर कैच आउट हो गए। पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान सलमान आगा (12) का भी विकेट गिर गया और तब टीम का स्कोर 53 रन था। हालांकि उस विकेट के बाद बाबर आजम (15) और साहिबजादा फरहान (47) ने पारी को संभालते हुए टीम को 11 ओवर में 98 रन तक पहुंचाया। लेकिन रोमांच की शुरुआत 12वें ओवर में हुई। उस ओवर में वैन मीकेरन ने दो विकेट लिए और कोई रन नहीं दिया। उसके ठीक अगले ओवर में वैन डर मर्वे ने भी सफलता हासिल की और आजम को पवेलियन भेज दिया। वहां से 19वें ओवर तक हालात पाकिस्तान के पक्ष में नहीं रहे। मैच 12 गेंदों में 29 रनों की जरूरत तक आ पहुंचा। 19वें ओवर की पहली गेंद पर फहीम ने छक्का लगाया। दूसरी गेंद पर कैच छूट गया। इसके बाद फहीम ने दो और छक्के और एक चौका लगाया। आखिरी ओवर में पांच रनों की जरूरत थी, जिसे पाकिस्तान ने आसानी से हासिल कर लिया।

## खेल एक नजर

### इलावेनिल ने जीता स्वर्ण, शांभवी ने बनाया एशियाई जूनियर रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ओलंपियन इलावेनिल वलारिवन ने जापान की मिसाकी नोबाटा की कड़ी चुनौती को पछाड़कर शनिवार को एशियन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में मेघना सज्जनर ने कांस्य पदक हासिल किया।



इलावेनिल, आर्या बोर्से और मेघना की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर कर्णी सिंह परिसर में भारत की महिला राइफल निशानेबाजों के लिए दिन को यादगार बना दिया। शांभवी क्षीरसागर ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल में एशियाई जूनियर फाइनल्स रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया, जहां मान्यता सिंह और अनीशा शर्मा ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए। इस भारतीय तिकड़ी ने कजाखस्तान को पीछे छोड़ते हुए टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। शांभवी ने 253.7 का स्कोर कर नया एशियन जूनियर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 2024 में जकार्ता में ईशा अनिल टकसाले द्वारा बनाए गए 253.1 के रिकॉर्ड को तोड़ा। भारत ने पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी क्लीन स्वीप किया। 10 मीटर एयर पिस्टल पूर्व विश्व नंबर एक सौरभ चौधरी ने स्वर्ण, जबकि कमलजीत चौधरी और मौजूदा विश्व चैंपियन रविंदर सिंह ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते।

### सैय्यद शकील ऑल इंडिया क्रिकेट में कैप व सीहोर का विजयी आगाज



**भोपाल, खेप्र।** क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान (कैप) और सीहोर की टीम ने पांचवें सैय्यद शकील मोहम्मद ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले जीतकर विजयी शुरुआत की। सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित टूर्नामेंट में बाबेअली मैदान पर कैप ने पहले खेलते हुए मनन शर्मा 74 और शाहिद 23 की पारियों की बदौलत 185 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जिसके जवाब में एसजीसीए मात्र 132 रन बना पाई। प्लेयर ऑफ द मैच देवराज ने 3 विकेट झटके। अन्य मैच में सीहोर ने सेंट माइकल ग्रीन को 21 रनों से शिकस्त दी। प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य (84) को चुना गया। खिलाड़ियों को सीनियर क्रिकेटर सादउद्दीन, अब्दुल अकील एवं सैय्यद अयान शकील ने पुरस्कार प्रदान किए।

### ध्रुव ने जीता भेल भोपाल ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब



**भोपाल, खेप्र।** ध्रुव चौहान ने भेल भोपाल ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकल वर्ग में खिताब अपने नाम किया। ध्रुव ने फाइनल में श्रेष्ठ परमार को शिकस्त देकर यह ट्रॉफी जीती। बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब बरखेड़ा में आयोजित टूर्नामेंट में संदीप नियोगी, प्रयान सचान और विवांशी ने दोहरे खिताब अपने नाम किए। विजेता खिलाड़ियों को बीएचईएल भोपाल के कार्यपालक निदेशक पीके उपाध्याय, बीएचईएल ऑफिसर्स क्लब के अध्यक्ष रुपेश तैलंग (महाप्रबंधक, बीएचईएल) एवं महाप्रबंधक विकास खरे और बैडमिंटन सचिव आशीष कुमार ने पुरस्कार प्रदान किए।

### आईसीसी टी-20 विश्व कप में तीन मैच आज

# ग्रुप ऑफ डेथ: न्यूजीलैंड के सामने पहली चुनौती उलटफेर में माहिर अफगान से

**चेन्नई, जेएनएन।** उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी-20 विश्व कप के ग्रुप-डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। ग्रुप-डी को ग्रुप ऑफ डेथ माना जा रहा है। ऐसे में मिचेल सेंटनेर की टीम को कोई भी कोताही महंगी पड़ सकती है, क्योंकि इस ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका भी है। विश्व कप से पहले इस प्रारूप में न्यूजीलैंड का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है और भारत ने उसे सीरीज में 4-1 से हराया। राशिद खान की अगुआई वाली अफगानिस्तान दमदार टी-20 टीम है, जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का सीरीज में सूपड़ा साफ किया।



### इंग्लैंड का सामना नेपाल से

**मुंबई, जेएनएन।** दो बार की चैंपियन इंग्लैंड पहले मैच में नेपाल से भिड़ेगी। टी-20 प्रारूप में दमदार टीमों में से एक इंग्लैंड की कमान हैरी ब्रूक के हाथ में है। ग्रुप-सी में उसके साथ इटली, नेपाल, स्कॉटलैंड और वेस्टइंडीज भी हैं। रोहित पॉडेल की कप्तानी वाली नेपाल के लिए यह विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का एक और मौका है। पिछली बार वह दक्षिण अफ्रीका को हराने के करीब पहुंच गया था और दक्षिण अफ्रीका टीम सिर्फ एक रन से जीती थी। इसके अलावा बांग्लादेश को 106 रन पर आउट कर दिया था। नेपाल ने हाल ही में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 2-1 से हराकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

### घरेलू मैदान पर श्रीलंका की भिड़ंत आयरलैंड से

**कोलंबो।** खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी-20 विश्व कप ग्रुप-बी के अपने पहले मैच में आयरलैंड से खेलेगी, तो पिछली निराशाओं को भुलाकर घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। उसे घरेलू टी-20 सीरीज में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। 12 साल पहले टी-20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। दासुन शनाका की कप्तानी वाली श्रीलंका को पेचीदा ग्रुप मिला है, जिसमें आस्ट्रेलिया भी है। आयरलैंड और जिम्बाब्वे उलटफेर कर सकते हैं और ओमान भी ग्रुप में है। दूसरी ओर आयरलैंड के प्रदर्शन का दारोमदार अनुभवी पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), हैरी टेक्टर और जोश लिटिल पर रहेगा। आयरलैंड आठवीं बार टी-20 विश्व कप खेल रहा है और 2009 के बाद से सारे टूर्नामेंट खेला है।

■ आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका टी-20 में जीत-हार की रिकॉर्ड 8-24 है, जो उनके चार घरेलू मैदानों में सबसे खराब है। यहां पिछले दो सालों में सिर्फ एक टी-20 की मेजबानी की है।

# हेटमायर की आतिशी पारी, शेफर्ड की रिकॉर्ड हैट्रिक से वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को हराया

### टी-20 विश्व कप: दो बार की चैंपियन विंडीज की एसोसिएट देश पर पहली जीत

**कोलकाता, जेएनएन।** शिमरोन हेटमायर (36 गेंद में 64) की तूफानी अर्धशतकीय पारी और रोमारियो शेफर्ड की रिकॉर्ड हैट्रिक सहित पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने शनिवार को टी-20 विश्व कप के ग्रुप-सी मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 147 रन पर आउट कर दिया। शेफर्ड ने तीन ओवर में 20 रन देकर इस प्रारूप में पहली बार पांच विकेट झटके। उन्होंने इस दौरान पांच गेंद के अंदर चार विकेट लिए, जिसमें मैथ्यू क्रॉस (11), माइकल लीस्क (15) और ओलिवर डेविडसन (0) के विकेटों के साथ हैट्रिक पूरी की। बांग्लादेश के हटने के बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में भाग लेने की जानकारी केवल दो सप्ताह पहले मिली थी। वेस्टइंडीज ने इसके साथ ही 2022-23 में इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता किया। टीम को कुछ दिनों पहले नेपाल से भी हार का सामना करना पड़ा था, ऐसे में टी-20 में यह वेस्टइंडीज की एसोसिएट देश पर पहली जीत है। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंग्टन ने 24 गेंदों में 42 रन की तेज पारी खेली, जबकि टॉम ब्रूस ने 28 गेंदों में 35 रन बनाए। इन दोनों की चौथे विकेट के लिए 47 गेंद में 78 रन की साझेदारी टूटने के बाद लगातार विकेट गिरने के कारण टीम काफी पीछे रह गई। जेसन होल्डर बेरिंगटन को धीमी गेंद पर आउट कर 100 टी-20 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने वाले वेस्टइंडीज के पहले गेंदबाज बने।



**04** यह शेफर्ड की चार महीने में दूसरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय हैट्रिक है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। शेफर्ड वेस्टइंडीज के दूसरे ऐसे गेंदबाज हैं, जिन्होंने पुरुष टी-20 विश्व कप में पांच विकेट लिया है। इससे पहले अकील हुसैन ने 2024 में युगांडा के खिलाफ पांच विकेट लिया था। वह टी-20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाले 10वें गेंदबाज बने।

**22** हेटमायर ने सिर्फ 22 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा और वह वेस्टइंडीज की ओर से टी-20 विश्व कप में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बने।

# भारत ने जीता सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप का खिताब

**पोखरा (नेपाल), जेएनएन।** भारत की अंडर-17 टीम ने शनिवार को दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में बांग्लादेश को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान जुलान नोंगमैथेम ने 42वें मिनट में पहला गोल किया, जिसके बाद एलिजाबेथ लकरा (63वें मिनट), पर्ल फर्नांडीस (68वें मिनट) और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरामन (83वें मिनट) के गोल से टीम ने प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ राउंड-रॉबिन में मिली 0-2 की हार का बदला पूरा किया। भारत ने इस साल के अंत में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप की तैयारियों के तहत अपनी अंडर-17 महिला टीम को सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भेजा था।



### आईसीसी और पीसीबी में बातचीत शुरू

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान से यह स्पष्ट करने को कहा है कि भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच खेलने से इनकार को सही ठहराने के लिए फोर्स मेच्योर (अप्रत्याशित या नियंत्रण से बाहर की स्थिति) प्रावधान कैसे लागू किया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस मामले में सरकार पर जिम्मेदारी डालते हुए खुद को स्थिति से अलग करने की कोशिश की थी।

आईसीसी ने पीसीबी से पूछा है कि जब टीम सरकार के निर्देशों के तहत पूरे टूर्नामेंट में बाकी मैच खेलने को तैयार है, तो सिर्फ एक मुकाबले से हटने का फैसला कैसे जायज ठहराया जा सकता है। पीसीबी ने कुछ दिन पहले आधिकारिक तौर पर आईसीसी को पत्र लिखकर 'फोर्स मेच्योर' प्रावधान लागू करने की मांग की थी। इसमें सरकार के उस सोशल मीडिया पोस्ट का हवाला दिया गया था, जिसमें 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले भारत के खिलाफ मुकाबले से टीम को दूर रहने का निर्देश दिया गया था। अब इस मामले में हालांकि उम्मीद की एक किरण दिख रही है।

# रणजी ट्रॉफी: देशपांडे-अवस्थी की मदद से मुंबई की वापसी

जेएनएन, मुंबई

मुंबई ने शनिवार को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन कर्नाटक पर दूसरी पारी में 136 रन की बढ़त हासिल कर ली। पहले दिन महज 120 रन पर ऑलआउट होने वाली मुंबई ने तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी (27 रन देकर चार विकेट) और तुषार देशपांडे (33 रन देकर चार विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत शानदार वापसी की। कर्नाटक ने सुबह दो विकेट पर 110 रन से आगे खेलना शुरू किया और सिर्फ 63 रन पर आठ विकेट गंवा दिए। उनके आठ बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचने में विफल रहे और टीम आखिरकार 173 रन पर ऑल आउट हो गई। इससे उसे पहली पारी में 53 रन की मामूली बढ़त से ही संतोष करना पड़ा। मयंक अग्रवाल ने 92 रन बनाए। मुंबई के यशस्वी जायसवाल (36) और अखिल हेरवाडकर (33) ने सिर्फ 12.2 ओवर में 77 रन बनाकर बढ़त को खत्म कर दिया। आकाश आनंद (नाबाद 53 रन) और मुशीर खान (49) ने 112 रन की साझेदारी से पारी को संभाला।



### नबी ने झटके सात विकेट, लेकिन मध्यप्रदेश संभला

इंदौर में जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने पूर्व चैंपियन मध्यप्रदेश के सात विकेट लेकर अपनी टीम को दूसरे दिन पहली पारी में 42 रन की बढ़त दिलाई। नबी ने 40 रन देकर सात विकेट लिए और अकेले दम पर मप्र को 152 रन पर ढेर कर दिया। हालांकि इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर मुश्किल में है, क्योंकि दूसरी पारी में उसने स्टंप तक 84 रन पांच विकेट गंवा दिए थे। इससे उसकी कुल बढ़त सिर्फ 126 रन की है। नबी ने 14वें ओवर में हर्ष गवली (10) और हिमांशु मंत्री (0) को आउट करके शुरुआत की। तीन गेंदों के अंदर इन दो झटकों से मप्र का स्कोर दो विकेट पर 34 रन था। जो जल्द ही तीन विकेट पर 39 रन हो गया जब तेज गेंदबाज सुनील कुमार (47 रन देकर तीन विकेट) ने शुभम शर्मा के स्टंप उखाड़ दिए। नबी ने कप्तान पाटीदार (10) और वेंकटेश (22) को आउट करके दबाव और बढ़ा दिया।

### मुकेश के पांच विकेट और घरामी के शतक ने बंगाल को संभाला

सुदीप घरामी (नाबाद 112 रन) के शतक से बंगाल ने आंध्र के खिलाफ स्टंप तक पांच विकेट पर 199 रन बना लिए। आंध्र की टीम पहली पारी में 295 रन पर ऑल आउट हो गई। आंध्र ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 264 रन से की, पर इसमें 31 रन ही जोड़ी सकी क्योंकि बंगाल के मुकेश कुमार (66 रन देकर पांच विकेट) और टेस्ट विशेषज्ञ आकाश दीप (चार विकेट) ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट कर दिया।

### डेविस कप: भारत ने नीदरलैंड के खिलाफ की वापसी

**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारत की डेविस कप टीम में अहम खिलाड़ी के रूप में तेजी से उभर रहे दक्षिणेश्वर सुरेश ने शनिवार को क्वालिफायर राउंड एक के मुकाबले में नीदरलैंड के शीर्ष खिलाड़ी जेस्पर डी जोंग को शिकस्त दी। सुमित नागल की दिन के पहले एकल मुकाबले में हार के बाद दक्षिणेश्वर की 6-4, 7-5 से मिली जीत से भारत शुरुआती दिन मुकाबला 1-1 से बराबर करने में सफल रहा। विश्व रैंकिंग में 465वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर ने विश्व नंबर 88 डी जोंग के खिलाफ जोरदार जीत हासिल डेविस कन में भरोसेमंद खिलाड़ी के तौर पर अपनी साख मजबूत की। उन्होंने पिछले साल स्विट्जरलैंड के खिलाफ उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ भी जीत दर्ज की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया गांधी वोटर लिस्ट मामला
## वोटर लिस्ट, नागरिकता सरकार के विषयः कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने नागरिकता से पहले वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने से जुड़े मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में अपना लिखित जवाब दाखिल किया है। स्पेशल जज विशाल गोगने की अदालत में सोनिया गांधी ने उनके खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका को गलत तथ्यों और अनुमानों पर आधारित बताते हुए इसे राजनीतिक दुर्भावना और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग करार दिया है। मामले में अब अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी। इस मामले में कोर्ट ने कहा है कि नागरिकता से जुड़े मामले केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जबकि मतदाता सूची का निर्माण और रखरखाव चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। ऐसे मामलों में किसी व्यक्ति की निजी शिकायत पर आपराधिक अदालतों का दखल देना उचित नहीं है।

## पाक जाने वाला सिंधु का पानी रोकेंगेः केंद्रीय मंत्री



**राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली को फायदा**

**जयपुर, जेएनएन।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा है कि सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान को नहीं दिया जाएगा और जो पानी पाकिस्तान की ओर जाता है, उसे डायवर्ट कर भारत के हित में इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना से हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली को लाभ मिलेगा। इस उद्देश्य से केंद्र सरकार ने डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली है और कार्ययोजना पर काम चल रहा है। हालांकि, मजबूरी में छोड़े जाने वाले पानी पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की।

## सूरजकुंड मेले में झूला गिरा, दो की मौत



**फरीदाबाद, जेएनएन।** हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे सूरजकुंड मेले में शनिवार को एक झूला गिर गया। हादसे में एक पुलिस इंस्पेक्टर और महिला की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों का निजी और बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद डिप्टी कमिश्नर आयुष सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे और मेला ग्राउंड को खाली करा दिया गया। मृतक इंस्पेक्टर की पहचान जगदीश प्रसाद के तौर पर हुई है। वह पलवल जिले के चांदहट थाने के एसएचओ थे। हादसे वाले सुनामी झूले पर 18 लोग बैठे हुए थे। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, इसमें झूला ऊपर से नीचे आते हुए गिरता हुआ दिख रहा है।



## गाजा की दिल दहला देने वाली तस्वीर

**गाजा सिटी।** एयर स्ट्राइक की चेतावनी के साथ इजरायली सेना ने हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक बिल्डिंग को टारगेट पर लिया। इजरायल की एक मिसाइल चित्र में टारगेट की तरफ जाती हुई (घेरे में)। दूसरे ही पल इमारत से आग और धुएं का एक बड़ा गुबार निकलता है, मलबा आसमान की ओर उछलता है और इमारत मलबे के ढेर में तब्दील हो जाती है। फोटोग्राफर अलशराफ़ी बताता हैं कि धमाका बहुत ज़ोरदार और ज़बरदस्त था, सोच से भी ज़्यादा। यह बहुत ज़्यादा हिंसक था।

# घटती कमाई-शोषण के खिलाफ एप बेस्ड ट्रांसपोटर्स की हड़ताल

### न्यूनतम बेस फेयर तय करने की मांग, ओला, उबर और रैपिडो सेवा प्रभावित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश भर में शनिवार को एप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (गिग वर्कर्स) की हड़ताल है। तेलंगाना गिग एंडप्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स से जुड़े ड्राइवरों और वर्कर्स ने इस हड़ताल की घोषणा की थी। यह हड़ताल ड्राइवरों की घटती कमाई, बढ़ते शोषण और सरकार की ओर से न्यूनतम बेस फेयर तय न किए जाने के विरोध में की जा रही है। इसमें ओला, उबर, रैपिडो, पोर्टर समेत अन्य एप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट सेवाओं से जुड़े ड्राइवर शामिल होंगे। यूनियनों के मुताबिक, इस दौरान कैब और बाइक टैक्सी सेवाएं पर असर रहेगा। ड्राइवरों का आरोप है कि बाइक टैक्सी सेवाएं अवैध हैं। ओला, उबर, रैपिडो जैसी कंपनियां किराया मनमाने तरीके से तय कर रही हैं, जिससे ड्राइवरों को नुकसान हो रहा है। ड्राइवर चाहते हैं कि बाइक टैक्सी पर रोक लगे और किराया तय करने में कंपनियों की मनमानी खत्म हो।

**बेस फेयर तय न होने पर नाराजगीः** यूनियनों के मुताबिक, मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस-2025 मौजूद होने के बावजूद केंद्र और राज्य सरकारों ने अब तक न्यूनतम बेस फेयर को नोटिफाई नहीं किया है। इसका फायदा उठाकर एग्रीगेटर कंपनियां मनमाने तरीके से किराया तय कर रही हैं। यूनियनों का आरोप है कि कंपनियां किराया कम करती जा रही हैं, जबकि जोखिम ड्राइवरों पर डाल दिया गया है। इससे काम के घंटे बढ़ रहे हैं, लेकिन उनकी कमाई लगातार घट रही है।




### 31 दिसंबर को भी गिग वर्कर्स ने की थी हड़ताल

आईएफएटी से जुड़े डिलीवरी वर्कर्स ने 31 दिसंबर 25 को भी हड़ताल की थी। उस समय 10 मिनट में डिलीवरी, कम वेतन, खराब कामकाजी हालात और सामाजिक सुरक्षा के अभाव को लेकर विरोध किया गया था। इसमें स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, जेप्टो जैसी कंपनियों के राइडर्स शामिल थे। हड़ताल के बाद इन प्लेटफॉर्म्स ने ब्रांडिंग से '10-मिनट डिलीवरी' का दावा हटा दिया। अब एप पर केवल 'मिनटों में डिलीवरी' जैसे शब्दों का उपयोग कर रहे हैं।

### 35 लाख ड्राइवर जुड़े हैं ओला-उबर से

ओला-उबर प्लेटफॉर्म पर देशभर में करीब 35 लाख ड्राइवर रजिस्टर हैं। इस हड़ताल से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में सबसे ज्यादा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। भोपाल में करीब 15 हजार गाड़ियां ओला-उबर से जुड़ी हैं, जबकि रैपिडो से लगभग 3 हजार बाइक रजिस्टर्ड हैं। तेलंगाना गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर न्यूनतम किराया तय करने की मांग की है।




**ड्राइवरों की मेहनत से कमाई कर रही कंपनियां**

एक आम आदमी पार्टी सांसद ने बातचीत में कहा कि स्विगी-जोमैटो डिलीवरी बॉय, ब्लिंकिट-जेप्टो राइडर और ओला-उबर ड्राइवरों की मेहनत से ही बड़ी कंपनियां कमाई कर रही हैं, लेकिन इस पूरे इकोसिस्टम में सबसे ज्यादा दबाव और शोषण गिग वर्कर्स पर है।

## बराक-मिशेल से माफी नहीं मांगूंगा : डोनाल्ड ट्रंप

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया से पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल का वीडियो डिलीट कर दिया है। इस वीडियो में ओबामा और उनकी पत्नी को जंगल में प्राइमेट्स (बंदर) के रूप में दिखाया गया था। हालांकि, ट्रम्प ने सफाई देते हुए माफी मांगने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने शुरुआत देखी, वो ठीक थी। स्टाफ ने वीडियो के अंतिम छोटे हिस्से को मिस कर दिया, जिसमें आपत्तिजनक सामग्री थी। जैसे ही उन्हें इसकी जानकारी हुई, वीडियो हटा दिया गया।

### भारत का ब्रेस्ट कैंसर रिपोर्ट कार्ड
## बढ़ता जोखिम और बड़ी चुनौतियां



भारत में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, खासकर ओरल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर। जाने-माने हीमैटोलॉजिस्ट और पद्मश्री सम्मानित डॉ. मम्मेन चांडी का कहना है कि लोगों का इन बीमारियों की चपेट में आने के मुख्य कारण हैं लोगों की लाइफस्टाइल, तंबाकू का इस्तेमाल, देर से बीमारी का पता लगना और इन्वायरमेंट फैक्टर्स हैं। डॉ. चांडी के अनुसार, यह बढ़ती प्रवृत्ति देश के लिए एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। भारत में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर (स्तन कैंसर) के मामलों में खतरनाक तेजी देखी जा रही है।

**चौंकाते हैं आंकड़े**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **2.00** लाख केस थे 2020 में ब्रेस्ट कैंसर के | **2.50** लाख हो चुके हैं 2025 तक | **13%** मामले पिछले 5 सालों में बढ़े | **40%** की दर से हो रही कैंसर से मौत |
| **11451** से अधिक पीड़ित हैं उत्तरप्रदेश में | **7265** से अधिक मामले महाराष्ट्र में | **6472** महिलाएं शिकार हैं प. बंगाल में | **5388** महिलाएं कर्नाटक की हुई शिकार |
| **5786** बिहार की महिलाएं हैं पीड़ित | **40%** दर हो ब्रेस्ट कैंसर से मौतें | **4.94%** ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर का अनुपात | **4.36%** शहरी क्षेत्र का अनुपात |

**इन राज्यों में सबसे ज्यादा मामले**

केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और दिल्ली में स्तन कैंसर का बोझ काफी अधिक है। उत्तर-पूर्वी राज्य मेघालय और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में स्तन कैंसर का बोझ कम है।

**सबसे तेज वृद्धिः** छत्तीसगढ़ में मामलों में सबसे तेज वृद्धि देखी गई है। यहां 41 से 50 वर्ष की महिलाएं अधिक शिकार हो रही हैं। **कारणः** खराब जीवनशैली मोटापा और पश्चिमी खान-पान।


**संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा**
**सतपुड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश**

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 7/2025-26/317** **भोपाल, दिनांक 3/1/2026**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र. की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल आनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से www.mptenders.gov.in (Department:- Directorate of Health Services) द्वारा निम्नानुसार निविदा प्रपत्र 'अ' फार्म में परसेंटेज बेसिस पर स. क्र. 1 से 6 तक अंकित टेण्डर तीन लिफाफा पद्धति से एवं स.क्र. 7 से 20 तक अंकित टेण्डर (17 से 20 तक द्वितीय आमंत्रण) दो लिफाफा पद्धति से प्रोजेक्ट डायरेक्टर पी.आई. यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युतीकरण हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है-

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना 7/2025-26**

| स. क्र. | टेण्डर आईडी | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रुपये लाख में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_DHS_477703_1 | जिला उज्जैन के सिविल अस्पताल माधवनगर में डिस्मेन्टलिंग, वॉल आईल्स, प्लास्टरिंग मरम्मत, शौचालय मरम्मत, वॉटर सप्लाई, सेनेट्री, वॉटर प्रूफिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य तथा विद्युतीकरण कार्य | 104.59 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2026_DHS_477703_2 | जिला नीमच अंतर्गत 14 स्वास्थ्य संस्थाओं (जिला चिकित्सालय में 2 कार्य, सिविल अस्पताल जावद, 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरन एवं सिगौली, 9 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र) में सिविल एवं विद्युत मरम्मत कार्य। | 141.20 | 09 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2026_DHS_477703_3 | जिला मंदसौर अंतर्गत 3 स्वास्थ्य संस्थाओं (जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल भानपुर, प्राथमिक स्वा केन्द्र अमलावद), जिला जिला चिकित्सालय मंदसौर, एवं जिला चिकित्सालय रतलाम में सिविल एंव विद्युत मरम्मत कार्य। | 105.90 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2026_DHS_477703_4 | जिला चिकित्सालय मुरैना अंतर्गत 4 कार्य :- (1) डिस्मेंटिलिंग, दरवाजे खिड़की, वॉल टाईल्स प्लास्टरिंग सेप्टीटेंक मरम्मत, शौचालय मरम्मत, वॉटर सप्लाई सेनेट्री, वॉटर प्रूफिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य तथा विद्युतीकरण कार्य। (2) आई.सी.यू. वार्ड में इमरजेंसी गेट का कार्य। (3) एस.एन.सी.यू. एरिया एवं अतिरिक्त विद्युत पावर पांइट का. कार्य। (4) जिला चिकित्सालय मुरैना में इलेक्ट्रिक्ल ऑडिट रिपोर्ट एवं अन्य विद्युतीय कार्य। | 106.93 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2026_DHS_477703_5 | जिला शहडोल अंतर्गत 3 स्वास्थ्य संस्थाओं (जिला चिकित्सालय शहडोल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिंहपुर एवं गौहपारू) में सिविल एंव विद्युत मरम्मत कार्य। | 101.71 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2026_DHS_477703_6 | जिला सतना अंतर्गत 2 संस्थाओं (नर्सिंग कॉलेज एवं नर्सिंग हॉस्टल) में ऐल्यूमिनियम पार्टीशन, वुडन कार्य कार्य, प्लास्टर, शौचालय मरम्मत, टाईल्स, सेनेटरी, दरवाजे-खिड़कियां, रंगाई-पुताई वॉटर प्रुफिंग, विद्युतीकरण के मरम्मत एवं अन्य मरम्मत के कार्य। | 142.42 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2026_DHS_477705_1 | जिला चिकित्सालय बालाघाट में मेडिकल वार्ड, एन. आर. सी. सर्जिकल वार्ड, ओ.टी., ओ.पी.डी. 1 एवं सेन्ट्रल लेब में मरम्मत कार्य। | 39.48 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2026_DHS_477705_2 | जिला मण्डला अंतर्गत 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनों (महाराजपुर, रामेहपुर एवं सुरहेली), में सिविल एवं विद्युत मरम्मत कार्य। | 57.33 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2026_DHS_477705_3 | जिला चिकित्सालय सिवनी अंतर्गत 2 कार्यः- (1) जिला चिकित्सालय सिवनी आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण रखरखाव कार्य सहित (2) जिला चिकित्सालय सिवनी के विभिन्न वार्डो रंगाई पुताई, वाटर प्रूफिंग, वॉल टाईल्स, फ्लोर टाईल्स, मच्छर जाली, तार फैन्सींग, सेनेट्री एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 70.06 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 2026_DHS_477705_4 | जिला बुरहानपुर धुलकोट एन. आर. सी. में वाटर सप्लाय, वाटर प्रुफिंग, रंगाई पुताई, सेनेट्री, विद्युत मरम्मत एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 6.54 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 11 | 2026_DHS_477705_5 | जिला चिकित्सालय शिवपुरी में ट्रामा सेन्टर व गायनिक ओटी में सेन्ट्रल ऑक्सीजन पाईप लाईन को ऑक्सीजन प्लांट से जोड़ने का कार्य। | 13.27 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 12 | 2026_DHS_477705_6 | जिला भोपाल अंतर्गत 4 कार्यः- (1) जय प्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल के लॉण्ड्री रूम तक विद्युत सप्लाय हेतु केबल कार्य । (2) जय प्रकाश जिला चिकित्सालय भोपाल के ए ब्लॉक एवं बी ब्लॉक में ग्रेडिंग, वाटर प्रूफिंग रंगाई पुताई एवं अन्य मरम्मत कार्य । (3) जय प्रकाश चिकित्सालय जिला भोपाल में वाटर प्रूफिंग रंगाई-पुताई एवं टॉयलेट मरममत कार्य । (4) क्षेत्रीय संचालक कार्यालय कमला पार्क भोपाल में ग्रेडिंग, वाटर प्रुफिंग, फ्लोर टाईल्स, दरवाजे खिड़की, सेनेटरी एवं अन्य मरम्मत कार्य। | 89.90 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 13 | 2026_DHS_477705_7 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तिलावाद मैना ब्लॉक कालापीपल जिला शाजापुर में मरम्मत कार्य । | 9.30 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 14 | 2026_DHS_477705_8 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरणगांव ब्लॉक खातेगांव जिला देवास में नलकूप खनन, वाटर सप्लाय का कार्य। | 2.73 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 15 | 2026_DHS_477705_9 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवकुशनगर जिला छतरपुर में नवीन पोस्टमार्टम भवन का निर्माण कार्य। | 22.53 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 16 | 2026_DHS_477705_10 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बक्सवाह जिला छतरपुर में नवीन पोस्टमार्टम भवन का निर्माण कार्य। | 22.53 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 17 | 2026_DHS_477705_11 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिछिया जिला मण्डला में पोस्टमार्टम भवन का निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण) | 22.53 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 18 | 2026_DHS_477705_12 | जिला रीवा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हनुमना एवं पोस्ट मार्टम भवन परिसर में वेटिंग शेड का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 16.82 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 19 | 2026_DHS_477705_13 | जिला ग्वालियर के आर.जे.डी. कार्यालय के ऑफिस हॉल एवं एन. एच. एम. हॉल में विद्युत मरम्मत कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 5.84 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 20 | 2026_DHS_477705_14 | **जिला चिकित्सालय गुना में निम्नानुसार 3 कार्यः-** 1) 02 लिफ्टों को एक फ्लोर अतिरिक्त बढ़ाने हेतु सिविल एवं विद्युत कार्य । 2 ) 01 लिफ्ट ट्रायो की मरम्मत एवं एक फ्लोर अतिरिक्त बढ़ाने का कार्य। 3 ) 01 लिफ्ट SCHINDLER की मरम्मत एवं एक फ्लोर अतिरिक्त बढाने का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 25.03 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | **योग** | **1106.64** | |

उपरोक्त निविदा वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 23/02/2026 सायं 05:30 बजे निर्धारित है। धरोहर राशि संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश के पक्ष में देय हो मूलतः एवं अन्य अभिलेख कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन द्वितीय तल भोपाल में दिनांक 23/02/2026 सायं 05:30 बजे तक प्राप्त किये जावेंगे। तकनीकी एवं वित्तीय आफर निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के कार्यालय में खोली जायेंगी ।

विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किये जायेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा**
**भोपाल, (म.प्र.)**

जी-25433/25

बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल


## पीएम मोदी को रिसीव करने पहुंचे मलेशियाई प्रधानमंत्री

### बोले- यह उनका भारतीयों के लिए प्रेम



**कुआलालंपुर, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 8 साल बाद दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंचे। उन्हें मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने एयरपोर्ट पर अपनी कार से रिसीव किया। इसके बाद पीएम मोदी कुआलालंपुर में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम खुद एयरपोर्ट पर मेरा स्वागत करने आए। वे मुझे अपनी कार से यहां लाए। इतना ही नहीं, उन्होंने मुझे अपनी सीट पर भी बैठाया। उन्होंने कहा, यह खास सम्मान भारत और भारतीय समुदाय के प्रति उनके प्यार और सम्मान को दिखाता है। भारत जल्द यहां अपना पमेंट सिस्टम यूपीआई लॉन्च करेगा। मोदी ने कहा- पिछले साल मैं आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सका था, लेकिन मैंने अपने दोस्त से वादा किया था कि मैं जल्द मलेशिया आऊंगा। आज मैं अपना वादा निभाने आया हूं। साल 2026 में यह मेरी पहली विदेश यात्रा है।

### एपस्टीन फाइल्सः नए खुलासे
## अनिल की चैट आई सामने, जैफ्री ने की थी स्वीडिश महिला की पेशकश

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उसमें अनिल अंबानी से जुड़े नए खुलासे सामने आए हैं। ये दस्तावेज एपस्टीन और उद्योगपति अनिल अंबानी के बीच 2017 से 2019 के दौरान हुई बातचीत से जुड़े हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें कारोबार, वैश्विक मामलों और महिलाओं को लेकर चर्चा हुई। 9 मार्च 2017 की बातचीत में अनिल ने एपस्टीन से पूछा- क्या सुझाव है? इस पर एपस्टीन ने लिखा- मुलाकात 'मजेदार' बनाने के लिए 'लंबी स्वीडिश ब्लॉन्ड महिला' बेहतर होगी। इसके बाद अंबानी ने जवाब दिया, 'इसे अरेंज करो।' बातचीत तब की है। यह बातचीत उस समय की है, जब एप्सटीन को पहले ही 2008 में नाबालिगों से जुड़े यौन आपराध के मामले में सजा मिल चुकी थी।



### आपकी फेवरेट हीरोइन कौन?

चैट्स में डोनाल्ड ट्रम्प और हॉलीवुड से जुड़े संदर्भ भी हैं। एक बातचीत में एपस्टीन ने पसंदीदा महिला पर सवाल किया, जिस पर अंबानी ने हॉलीवुड अभिनेत्री स्कारलेट जोहानसन का जिक्र किया। तब रिलायंस एंटरटेनमेंट उनकी फिल्म 'घोस्ट इन द शेल' की सह-निर्माता थी। इसी अवधि में एपस्टीन ने अंबानी परिवार से जुड़ी किताबें मंगवाई थीं। ब्लूमबर्ग के मुताबिक अनिल अंबानी के प्रतिनिधि ने इस मामले पर किसी टिप्पणी से इनकार किया। अनिल अंबानी अनिल अंबानी रिलायंस एडीए ग्रुप के चेयरमैन हैं। साल 2008 में उनकी संपत्ति करीब 42 अरब डॉलर आंकी गई थी। उस समय फोर्ब्स की अमीरों की सूची में उनका छठा स्थान था। अंबानी के अलावा भी कई भारतीय और भारतीय मूल के सेलिब्रिटी एपस्टीन के संपर्क में थे।

## डीडीजीएस और सोयाबीन तेल पर शुल्क कटौती से घरेलू उद्योगों की बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत और अमेरिका के बीच घोषित अंतरिम व्यापार समझौते के तहत भारत ने कई कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क घटाने या समाप्त करने पर सहमति जताई है। इस सूची में ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु आहार में इस्तेमाल होने वाला रेड सोरघम, ट्री नट्स, ताजे व प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन तेल, वाइन और स्पिरिट्स समेत कुछ अन्य उत्पाद शामिल हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़े बताते हैं कि इस समझौते से पहले ही अमेरिका से भारत में कृषि आयात तेज़ी से बढ़ रहा था। कैलेंडर वर्ष 2024 में अमेरिका ने भारत को करीब 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद निर्यात किए।



### फार्मा से ऑटो लेकर रत्न, हीरे और डिजिटल बाजार में बढ़ेगी चमक

भारतीय जेनरिक दवाओं और फार्मा सामग्री को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी। अमेरिका की समीक्षा के बाद भारतीय दवा कंपनियों के निर्यात को सुनिश्चित करने के लिए शुल्क में रियायत दी जाएगी। भारत से अमेरिका में फार्मास्युटिकल निर्यात सालाना लगभग 9.78अरब डॉलर का है। शुल्क में कटौती से भारतीय दवाओं की प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। अमेरिका भारत से आयातित रत्न और गहनों पर शुल्क घटा रहा है। इससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में लाभ मिलेगा।

**48 लाख कच्चा सोयाबीन तेल आयात हुआ**

खाद्य तेलों के मोर्चे पर भी स्थिति कुछ ऐसी ही रही। सोयाबीन तेल पर कच्चे रूप में लगभग 27.5 फीसदी और रिफाइंड किस्म पर करीब 36 फीसदी आयात शुल्क लगता है। इसके बावजूद 2024-25 के खाद्य तेल वर्ष में भारत ने करीब 48 लाख टन कच्चा सोयाबीन तेल आयात किया।


वर्गीकृत




**अण्डा**

BHOPAL EGG RATE 510/-
Rate Suggested by RS Agro P.I.P.L. and Associated Poultry farmers.

**सलाह**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई करने से पूर्व आवश्यक/सम्पूर्ण जानकारी कर लेवें। यह समाचार पत्र विज्ञापनदाता द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतीकरण के लिए जिम्मेदार नहीं है। -व्यवस्थापक

### बंधा कोल ब्लॉक विस्थापन पर ग्रामीणों का विरोध

**जागरण, सिंगरौली।** बंधा कोल ब्लॉक में प्रस्तावित कोयला परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों ने शनिवार को कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मांग रखी कि जब तक उन्हें भूमि और मकानों का पूरा मुआवजा नहीं मिलता, तब तक क्षेत्र में पेड़-पौधों की कटाई रोकी जाए। तेंदुहा गांव के सरपंच छोटेलाल मरावी और विस्थापित नेता बृजेश तिवारी के नेतृत्व में कई ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे।

### शावकों के साथ जंगल लौटी मादा भालू

**जागरण, अनूपपुर।** जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत आमाडांड ग्राम पंचायत भवन के पास एक खंडहरनुमा मकान में दो शावकों को जन्म देने वाली मादा भालू अब अपने बच्चों के साथ जंगल लौट गई है। लगभग 30 दिन पहले इस मादा भालू ने यहां शावकों को जन्म दिया था। संभावना है कि मादा भालू ने शुक्रवार रात को यह खंडहरनुमा मकान छोड़ा। इसके बाद भालू और उसके बच्चों की निगरानी में लगे वन विभाग के सुरक्षाकर्मी वापस लौट गए।






### "ट्वीट ऑफ द डे"



अखिलेश यादव
सपा अध्यक्ष

भाजपा हमेशा से ये षड्यंत्र करती है कि वो किसी समाज के कुछ लोगों का दुरुपयोग, उसी समाज के खिलाफ करती है। इससे वो किसी समाज विशेष को लक्षित, चिन्हित, टारगेट करके अपमानित करती है। भाजपा कभी ये काम बयानबाजी से करती और कभी नोटिस देकर।

## संक्षिप्त खबरें

### धन की बारिश का झांसा देकर चार लाख ऐंठे

**जागरण, बड़वानी।** शहर के पाटी नाका क्षेत्र में घर में धन की बारिश कराने झांसा देकर युवक से चार लाख रुपए ठग लिए। धर्मांतरण का दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी आसिफ शेख को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की। पुलिस के अनुसार, पीड़ित की पहचान आरोपी से पाटी नाका क्षेत्र में हुई थी। आरोपी ने खुद को तांत्रिक क्रियाओं में माहिर बताते हुए काले जादू से घर में धन-वर्षा कराने और जीवन की परेशानियां दूर करने का भरोसा दिलाया। आरोपी की बातों में आकर पीड़ित ने अलग-अलग समय पर नकद और ऑनलाइन माध्यम से कुल करीब 4 लाख रुपए उसे दिए। शिकायत में बताया कि आरोपी ने तांत्रिक प्रक्रिया के नाम पर कुछ कपड़े में बांधकर घर में रखने और बाद में नर्मदा नदी में बहाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही दिल्ली से आए कुछ कागजात भी नदी किनारे जलवाए। आरोपी ने इन सभी गतिविधियों को विशेष साधना का हिस्सा बताया था।

### विवाद के बाद होमगार्ड सैनिक ने युवक को पीटा



**जागरण, सिवनी।** जिले में होमगार्ड सैनिक पर मारपीट का आरोप लगा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हंगामा मच गया। दरअसल घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, मरझोर इलाके में होमगार्ड सैनिक सुनील डेहरिया का एक युवक से मारपीट करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पूरी घटना शुक्रवार रात की है। बताया जा रहा है कि पीड़ित शानू सनोड़िया का होमगार्ड सैनिक के बेटे के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, इसी रंजिश के चलते मारपीट की घटना हुई। फिलहाल पीड़ित ने थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सरकार ने घटाई सूचना आयुक्तों की संख्या, अब 10 की जगह छह होंगे

## अधिसूचना जारी: तीन रिक्त पदों पर नियुक्ति की तैयारी, सुप्रीम कोर्ट ने की थी तल्ख टिप्पणी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने राज्य सूचना आयोग में सूचना आयुक्तों की संख्या घटा दी है। आयोग में अब तक एक मुख्य सूचना आयुक्त के अलावा सूचना आयुक्त के 10 पद स्वीकृत थे। हालांकि इन सभी पदों को एक साथ कभी नहीं भरा गया। अब प्रदेश सरकार ने आयोग में अधिकतम सूचना आयुक्तों की संख्या 6 तय कर दी है। इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है। प्रदेश में फिलहाल तीन सूचना आयुक्त पदस्थ हैं, ऐसे में अब केवल तीन और पदों पर ही नियुक्ति होगी। इस पद पर न्यायपालिका के रिटायर जज, अखिल भारतीय सेवाओं के रिटायर अफसर, शिक्षाविद, पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्रों के जानकारों का चयन किया जाता है। जनवरी माह में सुप्रीम कोर्ट ने भी सूचना आयुक्तों के पद न भरे होने पर तल्ख टिप्पणी की थी। प्रदेश में सूचना के अधिकार की फिलहाल लगभग 24 हजार अपीलें लंबित हैं।

राज्य सूचना आयुक्त के पद के लिए कई दावेदार अभी भी मैदान में हैं। इनमें से कुछ रिटायर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अफसरों के साथ जजों के नाम भी लिस्ट में हैं। इसके अलावा सामाजिक क्षेत्रों में काम करने वालों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों और पत्रकारिता से जुड़े नाम भी सूचना आयुक्त बनने की कतार में थे। पहले माना जा रहा था कि आयोग में सात रिक्त पदों पर इनमें से योग्य आवेदकों का चयन कर उन्हें नियुक्ति दी जाएगी, लेकिन अब पदों की संख्या कम होने के बाद केवल तीन नाम ही फाइनल होंगे। ऐसे में सरकार के लिए सूचना आयुक्त के तीन पदों पर चयन मुश्किल भरा होगा। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के पास तीन पदों पर नियुक्ति के लिए कुल 219 आवेदन आए हैं।




### अधिकतम पांच साल का कार्यकाल

सूचना का अधिकार अधिनियम 2019 के अनुसार राज्य सूचना आयुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) होता है। वे दोबारा नियुक्ति के पात्र नहीं होते हैं, लेकिन सूचना आयुक्त को मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, बशर्ते कुल कार्यकाल 5 वर्ष से अधिक न हो। इनकी नियुक्ति एक समिति के जरिए की जाती है जिसमें मुख्यमंत्री, प्रदेश सरकार का एक मंत्री और नेता प्रतिपक्ष सदस्य होते हैं। इनकी नियुक्ति की अधिसूचना राज्यपाल द्वारा की जाती है। केंद्र द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार राज्य सूचना आयुक्त का वेतन राज्य के मुख्य सचिव के बराबर होता है। इसके अलावा सूचना आयुक्त को राज्यपाल द्वारा तभी पद से हटाया जा सकता है यदि कोई कदाचार या अक्षमता सिद्ध हो जाए। सूचना आयोग से जुड़े एक जानकार के अनुसार सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर यह साफ कर दिया है कि अब आयोग में छह ही सूचना आयुक्त होंगे। हालांकि आवश्यकता होने पर इन पदों में बाद में इजाफा किया जा सकता है।

### मुख्य सूचना आयुक्त और 3 सूचना आयुक्त के भरोसे चल रहा काम

- **विजय यादव** - रिटायर आईपीएस हैं। बालाघाट के मूल निवासी, पुलिस में कई अहम पदों की जिम्मेदारी निभाई। तीन बार राष्ट्रपति के शौर्य पदक से सम्मानित, सितंबर 2024 में राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त बने।
- **डॉ. वंदना गांधी** - भोपाल निवासी शिक्षाविद, लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी रहीं। सितंबर 2024 से राज्य सूचना आयुक्त हैं।
- **ओंकार नाथ** - प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद से रिटायर। भोपाल के मूल निवासी, हाईकोर्ट जबलपुर में रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल के पद पर भी रहे। सितंबर 2024 में राज्य सूचना आयुक्त बने।
- **डॉ. उमाशंकर पचौरी** - मूल रूप से ग्वालियर निवासी, कॉलेज में ढाई दशक तक अध्यापन का अनुभव, कई विवि में गवर्निंग बॉडी के सदस्य और कॉलेजों में जनभागीदारी अध्यक्ष रहे। सितंबर में राज्य सूचना आयुक्त के तौर पर नियुक्ति।

**इटारसी में हादसा :** अनियंत्रित कार नहर में गिरी

# तीन की मौत, घंटों संघर्ष के बाद भी नहीं बची जान



लकी पटेल (उम्र- 30) अभय चौहान (उम्र-19) अभय तिवारी (उम-22)

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिले में एक हृदय विदारक सड़क हादसा हुआ। एक अनियंत्रित कार नहर में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार सवार तीन युवकों की डूबने और दम घुटने से दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय पुलिस और प्रशासन सहित एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। पथरौटा थाना प्रभारी संजीव पवार ने बताया कि पानी के तेज बहाव के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। नर्मदापुरम से आई एसडीआरएफ की टीम ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से कार को पानी से बाहर निकाला। जब कार के दरवाजे खोले गए, तो उसमें सवार तीनों युवक मृत पाए गए।

### जिंदगी के लिए किया आखिरी संघर्ष

एसडीआरएफ की प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित ने बताया कि कार के भीतर के हालात युवकों द्वारा किए गए कड़े संघर्ष की गवाही दे रहे थे। कार के कांच पर उन्हें तोड़ने की कोशिश के निशान मिले हैं। संभवतः पानी के भारी दबाव या सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम के फंस जाने के कारण वे बाहर निकलने में असफल रहे और अंततः दम घुटने से उनकी मौत हो गई। हादसे में शिवम तिवारी पिता महेश तिवारी, निवासी छीरपानी, पथरोटा, लक्की पटेल पिता भवानी शंकर पटेल, निवासी रैसलपुर और अभय चौहान पिता राजेश चौहान की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर है।

### पुराने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की कवायद

## रॉयल मार्केट पर रोटरी बनाकर हटाई, तीन मोहरा से बैरीकेटिंग



**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** नवागत पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने शुक्रवार रात पुराने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक सुधारने को लेकर अहम निर्देश दिए। ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए शनिवार को कवायद शुरू की गई। रॉयल मार्केट तिराहे पर करीब 10 कोन्स की मदद से रोटरी बनाई। वैकल्पिक यह रोटरी दो घंटे तक चलाई गई, लेकिन लोग रोटरी का पालन न कर इसका वायलेशन कर रहे थे। यह देखकर ट्रैफिक और पुलिस के अधिकारियों ने उस हटा दिया। ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए तीन मोहरा से रॉयल मार्केट तक स्टॉपर से बैरीकेटिंग कर डिवाइडर बनाया। वहीं तीन मोहरा से भवानी चौक जाने वाले ट्रैफिक के लिए लेफ्ट टर्न खोला। इसके अलावा हमीदिया के पूर्वी गेट से रॉयल मार्केट की ओर आने वाले ट्रैफिक के लिए स्टॉपर रखकर लेन बनाई, जिससे यह ट्रैफिक अपनी लेन से निकले। रॉयल मार्केट की तरफ आने के लिए तीन थानों की सीमा लगती है। इसलिए इन प्वाइंट्स पर थाना कोतवाली, शाहजहांनाबाद और कोहेफिजा का बल तैनात रहेगा, जो ट्रैफिक को निकालने में मदद करेगा। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए फिलहाल यह वैकल्पिक उपाय किए गए हैं। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-03 शालिनी दीक्षित, सहायक पुलिस आयुक्त शाहजहांनाबाद अनिल वाजपेयी, थाना प्रभारी थाना शाहजहांनाबाद निरीक्षक उमेश पाल सिंह चौहान, थाना प्रभारी कोतवाली काशीराम कुशवाह, थाना प्रभारी कोहेफिजा कृष्णगोपाल शुक्ला मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने हड़पी 3.5 करोड़ की सरकारी जमीन

## तहसीलदार के साथ मिलकर धोखाधड़ी, स्कूल की जमीन पर तान दिया अस्पताल, दोनों के खिलाफ एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** जबलपुर में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने ऐसे मामले का भंडाफोड़ किया है जिसमें एक सोसायटी के चेयरमैन ने तत्कालीन तहसीलदार के साथ मिलकर नगर निगम की 3.5 करोड़ रुपए की बेशकीमती जमीन हड़प ली। अब जांच एजेंसी ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला जॉय एजुकेशन सोसायटी जबलपुर का है। सोसायटी के चेयरमैन अखिलेश मेबन ने बच्चों की शिक्षा के लिए जबलपुर नगर निगम से 7500 वर्ग फुट जमीन रियायती दर पर लीज पर ली थी। इस दौरान निगम की शर्त थी कि इस जमीन पर केवल स्कूल ही बनाया जाएगा। इस जमीन की लीज 2020 में खत्म होने के बाद इसकी रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा कर चेयरमैन के नाम पर कर दी गई। इसके बाद इस स्कूल की जगह पर आलीशान अस्पताल खड़ा कर दिया गया।



### तहसीलदार ने मेबन को बना दिया जमीन का मालिक

इस पूरे खेल के असली खिलाड़ी तत्कालीन जबलपुर तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे निकले। आरोप है कि चेयरमैन मेबन ने तहसीलदार धुर्वे के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा। बिना किसी कानूनी दस्तावेज और बिना नगर निगम की अनुमति के तहसीलदार ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए सरकारी लीज की जमीन का मालिकाना हक सीधे अखिलेश मेबन के नाम कर दिया। ऐसे में जिस सरकारी जमीन पर स्कूल बनना था, उसे निजी संपत्ति बना दिया गया। शिकायतकर्ता राजकुमार की शिकायत पर ईओडब्ल्यू ने पड़ताल की तो परत दर परत भ्रष्टाचार की कहानी सामने आ गई। अखिलेश मेबन और तत्कालीन तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे के खिलाफ बीएनएस की धारा विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 सी के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यू की रिपोर्ट में दावा, भारत ने बदली नीति

## शांतिकाल में भी मिसाइलों में लगाकर रखेगा परमाणु बम

**स्टॉकहोम, जेएनएन।** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट यानि एसआईपीआरआई -2025 की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत ने परमाणु हथियारों को लेकर पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। सिप्री ने ये रिपोर्ट 6 फरवरी को जारी की है, जिसमें दुनिया के अलग-अलग देशों के परमाणु हथियारों को लेकर जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत शांति के समय परमाणु हथियारों को तैनात लॉन्चर से अलग रखता था, लेकिन भारत मिसाइलों को कैनिस्टर में रख रहा है और समुद्र-आधारित डेटरेंस पेट्रोलिंग कर रहा है, जिससे पता चलता है कि भारत, शांति के समय अपने कुछ हथियारों को उनके लॉन्चर के साथ जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। भारत को लेकर ये बहुत बड़ा दावा है क्योंकि नई दिल्ली की नीति परमाणु हथियारों को लेकर नो फर्स्ट यूज की रही है।

### टू फ्रंट वॉर का खतरा बढ़ा

रिपोर्ट सही है तो मतलब ये हुआ कि कुछ सालों में, जिस तरह से चीन व पाकिस्तान के खिलाफ टू फ्रंट वॉर का खतरा बढ़ा है, उसने भारत के नीति निर्माताओं को पॉलिसी में बदलाव के लिए मजबूर किया है। भारत कुछ सालों में गलवान में चीन के साथ और दो बार पाकिस्तान के साथ करीब करीब युद्ध की स्थिति में फंस चुका है।

### जीवाजी विवि में फिर सामने आया रैगिंग का मामला

**जागरण, ग्वालियर।** जीवाजी विवि ग्वालियर के आर्यभट्ट हॉस्टल में रैगिंग का एक और मामला सामने आया है। बी फार्मेसी चतुर्थ वर्ष के छात्र आशुतोष मरावी ने सहपाठी छात्रों पर रैगिंग, मारपीट और नशा करने दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। छात्र ने कुलसचिव और छात्र कल्याण अधिष्ठाता को लिखित शिकायत दी है। आशुतोष का आरोप है कि फार्मेसी तृतीय और चतुर्थ वर्ष के छात्र सौरभ गुर्जर और अनंत प्रताप सिंह लगातार उसका मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। मना करने पर मारपीट की धमकी दी जाती है और कमरे में घुसकर मारपीट भी की गई। छात्र ने जबरन ऑडियो रिकॉर्डिंग किए जाने का भी आरोप लगाया है। आर्यभट्ट हॉस्टल में पिछले 15 दिनों में रैगिंग की यह तीसरी शिकायत है। इससे पहले दो मामलों में यूजीसी, कुलगुरु और कुलसचिव से शिकायत की जा चुकी है।

**योजना** इंदौर में नदी के 50 फीट नीचे सफर, 100 फीट का हिस्सा सबसे खास

# कान्ह नदी के नीचे मेट्रो के लिए बनेगी सुरंग

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में 31 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर रूट में 100 फीट का हिस्सा कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगा। पूरे रूट में यही एक हिस्सा होगा, जहां मेट्रो ट्रेन नदी के 50 फीट नीचे से गुजरेगी। इसके लिए काम भी शुरू हो चुका है। शहर के शिवाजी मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग के पीछे इसकी खुदाई की जा रही है। इस कार्य के लिए मल्टीलेवल पार्किंग के कुछ हिस्से को तोड़ा गया है। इसी भाग से मेट्रो ट्रेन पार होकर राजवाड़ा की तरफ जाएगी। पहले राजवाड़ा पर एक स्टेशन बनना था, लेकिन पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन की आपत्ति के बाद अब मेट्रो स्टेशन सदर बाजार क्षेत्र में बनाया जा रहा है। नदी के नीचे मेट्रो रूट रामबाग ब्रिज से फुट ओवर ब्रिज के बीच से होकर राजवाड़ा क्षेत्र की तरफ जाएगा। एयरपोर्ट वाले हिस्से में भी मेट्रो कंपनी काम शुरू कर सकती है। फिलहाल अफसरों का फोकस 17 किलोमीटर लंबे प्रायोरिटी कॉरिडोर पर है। इस हिस्से में ट्रायल रन हो चुका है और मेट्रो का संचालन अगले माह तक शुरू होने की संभावना है। बंगाली चौराहा से राजवाड़ा तक के रूट को लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच भी सहमति बन गई है।

### 29 में से आठ स्टेशन अंडरग्राउंड



पहले चरण में 31 किलोमीटर तक के रूट का निर्माण होगा। कुल 29 स्टेशन बनाए जा रहे है, जिसमें एक सामान्य स्टेशन के निर्माण पर लगभग 58 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन 29 स्टेशनों में आठ अंडरग्राउंड स्टेशन भी शामिल हैं, जिनके निर्माण की लागत 150 करोड़ रुपए से ज्यादा होगी। गांधी नगर डिपो से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो का रूट तैयार हो चुका है।

### एयरपोर्ट के समीप बनेगी टनल

कान्ह नदी के अलावा एयरपोर्ट के समीप भी मेट्रो रूट के लिए अंडरग्राउंड टनल बनेगी। इससे एयरपोर्ट के यात्रियों को सफर के लिए परिसर से बाहर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एयरपोर्ट परिसर से 200 मीटर दूर मेट्रो स्टेशन बनेगा और अंडरग्राउंड टनल के जरिए यात्री स्टेशन तक जा सकेंगे। मेट्रो स्टेशन बिजासन मंदिर जाने वाली सड़क के करीब बनेगा। एयरपोर्ट के आगमन और निर्गम गेट के सामने वाले हिस्से में एस्केलेटर लगाए जाएंगे, जो यात्रियों को सीधे मेट्रो स्टेशन की टनल तक पहुंचाएंगे। इसका काम भी शुरू हो चुका है।

# भोपाल में हल्का कोहरा, शहडोल व कटनी में शीत लहर, 9 को फिर बदल सकता है मौसम

**नगर संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में शनिवार को हल्का कोहरा रहा। सुबह के समय आसमान में हल्के कोहरे के कारण ठंड महसूस हुई। वहीं दोपहर बाद तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोतरी हुई और गर्मी का एहसास हुआ। मौसम बुलेटिन के मुताबिक मध्य प्रदेश के दो जिलों में शीत लहर चली। इसमें शहडोल जिले का कल्याणपुर और कटनी जिले का कारोन्दी कस्बा शामिल है। प्रदेश के कई शहरों में बीती रात तापमान में गिरावट दर्ज की गई। 11 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। उमरिया सबसे ठंडा शहर रहा, जहां पारा गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। भोपाल, इंदौर और ग्वालियर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि जबलपुर में 10.8 डिग्री और उज्जैन में 13 डिग्री सेल्सियस रहा।



मौसम विभाग के अनुसार, उमरिया के बाद रीवा दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री दर्ज किया गया। खजुराहो में भी 7.4 डिग्री, मंडला में 7.9 डिग्री, नौगांव में 8.8 डिग्री, सतना में 8.9 डिग्री, राजगढ़ और शिवपुरी में 9 डिग्री, पचमढ़ी में 9.4 डिग्री तथा दमोह और मलाजखंड में 9.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में घने कोहरे का खास असर नहीं देखा गया। शनिवार सुबह भोपाल, उज्जैन, इंदौर, राजगढ़, रतलाम, मंडला, सतना समेत करीब 10 जिलों में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया, जिससे सुबह के समय हल्की ठंड और दृश्यता में कमी महसूस की गई।

### अगले 2 दिन ऐसा रहेगा मौसम

**8 फरवरी-** हल्का कोहरा रहेगा। बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन ठंड का असर बढ़ा हुआ रहेगा।
**9 फरवरी-** कई जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। इस दिन बारिश का अलर्ट नहीं है।

### नए सिस्टम का असर देखने को मिलेगा

पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 8 फरवरी से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर फिर से प्रदेश में देखने को मिलेगा। 10 फरवरी से मावठा गिरने का अनुमान है। यानी, अगले 4 दिन तक तो प्रदेश में बारिश या ओले गिरने का अनुमान नहीं है।


मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,**
संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।